**ईरोड़.** श्री माहेश्वरी सभा ट्रस्ट के द्विवार्षिक चुनाव (2019-2021) नवनिर्मित माहेश्वरी भवन में महेश नवमी के पावन अवसर पर भगवान महेश की पूजा-अर्चना के बाद संपन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी नंदलाल लाहोटी ने सफल व सुचारु चुनाव कराए। इसमें अध्यक्ष अशोककुमार चांडक, सचिव राधामोहन लाहोटी, कोषाध्यक्ष हरिकिशन भैया निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न



**महू.** श्री माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा गत 2 जून को निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर सेंटर फॉर साइड एवं एप्पल हास्पिटल इंदौर के सहयोग से माहेश्वरी विद्यालय में आयोजित किया गया। इसका लाभ महू शहर के 300 से अधिक लोगों ने लिया। शिविर में आंखों की कम्प्यूटर द्वारा बायनाक्लूर डिस्टेंस विजन टेस्ट, मस्क्यूलर, बैलेंस टेस्ट, जनरल आई टेस्ट, ईसीजी, ब्लडप्रेशर, शुगर आदि जांच की गई। शिविर का उद्घाटन समाज के पंचों द्वारा किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमा सोढानी द्वारा की गई। कार्यक्रम में संगीता सोढानी, रजनी सोढानी, सीता चिचाणी, संगीता लड्ढा, किरण माहेश्वरी, पद्मा सोढानी, आशा सोढानी आदि उपस्थित थीं।

## खींवसर में आदित्य बिड़ला केंद्र की बैठक

**खींवसर (जिला नागौर).** श्री आदित्य विक्रम बिड़ला मेमोरियल व्यापार सहयोग केंद्र सदस्यों की वार्षिक साधारण सभा श्री संकटमोचन धाम, लालावास हनुमान मंदिर, खींवसर, जिला-नागौर (राजस्थान) में आगामी 14 अगस्त 2019 को सुनिश्चित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए महामंत्री कस्तूरंचद बाहेती ने बताया कि उद्देश्यों के अनुरूप सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हुए सभी के सहयोग से केंद्र इस वर्ष स्थापना के 20 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 15 अगस्त को पद्मभूषण श्रीमती राजश्री बिरला की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया जाएगा। श्री बाहेती ने समस्त सदस्यों से इस अवसर पर उपस्थित होने की अपील की।

# महेश नवमी की हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएँ



## बजरंगलाल बाहेती

चेयरमेन

''अभिनंदन'' श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन-जयपुर

| | | |
|---|---|---|
| ट्रस्टी एवं अध्यक्ष | : | श्री गिरीराज धरण माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, गोवर्धन (उ.प्र.) |
| ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष | : | अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, द्वारिका (गुजरात) |
| ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष | : | अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, जगन्नाथपुरी (उड़ीसा) |
| ट्रस्टी | : | श्री राम शंकर गोशाला,छापर (चुरु) |
| ट्रस्टी | : | श्री माहेश्वरी भवन छापर (चारु) |
| संरक्षक | : | महेश हास्पिटल, जयपुर |
| ट्रस्टी | : | शेखावटी विकास परिषद, जयपुर |
| पूर्व उपाध्यक्ष | : | उत्सव माहेश्वरी भवन, जयपुर |
| भूतपूर्व शिक्षा सचिव | : | माहेश्वरी समाज, जयपुर (2002-12) |
| कार्यकारिणी सदस्य | : | माहेश्वरी समाज, जयपुर |
| माहेश्वरी बोर्ड (मुखपत्र) कार्यकारी मण्डल सदस्य | : | अ.भा. माहेश्वरी महासभा |
| कोषाध्यक्ष | : | जयपुर जिला माहेश्वरी सभा |
| अध्यक्ष | : | सुजानगढ़ तहसील नागरिक परिषद, जयपुर |

## बाहेती जेम्स एण्ड ज्वेल्स (प्रा.) लिमिटेड

''गोकुल धाम'', 2030, पिटलियों का चौक, जोहरी बाजार,
जयपुर (राज.) 302003
दूरभाष : 0141-2570415/75, मो: 098290-79200
ई-मेल : bajrang@baheti.in

निवास : सी-1/401-402, कमल अपार्टमेंट-1, बनी पार्क, जयपुर (राज.) 302006

## अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का समापन



**भीलवाड़ा.** महेश पब्लिक स्कूल छापरी (महेश प्रगति संस्थान) द्वारा आयोजित 11 दिवसीय कला अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह गत 6 जून को रिलायंस मॉल चित्तौड़ रोड पर आयोजित हुआ। शिविर में 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया व लगभग 20 तरह की एक्टिविटीज का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित शीर्ष प्रतिभाओं का अतिथियों ने सम्मान किया। इस अवसर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। नवनिर्वाचित सांसद सुभाष बहेड़िया का संस्थान सदस्यों द्वारा अभिनंदन व सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि आयकर अधिकारी महेश मालानी, संस्थान के मुख्य संरक्षक लादूलाल बांगड़, श्रीगोपाल राठी व अध्यक्ष सत्यनारायण डाड थे। ओमप्रकाश कालिया, केजी तोषनीवाल, कंवरलाल पोरवाल, हरिनारायण मोदानी, एसएन मंत्री, बद्रीलाल लड्डा, रामगोपाल राठी, शिव नुवाल सहित संस्थान के अनेक सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन संस्थान के मंत्री सुशील मरोठिया द्वारा किया गया।

## भंसाली को राष्ट्रीय अवॉर्ड




**रतलाम.** रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रतलाम की रक्तदान जीवनदान टीम के दिलीप कन्हैयालाल भंसाली को गत 16 जून को वक्त दे रक्त दे सोसाइटी रोहतक द्वारा राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। यहां पूरे भारत वर्ष की लगभग 100 संस्थाओं को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि अब तक भंसाली को 6 बार राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। वे विगत 7 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में अपनी सतत सेवाएं साथियों के माध्यम से दे रहे हैं।






> कई बार आपके द्वारा कहे सहानुभूति भरे दो शब्द किसी को जीवन मैं कठिन से कठिन समस्या का सामना करने का मनोबल दे देते है।

## युवा संगठन के महत्वपूर्ण प्रकल्प लोहार्गल धाम में माहेश्वरी भवन के लोकार्पण तथा भव्य मंदिर के भूमि पूजन एवं शिलान्यास पर हार्दिक बधाई !



### राजकुमार काल्या

राष्ट्रीय अध्यक्ष

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन

संस्थापक ट्रस्टी – श्री बसन्तीलाल मनोरमादेवी काल्या
अ.भा. माहेश्वरी युवा फाउंडेशन
संस्थापक ट्रस्टी – अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट
संस्थापक ट्रस्टी – श्री नाकोडा पार्श्वनाथ भैरव मन्दिर ट्रस्ट
संरक्षक ट्रस्टी – एबीएमएम माहेश्वरी रिलीफ फाउंडेशन
प्रबंधकारिणी सदस्य – श्री अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन

ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, कोटा
ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, मुम्बई
ट्रस्टी – बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केन्द्र
ट्रस्टी – श्री बांगड माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी
ट्रस्टी – श्री प्राज्ञ कुंदन वल्लभ हॉस्पिटल
ट्रस्टी – श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट

Realistic

*Life Time Satisfaction*

• Explosives • Real Estate • Mining • Finance • Agro Farming • Media

Station Road, Gulabpura –311021, Distt. Bhilwara (Raj.) Ph. No. +91 1483 224203/04, rajkumarkalya@yahoo.com
Bhilwara office: 3, Heera-Panna Market, Pur Road, Bhilwara. 311001 (Raj.) Ph. No. 246004

# सांसद सुभाष बहेड़िया का किया अभिनंदन



**भीलवाड़ा.** माहेश्वरी सत्संग भवन नागोरी गार्डन के बालिका छात्रावास विस्तारीकरण के अवसर पर माहेश्वरी समाज की विभिन्न संस्थाओं की ओर से सुभाष बहेड़िया का तीसरी बार सांसद बनने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सचिव रमेशचंद्र राठी ने बताया कि देवकरण गग्गड़ (उपसभापति), लादूराम बांगड़ (महेश प्रगति संस्थान), राधेश्याम सोमानी (पूर्व प्रदेशाध्यक्ष), सुरेश कचोलिया (कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा), देवेंद्र सोमानी (मंत्री जिला सभा), केदारमल जागेटिया (अध्यक्ष नगर सभा), केदारमल गगरानी (मंत्री नगर सभा), रामस्वरूप सामरिया (मंत्री बड़ा मंदिर ट्रस्ट), छीतरमल बाहेती (गोपाल द्वारा मंदिर ट्रस्ट), बंशीलाल सोडानी (रामधाम ट्रस्ट), कन्हैयालाल खटौड़ (अध्यक्ष महेश क्रेडिट कॉपरेटिव), घनश्याम भदादा (पूर्व अध्यक्ष संपत्ति ट्रस्ट), सुभाष बाहेती (पूर्व मंत्री संपत्ति ट्रस्ट), सुशील मरोठिया (महेश प्रगति संस्थान), प्रहलाद राय हींगड़ (महेश सेवा समिति), शांतिलाल डाड (महेश बचत समिति) आदि कई संस्था प्रतिनिधियों ने श्री बहेड़िया का अभिनंदन किया।

## माहेश्वरी समाज का सम्मान समारोह

**कन्नौद ( मप्र ).** स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा पश्चिमी मप्र माहेश्वरी सभा तथा माहेश्वरी समाज देवास जिला कार्यकारिणी की अलग-अलग बैठक माहेश्वरी भवन श्रीराम वल्लभ मंदिर कन्नौद में आयोजित की गई। स्थानीय समाज अध्यक्ष पुरुषोत्तम गोरानी ने बताया कि इन बैठकों में पश्चिमी मप्र प्रादेशिक तथा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने समाजोत्थान एवं जनसेवा के कार्यों की समीक्षा की। मनासा के विधायक माधव मारू तथा परपीड़ाहर समिति के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय इंदौर के संचालक राधेश्याम साबू का समाज द्वारा अभिनंदन भी किया गया। समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी विधायक श्री मारू के कर कमलों से किया गया। माहेश्वरी समाज कन्नौद की सहयोग राशि भी परपीड़ा हर समिति को दी गई। प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र ईनाणी ने अपनी उद्बोधन में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर समाज को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सर्ववैश्य समाज के प्रांतीय सचिव महेश परवाल (माहेश्वरी) भी उपस्थित थे। स्व. भागीरथ भूतड़ा तथा स्व. सरस्वती देवी भूतड़ा की स्मृति में पेयजल सेवा हेतु वाटर कूलर माहेश्वरी भवन में ओमनारायण भूतड़ा तथा कृष्णा भूतड़ा द्वारा लगवाया गया।

> जल्दी जागना हमेशा फायदेमंद होता है फिर चाहे वो नींद में से हो. या फिर वहम में से हो!



स्थापित : 1969 ॥ जय महेश ॥ पंजीबद्ध संस्था

-: हार्दिक शुभकामनाओं सहित :-

# श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन

प्रधान कार्यालय :- **महेश मार्ग, पुष्कर - 305022 (राजस्थान)**

फोन : 0145-2772038, 2773128, 2773451, मो. 8769646438

Email : abmsevasadan@gmail.com Website : www.maheshwarisevasadan.com / www.abmssp.com

**सेवा सदन के विविध भवनों में शुद्ध सात्विक भोजन तथा वातानुकूलित, डीलक्स एवं कूलर-पंखा सहित कमरों, डोरमैट्री एवं सभागार की सुविधाएं उपलब्ध है।**

महेश मार्ग, रमणरेती रोड,
वृन्दावन-281124 (उत्तरप्रदेश)
फोन : 0565-2540421, मो. 09412280732

दूधाधारी मंदिर के सामने, ऋषिकेश रोड,
हरिद्वार-249401 (उत्तराखण्ड)
फोन : 01334-261636, 261141 मो. 09897125873

बस स्टेण्ड के पास,
बद्रीनाथ-246422 (उत्तराखण्ड)
फोन : 01381-222237, मो. 9758890611

नाथूवास रोड, नाथद्वारा-313301
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02953-232301, 231379 , मो. 7297933441

केलवाड़ा रोड़, चारभुजा-गढ़बोर-313333
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02954-248200, मो. 9116361993

पोकरण रोड़, रामदेवरा-345023
जिला-जैसलमेर (राजस्थान)
फोन : 02996-235080, मो. 8233901903

परिक्रमा मार्ग, मुखारविन्द के पास, जतीपुरा-281502
वाया-गोवर्धन,जिला-मथुरा (उ.प्र.)
मो. 09760596727

प्लॉट नं. 7-8, रामसुख नगर, क्यूरियो क्राफ्ट रोड़ नं. 11
के पास, एम्स रोड़, बासनी, जोधपुर (राज.)
फोन : 0291-2744688, 2744588

**मुख्यालय-पुष्कर, शाखा-वृन्दावन, हरिद्वार, नाथद्वारा,चारभुजा-गढ़बोर, जोधपुर, रामदेवरा, बद्रीनाथ में ऑनलाईन अग्रिम कमरा आरक्षण हेतु वेब-साईट का उपयोग कर लाभ उठावें।**

-: विशेष जानकारी एवं निवेदन :-

जगन्नाथपुरी एवं नाशिक में भवन निर्माण शीघ्र प्रारम्भ करवाया जा रहा है। नाथद्वारा में नवीन भवन का निर्माण-कार्य सुव्यवस्थित चल रहा है। अतः दानदाता सहयोगी बनकर पुण्य प्राप्त करें। आपके द्वारा दी गई दानराशि पर 80-जी के अन्तर्गत छूट प्राप्त होगी।

## बालिका छात्रावास के विस्तारीकरण का लोकार्पण



**भीलवाड़ा.** श्री माहेश्वरी समाज संपति ट्रस्ट में संचालित बालिका छात्रावास का विस्तार करते हुए तृतीय मंजिल पर निर्मित 10 कमरे एवं कार्यालय का लोकार्पण सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व सभापति रामपाल सोनी, ट्रस्ट अध्यक्ष छितरमल सोनी द्वारा गत 12 जून को किया गया। वर्तमान में राजस्थान व आसपास के राज्यों की 32 बालिकाएं निवास कर सामान्य एवं उच्च शिक्षा अध्ययन कर रही हैं। छात्रावास के विस्तारीकरण के बाद अब 60 बालिकाएं निवास करने लग जाएंगी। साथ ही छात्रावास में भोजनशाला के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया है। इस अवसर पर उद्योगपति लादूलाल बांगड़, उपसभापति देवकरण गग्गर, राधेश्याम सोमानी, ममता मोदानी, देवेंद्र सोमानी, केदारमल जागेटिया सहित समाज के अनेक सदस्य मौजूद थे। लोकार्पण में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जगदीशप्रसाद कोगटा ने किया। आभार सचिव रमेशचंद्र राठी ने माना।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन



**कोलकाता.** वृहत्तर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन, माहेश्वरी महिला संगठन हावड़ा एवं विवेक विहार योग बंधुओं के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विवेक विहार क्लब हाउस में मनाया गया। अध्यक्ष निर्मला मल्ल ने सभी का स्वागत किया। विवेक विहार योग बंधु के सचिव अरुणकुमार सोनी ने कहा कि सभी कम से कम 15 मिनट योग जरूर करें। कपालभाति, अनुलोम-विलोम विशेष रूप से शामिल हों। माहेश्वरी समाज के युवा योग गुरु अभिषेक राठी (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार तथा पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित और पुरस्कृत) के मार्गदर्शन में योगासन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला संगठन पदाधिकारी सीमा भट्टर, सरोज राठी, राधा माहेश्वरी, सुषमा राठी, सुशीला बजाज, भगवती बागड़ी, अनीता लखोटिया सहित गिरिराज किशोर झंवर, दीपक मुरारका आदि की प्रमुख भूमिका रही।

'नसीहत' वो सच्ची बात है जिसे हम कभी गौर से नहीं सुनते और 'खुशामद' वह धोखा है,जिसे हम पूरे ध्यान से सुनते हैं.

## जल शुद्धिकरण यंत्र लोकार्पित




**अहमदनगर.** सांगवी परिसर महेश मंडल की ओर से महेश नवमी के मंगल पर्व पर अहमदनगर जिले की पारनेर तहसील के वडनेर हवेली गांव तक जल शुद्धिकरण यंत्र का लोकार्पण किया गया। पानी की दिक्कत के चलते मंडल द्वारा यह उपक्रम मुहैया किया गया था। मंडल के उपाध्यक्ष सत्यनारायण बांगड़ के हाथों इसका लोकार्पण किया। मंडल के अध्यक्ष सतीश लोहिया ने कहा कि इस गांव में जो कुआं है, उसमें से पानी तो निकलता है, लेकिन वह पीने के लायक नहीं था। इस वजह से गांव के सामाजिक कार्यकर्ता किरण भालेकर ने मदद मांगी थी। सरपंच भालेकर ने इस मदद के लिए मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल के मुकुंद तापड़िया, नीलेश अट्टल, अतुल नावंदर, गणेश चरखा, सचिन मंत्री आदि उपस्थित थे।







## महेश नवमी के शुभ अवसर पर मैं सभी माहेश्वरी बन्धुओं को
## वृहतर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन
## और स्वयं की और से हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ।

हमारा माहेश्वरी समाज बहुत ऊँचाइयों पर है क्योंकि हम हर कार्य में आगे बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं। सेवा के कार्य में भी हमारा समाज बहुत आगे हैं।

वृहतर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा समय समय पर माहेश्वरी बच्चों की पढ़ाई के लिए फ़ीस देना, गांवों में जाकर ट्यूबेल और टॉयलेट बनवाना आदि कई सेवा कार्य करते है, साथ ही हमारी संस्कृति को बचाने के लिए हम लोग सभी त्यौहारों को भी धूमधाम से मनाते हैं। हमने अपील की कि ११ जून २०१९ ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष की नवमी को हम सभी माहेश्वरी बन्धु प्रतिज्ञा करें की जो अपना निजी का कार्य कर रहे हैं वे अपने माहेश्वरी बंधुओं को अपने कार्य में रखकर माहेश्वरी बंधुओं का हौसला बढ़ाएं ताकि वह समाज में अपना स्थान बना सके।

इसके साथ ही जो बहनें काम करने में निपुण हैं उन बहनों को लघु उद्योग लगाकर हेल्प करनी चाहिए। हमारे समाज के बच्चों के माता पिता जो फ़ीस देने में असमर्थ हैं उन बच्चों की फ़ीस जमा कराकर उन्हें आगे पढ़ने के लिए प्रेरित करे।



**निर्मला मल्ल**
कोलकाता प्रदेश अध्यक्ष

# सतीश बजाज का हुआ स्वागत



**नागदा.** श्री माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा समाज अध्यक्ष सतीश बजाज को उनके द्वारा किए गए लगातार दो वर्षों के उत्कृष्ट कार्यों का अवलोकन करते हुए समाज की ईकाई श्री माहेश्वरी महिला मंडल नागदा द्वारा सम्मानित किया गया। महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व महासभा माहेश्वरी महिला मंडल की सदस्या अनिता राठी जो कि मंडल की वर्तमान संरक्षिका हैं, उनके द्वारा श्री बजाज का सम्मान किया गया।

## आठ दिवसीय समर कैंप का हुआ आयोजन



**कांटाफोड़ ( देवास ).** महेश नवमी के उपलक्ष्य में 8 दिवसीय समर कैंप पश्चिमांचल संगठन मंत्री मंगला सिंगी एवं माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष कांटाफोड़ मीना नागोरी की अध्यक्षता में लगाया गया। इसमें बाल विकास पाठशाला, योगा, डांस, रक्त परीक्षण, नेत्र परीक्षण, फायरलैस कुकिंग क्लब आदि क्लास निःशुल्क लगाई गईं। डॉ. सुरेश चांडक द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। समाधान एक पहल के दौरान 2 पैड वेंडिंग मशीनें भी लगाई गईं।

# प्रीवेडिंग का किया बहिष्कार



**भीलवाड़ा.** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के प्रीवेडिंग कार्यक्रम पर पाबंदी का भीलवाड़ा के नगर माहेश्वरी सभा अध्यक्ष ने पूर्ण समर्थन करते हुए अपने नजदीकी रिश्तेदार की शादी में हो रही प्रीवेडिंग शूट पर आपत्ति प्रकट की और शादी के कार्यक्रम को बीच में ही छोड़कर वापस घर आ गए। उनके साथ उनकी पत्नी भी थी। इसी प्रकार भीलवाड़ा शहर में प्रतिष्ठित नाराणीवाल परिवार की भव्य शादी के कार्यक्रम में प्री वेडिंग शूट का प्रदर्शन नहीं किया गया। इस प्रकार की सोच समाज के सभी पदाधिकारी व समाजजन बनाकर रखें तो निःसंदेह समाज में सुधार संभव है।

# महिला मंडल गठित

**हैदराबाद.** माहेश्वरी समाज दिलखुशनगर द्वारा आयोजित बैठक में महिला मंडल का गठन किया गया। सचिव श्यामसुंदर राठी ने बताया कि महिला मंडल का गठन चुनाव अधिकारी सीताराम रांदड़, चंद्रप्रकाश मालू, जगदीश राठी, लक्ष्मीकांत चांडक, श्यामसुंदर राठी आदि की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया। इसमें शोभा राठी अध्यक्ष, संतोष मालू व पूर्णिता पुंगलिया उपाध्यक्ष, सरिता लोया मंत्री, नीतू मर्दा कोषाध्यक्ष, बबीता फोपलिया संगठन मंत्री, शिवकन्या सोमाणी व कविता चांडक प्रचार मंत्री, माधुरी राठी सांस्कृतिक मंत्री, श्रुति चांडक सहमंत्री चुनी गईं। कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया।




# प्रेमकिशोर सिकची चॅरीटेबल ट्रस्ट, अहमदाबाद निर्मित

## आलिशान 'सिकची रिसोर्ट', वलगांव




विशेषताएं : * निसर्गरम्य, शांत पवित्र वातावरण में शुभ कार्यों को यादगार बनाने का एक अनूठा अनुभव। * विदर्भ में उच्च कोटि के लिए नामांकित वातानुकूलित वास्तु में करीब 300 मेहमानों के लिए ठहरने की उत्तम व्यवस्था। * मंदिर, भव्य स्टेज, सभागृह, पार्किंग, जलप्रपात, बालवाटिका तथा अति आधुनिक शाकाहारी रेस्टारेंट का सानिध्य, एक सुंदर पिकनिक स्पॉट * रात-दिन कार्यरत प्रशिक्षित सेवकगण की उपस्थिति। * जनहित कार्यक्रम बिनामूल्य तथा सम्पूर्ण आय सामाजिक उत्थान के लिए व्यय करने का दृढसंकल्प।









'सिकची रिसोर्ट', वलगांव, नागपुर से करीब 160 कि.मी. तथा अमरावती से 10 कि.मी. दूरी पर अमरावती-परतवाड़ा मार्ग पर स्थित है। विविध पैकेजेस तथा अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।

सचिन धरनकर
मो. 7507805264

Email : sikchi123@yahoo.com

पियूष शर्मा
मो.नं. 9637385336




*श्री द्वारिकाधीश विजयते*

भगवान श्रीकृष्ण की कर्मभूमि

# द्वारकाधाम

में 'श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट' द्वारा संचालित अत्याधुनिक सुविधायुक्त एकमात्र माहेश्वरी अतिथि गृह



# माहेश्वरी सेवा कुंज

21, द्वारकेश पार्क सोसायटी (अम्बुजा प्लाट), नागेश्वर रोड, देवभूमि द्वारका-361335 (गुजरात),
दूरभाष- 02892-235553 / 235554, मो. 097271-22111

E-mail : maheshwarisewakunj@gmail.com

आप अपना आरक्षण ई-मेल अथवा फोन से करवा सकते हैं

## उपलब्ध सुविधायें

- ए.सी. व टी.वी. से सुसज्जित 47 डबल बैडरूम (अटैच्ड लैट, बॉथ)।
- 4 फैमिली ए.सी. हॉल (6 व्यक्तियों की क्षमता वाले)।
- अत्याधुनिक किचन के साथ वातानुकुलित भोजनशाला।
- वाई-फाई सुविधा से युक्त पूरा भवन
- विभिन्न मंजिलों पर जाने के लिये दो लिफ्ट की सुविधा।
- स्वच्छ आर ओ पेयजल की सुविधा
- भव्य एयरकंडीशन सत्संग हॉल।
- कार पार्किंग की सुरक्षित व्यवस्था।

श्यामसुंदर कासट (अध्यक्ष)
मो.- 098315-55555

रामस्वरूप जैथलिया (महामंत्री)
मो.- 096490-79999

विनोद कुमार बांगड (कोषाध्यक्ष)
मो. 094142-12835

## जीवन शैली एवं आध्यात्मिक परिचर्चा आयोजित




**उज्जैन.** माहेश्वरी सभा महिला मंडल द्वारा आयोजित जीवन शैली एवं अध्यात्म विषय पर परिचर्चा में जीवन शैली के बारे में बताया गया कि जीवन क्या है? मानव को माधव बनाना तथा जन्म से लेकर मृत्यु तक का जो काल है, वह जीवन है। जीवन कर्म है, जीवन एक संघर्ष है। उपरोक्त विचार श्री सत्यसाईं संगठन इंदौर से आईं रत्ना गोचरे एवं मप्र आध्यात्मिक प्रमुख पुष्पा खंडेलवाल ने आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्हें 100 से अधिक महिलाओं ने बड़ी एकाग्रता के साथ सुना व सराहा। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष हेमलता गांधी, सचिव मनोरमा मंडोवरा, तेजूदेवी तोषनीवाल, संतोष सोडानी, शोभा मूंदड़ा, पुष्पा मंत्री, शांता मंडोवरा, गीता डागा, मनीषा राठी आदि उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन गीता झालानी ने किया। आभार सीमा परवाल ने माना।

## योग शिविर का हुआ आयोजन



**ब्यावर.** भारत विकास परिषद द्वारा राठी पवैलियन सुभाष उद्यान में 7 दिवसीय योगाभ्यास शिविर का आयोजन हुआ। प्रकल्प प्रभारी राकेश सोमानी ने बताया कि शुभारंभ भारत माता, विवेकानंद, ओम के चित्र पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र काबरा (समाजसेवी) व भारतेंद्रु श्रीमाती (प्रशिक्षित पंतजलि योगपीठ हरिद्वार) द्वारा दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। योग प्रशिक्षक भारतेंद्रु व अमरचंद सांखला पतंजलि योगपीठ सदस्य थे। शिविर में अध्यक्ष राजेंद्र काबरा, उपाध्यक्ष अनिल भराड़िया, कोषाध्यक्ष सतीश सर्राफ, राजेंद्र बड़गोती, डॉ. एलएन बल्दुआ, अमरचंद्र मूंदड़ा आदि कई गणमान्यजन मौजूद थे।

> असफलता का मतलब यह नहीं है कि आप असफल हैं, बल्कि अभी तक सफल नहीं हुए हैं... अभी भी आपके पास मौक़ा है? 'डटे रहें'

## ठाकुर जी को लगाया 56 भोग




**बिछोर ( चित्तौड़गढ़ ).** बिछोर सोमानी परिवार द्वारा छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन हुआ। अनिल सोमानी ने बताया कि गत 12 जून को ग्राम बिछोर के श्री चारभुजानाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से मधुर भजनों का सत्संग हुआ। इस अवसर पर दिव्य झांकियों का भी भव्य आयोजन किया गया व ठाकुर जी को 56 भोग लगाया गया। इस अवसर पर स्नेहीजनों व परिजनों सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**इंदौर.** श्री महेश सार्वजनिक वाचनालय एवं ग्रंथालय में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमलनारायण भुराडिया की उपस्थिति में हुआ। विशेष अतिथि रमेशचंद्र दाढ़अध्यक्ष श्रीनिवास सोनी ने संस्था की जानकारी देते हुए बताया कि इस संस्था को 64 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। यह कम्प्यूटर प्रशिक्षण की योजना बनाई गई जिसमें सर्वप्रथम श्री माहेश्वरी सहकारी पेढ़ी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा। जिन्होंने दो कम्प्यूटर संस्था को दिए। इसी तरह लक्ष्मण मुछाल ने भी एक कम्प्यूटर दिया व 1 कम्प्यूटर संस्था ने क्रय किया। इस अवसर पर रामकिशन सोमानी, एचएल शारदा, लक्ष्मण मुछाल, लीलाधर मानधन्या, अनिल मंत्री, पुष्प माहेश्वरी, मनोज कुईया, राजेश सोमानी, रामगोपाल सोमानी, किशनलाल सोमानी आदि कई गणमान्यजन मौजूद थे।

## राठी डेंटल केयर का उद्घाटन



**बीकानेर.** स्थानीय जस्सूसर गेट के बाहर रांकावत भवन के पास गत 12 जून को राठी डेंटल केयर का उद्घाटन हुआ। डायरेक्टर अंकुर राठी के अनुसार क्लिनिक का उद्घाटन प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी लक्ष्मीनारायण राठी एवं उनकी धर्मपत्नी इंद्रा राठी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस क्लिनिक में डॉ. भारती राठी सेवाएं देंगी। डॉ. राठी ने बताया कि इस क्लिनिक में दांतों से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का इलाज किया जाएगा। मुख्य रूप से दांतों की सफाई, टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज, बत्तीसी लगाना, पाइरिया का इलाज प्रमुख है। इस अवसर पर समाज के सदस्यों के अलावा कई प्रमुख चिकित्सक भी मौजूद थे।

With Best Compliments From

Rahul Somany
9849048000

Dharmendra Kalantri
9441330440

# Somany Sanitation



**Authorised Dealers for**

- Somany Aquaware
- Somany Sanitaryware
- Somany C.P. Fittings
- Somany Vitrified & Ceramic Wall & Floor Tiles

Digital Tiles, Complete Bathroom Fittings & Accessories

- Jaquar CP Fitting & All Product of

Bathroom & Kitchen Accessories

PROUD BNI MEMBER

Sec-Bad Address -
5-4-78/1, Opp. Tvs Sundaram Motors,
M.G. Road, Ranigunj, Sec-Bad -500003
Ph. : 040-27545455, 66383940

Banjara Hills Add :
8-2-684/3/16
"Disha Banjara" Banjara Green Colony,
Road No. 12, Banjara Hills, Hyderabad



महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ



## राधेश्याम परवाल

94140 61636

निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा
पूर्व संयुक्त मंत्री, अ.भा. माहेश्वरी महासभा
राष्ट्रीय महामंत्री, बैंक ऑफ राजस्थान रिटायर्ड स्टॉफ सोसायटी
डिप्टी जनरल सैक्रेट्री, ऑल इण्डिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज कन्फडरेशन

।। जय महेश ।।



## उमा परवाल

94140 67636

अध्यक्ष, जयपुर जिला माहेश्वरी महिला संगठन
कार्यकारी मण्डल सदस्य, पूर्वोत्तर राज. प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन
कार्यकारी मण्डल सदस्य, अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन
कार्यकारिणी सदस्य, श्री महेश मेडिकल रिलीफ सोसायटी
पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

निवास - 'परवाल विला', डी-62, वैशाली नगर, जयपुर (राज.) - 302021 फोन : 0141-2351636





सदा - सर्वदा - सर्वोत्तम

50 मंगल वस्त्रालय
जयस्तंभ चौक, अमरावती.
☎ 2572672

Colors & Weaves
by shreemangalam
1st Floor, Sahakar Bhavan,
Jaistambh Chowk, Amravati. 2569458

मंगलम
जयस्तंभ चौक, अमरावती.
☎ 2564172



घागरा ओढणी, बनारसी शालु, डिझायनर वर्क साडीयाँ, प्युअर सिल्क साडीयाँ, पैठणी, कांजीवरम्, ९वारी पातळे, सलवार सुट, कुर्ती, इंडो वेस्टर्न, इव्हीनींग गाऊन

# श्री माहेश्वरी टाईम्स के प्रतिभा विशेषांक का विमोचन

## समाज के 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का होगा सम्मान



**भीलवाड़ा.** पंचवटी रोड स्थित एल टू सी कोचिंग संस्थान पर श्री माहेश्वरी टाईम्स के प्रतिभा विशेषांक का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर भीलवाड़ा के सांसद सुभाषचंद्र बहेड़िया ने कहा कि श्री माहेश्वरी टाईम्स हमेशा नया करती है। इस बार समाज के मेधावियों को प्रोत्साहन देने के लिए 450 विद्यार्थियों का समावेश कर समाज को एक नया संदेश दिया है। इससे निश्चित रूप से बच्चों में पढ़ाई के प्रति जागरुकता आएगी। देशभर में माहेश्वरी विद्यार्थियों ने जो प्रतिभा का परचम फहराया है। इससे यह सिद्ध कर दिया कि माहेश्वरी किसी से कम नहीं। श्री माहेश्वरी टाईम्स के ब्यूरो चीफ शंकर सोनी ने बताया कि इस विमोचन समारोह में एजुकेशन क्षेत्र की हस्तियों के साथ श्री माहेश्वरी टाईम्स पत्रिका के संपादकीय सलाहकार बाबूलाल जाजू, श्री माहेश्वरी टाईम्स पत्रिका के अतिथि संपादक प्रदीप लाठी, महेश सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी, सचिव राजेंद्र कचोलिया, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा, महेश पब्लिक स्कूल अजमेर अध्यक्ष गोपाल राठी, महेश पब्लिक स्कूल छापरी के अध्यक्ष सत्यनारायण डाड, सचिव सुशील मरोठिया, मीडिया सलाहकार महावीर समदानी, कंचनदेवी कॉलेज की डायरेक्टर शिखा भदादा, एस्टेक कॉलेज की डायरेक्टर मानकंवर तोतला, वरटैक्स के डायरेक्टर शिव बाहेती, बीसी सोमानी, सीए इंस्टीट्यूट भीलवाड़ा शाखा के अध्यक्ष आलोक पलोड़, उपाध्यक्ष नवीन कोगटा, टैक्स मैन बुक के लेखक विवेक लड्ढा, माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम के सचिव सुनील सोमानी, बीएल सोनी कॉलेज की डायरेक्टर निशा सोनी, यूरो किड्स एकाडमी की प्रिंसिपल अंशिका झंवर के साथ कई मेधावी विद्यार्थी भी उपस्थित थे। शंकर सोनी ने आभार माना।

# देवपुरा को मिला शताब्दी सम्मान




**पटना.** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन पटना द्वारा देश के 100 विद्वानों को शताब्दी सम्मान प्रदान किया गया। इसी के अंतर्गत हरियाणा के राज्यपाल महामहिम सत्यदेव नारायण आर्य व बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन पटना के अध्यक्ष अनिल सुलभ के कर कमलों से श्यामप्रकाश देवपुरा का भी सम्मान किया गया सम्मान। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल प्रो0 सिद्धेश्वर प्रसाद थे।

> हम अपने जीवन में उस इंसान से कभी कुछ नहीं सिख पायेगे, जो हमारी हर बात से सहमत होता हैं.......!

# योग के साथ रक्तदान



**संगमनेर.** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के अवसर पर संगमनेर तालुका माहेश्वरी सभा की ओर से भंडारी मंगल कार्यालय पर योग दिवस और रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास बूब, प्रदेश संयुक्त मंत्री गणेशलाल बाहेती, प्रदेश जनसंपर्क मंत्री मनीष मणियार, जिला मानद मंत्री अजय जाजू, संगमनेर तालुकाध्यक्ष श्रीकांत मणियार आदि मौजूद थे। इस अवसर पर अर्चना नावंदर ने योग तथा सूर्य नमस्कार के फायदे बताये। ज्योति पलोड़ ने प्रात्यक्षिक दिखाये। रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रदेश जनसंपर्क मंत्री मनीष मणियार, जिला मानद मंत्री अजय जाजू, प्रकल्प प्रमुख सिद्धांत झंवर व ओम इंदाणी ने रक्तदान कर किया। कुल 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं



Aishwarya™



Premium Edible Oils


**SRI AISHWARYA REFINERY PRIVATE LIMITED**
**MANIYAR REFINERY PRIVATE LIMITED**

***Manufacturers of All Kinds of Edible Refined Oils***
Corporate Office: 16-11-1/5/A/A, Malakpet, Hyderabad – 500 036 (T.S)
Tel: 040-24544850,242544851,+91-9849010631,9849038253,
Email: aishwaryaoils@gmail.com, maniyaroils@gmail.com

Kailash Chand Maniyar
• Vijay Maniyar • Vinay Maniyar • Vishal Maniyar

Somani **SOMANI ISPAT PRIVATE LIMITED**

theinner**strength**
foryour**construction**



Sanjay Kumar Somani +91 - 92465 34957
Sudhir Kumar Somani +91 - 98490 24065
Aakash Somani +91 - 99080 99081

11-6-27/1, 2 & 3, Opp. IDPL Factory, Balanagar, Hyderabad - 37 (T.S.) INDIA
+91 - 40 - 2377 1877 / 8375 / 2411, contact@somanisteel.com, www.somanisteel.com

HR Coil / TMT De-Coiling Unit & Godown at
Survey No. 76/2, Gundlapochampally
Near Kompally, Hyderabad, Cell : 77022 66065

VIZAG
Gajadhar Gaggar - 90003-04058
Dinesh Gaggar - 90003-04044
Plot No. 28, D Block Extn., Behind Sail Yard
Autonagar, Visakhapatnam, Ph : 0891-2754044

GROUP COMPANY
MAHESWARI FASTENERS & BRIGHT PVT. LTD.
Mahendra Rathi 92468-87753
Manufactures of : MS & HDG Fasteners (BIS & AP TRANSCO APPROVED)
Plot No. 152 & 154, Medchal Industrial Estate, Hyderabad, Ph : +91 - 40 - 2980 3123

vishalprinter.com

Authorised Dealer of : SAIL, VSP, JSW, JSPL, ESSAR & UTTAM VALUE

## स्टैंडअप कॉमेडी शो का हुआ आयोजन




**पूना.** महेश नवमी के अंतर्गत 10 जून को रोजी तापड़िया नाट्य मंदिर में स्टैंडअप कॉमेडी शो का आयोजन हुआ। इसमें समाज के युवा हास्य कलाकारों ने विभिन्न विषयों के माध्यम से उपस्थित समाज बंधुओं को जमकर हंसाया। राजकारण, समाज, शिक्षक व विद्यार्थी, हैदराबाद, पति-पत्नी आदि विषयों का अनुसरण कर कॉमेडियन संजय मंत्री, महेश सोनी, नितिन तोतला, रवि भट्टड़, श्याम खटौड़, नीलेश चितलांग्या, राजश्री करवा, वर्षा मंत्री, कोमल भट्टड़, स्वाति खटौड़, ममता दरक, रूपाली मंत्री आदि ने वातावरण को हास्यमय बनाकर रख दिया। कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख संजय दरक, रवि भट्टड़, राजश्री करवां ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष परिश्रम किया। संचालन सी.ए. नंदकिशोर मालपाणी ने किया। आभार संजय दरक ने माना। इस दौरान माहेश्वरी मंडल अध्यक्ष सीएस सोनी, सचिव डॉ. विष्णुदास बजाज, जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र दरख, नंदा नावंदर, स्वप्निल बाहेती, किशोरीलाल धूत, सुभाष मालपाणी, शिवप्रसाद लाहोटी, प्रमोद दाड़, रेणु लड्ढा, बबीता करवा आदि मौजूद थे।


महेश नवमी के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं





।। जय महेश ।।



दुर्गालाल मूंदड़ा
अध्यक्ष –श्री शिंगोली श्याम माहेश्वरी धर्मशाला
94146-77085

शुभम मूंदड़ा
89490-79103

मून्दड़ा ब्रदर्स
(रासेड वाले)

अनाज, तिलहन व दलहन के व्यापारी,
आढ़तिया व कमीशन एजेन्ट

दुकान नं. 38, कृषि उपज मण्डी, भीलवाड़ा (राज.)
फोन – 01482-237085


## नीलम बनीं मिसेज इंटरनेशनल फर्स्ट रनर अप



**जोधपुर.** भारत ने खूबसूरती में एक बार फिर डंका बजा दिया। इंडी रॉयल नईदिल्ली की ओर से 45 से 55 साल तक की विवाहिताओं के लिए दुबई में आयोजित मिसेज इंटरनेशनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भारत की डॉ. नीलम मूंदड़ा को फर्स्ट रनर अप के खिताब से नवाजा गया। डॉ. मूंदड़ा जोधपुर की रहने वाली हैं और उन्होंने भूगोल में पीएचडी की है। इस अनूठे कॉन्टेस्ट में अलग-अलग देशों की 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जाने-माने फैशन और वालीवुड सेलिब्रिटी गौहर खान और निगार खान के परिजन तथा संयुक्त अरब अमीरात के प्रसिद्ध उद्यमी और लाइफ स्टाइल एक्सपर्ट कौशर सुलेमान खान ज्यूरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## नवनिर्वाचित सांसद सोनी का अभिनंदन



**रायपुर.** रायपुर लोकसभा के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में भारी बहुमतों से विजय प्राप्त करने के पश्चात नवनिर्वाचित सांसद सुनील सोनी अपने संसदीय क्षेत्र में आभार प्रदर्शन हेतु निकले। उनके साथ विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यक्ष छगनलाल मूंधड़ा व कार्यकर्ताओं का विशाल समूह था। श्री सोनी ने सादर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपनी आभार यात्रा शुरू की। गोपाल मंदिर में माहेश्वरी सभा की ओर से नवनिर्वाचित सांसद श्री सोनी, विधायक श्री अग्रवाल व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अग्रवाल का अभिनंदन विजय दम्मानी, संपत काबरा, पूर्व सीएसआईडीसी अध्यक्ष श्री मूंधड़ा, कमल राठी, अजय सारदा, सूरजप्रकाश राठी, डॉ. रवि राठी ने किया। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र फौजदार, समाज के राजेश बागड़ी, गोपाल बजाज, जगदीश चांडक, शिवरतन सादानी, राधेश्याम मूंधड़ा, संदीप मर्दा, देवरतन बागड़ी, राजेश राठी, गोपीदास बागड़ी, श्रीगोपाल सारडा, अभिषेक राठी, अनिल मूंधड़ा, राजेश मूंधड़ा, दीपक लड्ढा, कृष्णा लखोटिया, मनीष मोहता, सूरज लाहोटी, सौरभ बागड़ी, सुमित मोहता, चांदरतन लाहोटी, प्रशांत मोहता, सुनील मूंधड़ा आदि सदस्य उपस्थित थे।



श्री महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

*''गर्व से कहो हम है माहेश्वरी''*

## श्रीमान ओमजी बिरला

(सांसद-कोटा)

को लोकसभा अध्यक्ष बनने पर
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

## विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन



सौ. उषा-रमेश करवा
अध्यक्ष



सौ. भारती राठी
सचिव



सौ. शीला टावरी
कोषाध्यक्ष



सौ. ज्योत्सना-अनिल तापड़िया
संगठन मंत्री



सौ. शशि मूंदड़ा
प्रचार मंत्री

महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ

# Shree Gopal Agencies

**Imported Special Quality Both Side Siliconised Hawana/White Paper & Synthetic Resins**



रामनिवास जैथलिया
पूर्व उपाध्यक्ष
अ.भा. माहेश्वरी महासभा, दक्षिणांचल

16-E, Kolbhat Lane, Shop-1, Inside-New Bhatia Mahajan Wadi,
Kalbadevi Road, Mumbai - 400 002
Ph. (Off.) 2206-7449, 2201-4676, (Res.) 2542 5202, 2542 5203, Mob. 098204-01616
E-mail : rnj1512@hotmail.com

# परिचय सम्मेलन का होगा आयोजन

**इंदौर।** श्री महेश सामाजिक एवं पारमार्थिक संस्था इंदौर द्वारा 11-12-13 अक्टूबर 2019 को अखिल भारतीय माहेश्वरी विवाह योग्य युवक-युवती एवं विशिष्ट प्रत्याशियों का परिचय सम्मेलन दस्तुर गार्डन रिंगरोड इंदौर पर आयोजित किया जा रहा है। संस्था अध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र राठी ने बताया कि सम्मेलन में महासभा के सभापति श्याम सोनी के साथ ही महासभा के कई गणमान्य सदस्य मार्गदर्शन के लिये सहभागिता करेंगे।

संस्था के परिचय सम्मेलन संयोजक रामस्वरूप धूत व प्रकाश अजमेरा ने बताया कि सम्मेलन पूर्णरूप से हाइटेक रहेगा व प्रत्याशी व माता-पिता (अभिभावक) के लिये पृथक आवास व्यवस्था के साथ तीन दिन का भोजन, नाश्ता व हाइ-टी रजिस्ट्रेशन में शामिल होंगे। रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 1500/- रुपये व आवास शुल्क 1000/- (तीन दिन का) रखा गया है। परिचय सम्मेलन की सभी समितियाँ अपने कार्यों को मूर्तरूप दे रही हैं। प्रचार प्रभारी अजय सारड़ा ने बताया कि करीबन तीन टीम बाहर भ्रमण कर बायोडेटा एकत्रित करेंगी व पूरे भारत में फार्म वितरण केंद्र बनाये गये हैं। फार्म ऑन लाईन भी उपलब्ध होंगे जिसे भरा जा सकता है। वेब साइड www.shrimaheshsamajiksanstha.com पर से भी भी डाउन फार्म लोड किया जा सकेगा।

# अनमोल ने बनाया कैंसर जांच का डिवाईस



**रायपुर।** शहर के 11 वी क्लास के विद्यार्थी अनमोल राठी ने अपने टैलेंट का लोहा मनवाया है। 16 से 21 जून तक न्यूयार्क के अस्विगो सिटी में इंटरनेशनल जीनियस ओलंपियाड का आयोजन किया गया था, इसमें अनमोल राठी ने अपने पार्टनर हर्ष अग्रवाल के साथ भाग लिया। इस ओलंपियाड में लगभग 73 देशों के 1500 छात्र-छात्राओं के लगभग 789 प्रोजेक्ट्स आये थे। भारत से 5 टीमें इसमें शामिल थीं, जिसमें केवल रायपुर की इस टीम को साइंस मॉडल केटेगिरी में गोल्ड मेडल मिला। इन्होंने पैंक्रिएटिक कैंसर डिटेक्ट करने के लिए मॉडल बनाया। इस डिवाइस के जरिये पहली बार टेस्टिंग किट में सलाइवा का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे बड़ी ही आसानी से, कम खर्चे में और शुरूवाती स्टेज में ही पैंक्रिएटिक कैंसर का पता चल जाएगा, जो कि वर्तमान में एक मुश्किल प्रोसेस है। हर्ष के अनुसार इस डिवाइस को बनाने में उन्हें 3 से 4 महीने का समय लगा।

## कई पुरस्कारों से हो चुके सम्मानित

**इससे पहले अनमोल राठी को सीएसआईआर अवार्ड,** FGSI (Foundation for Global Science Initiatives) में गोल्ड अवार्ड, आईआईटी मुम्बई में फर्स्ट प्राइज (75000/-), आईआईटी कानपुर में अवार्ड, INSEF National Fair(Indian Science and Engineering Fair) में गोल्ड अवार्ड मिल चुके है। अनमोल के पिता इन्द्रगोपाल राठी सारड़ा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड में डीजीएम है और माता पूजा राठी Pallotti college में कंप्यूटर साइंस की प्रोफेसर है। माहेश्वरी सभा रायपुर के अध्यक्ष सम्पत काबरा, कमल राठी, सूरज प्रकाश राठी, शैलेन्द्र करवा, दीपक डागा, नवरतन माहेश्वरी, राजकुमार राठी, संजय मोहता, हर्ष राठी, धर्मेन्द्र राठी, ललित चांडक एवम् समाजजनों ने यशस्वी होने हेतु शुभकामनाएं व्यक्त की है। अनमोल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अपने शिक्षक व मेंटर सुशील कुमार पांडेय को दिया है।

# उल्लास के साथ मनी महेश नवमी



**उज्जैन।** परम्परा अनुसार इस वर्ष भी महेश नवमी उत्सव उज्जैन में माहेश्वरी सभा एवं उज्जैन माहेश्वरी समाज के संयुक्त तत्वावधान में बड़े उल्लास के साथ मनी। शोभायात्रा नृसिंह मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई स्थानीय माहेश्वरी भवन गोलामंडी पर समाप्त हुई। शोभायात्रा मार्ग में माहेश्वरी सोश्यल क्लब परिवार सहित विभिन्न संगठनों द्वारा समाज बंधुओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जोधपुर से आऐ अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन के पूर्व कोषाध्यक्ष कमल चाण्डक भी उपस्थित थे। समाज अध्यक्ष द्वय सुरेश काकाणी एवं भूपेन्द्र भूतड़ा ने अतिथि श्री चाण्डक का अभिनंदन किया। शोभायात्रा के पश्चात माहेश्वरी भवन में सहभोज का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक लोकेन्द्र काबरा थे। इस अवसर पर कार्यकारिणी मंडल सदस्य महेश लड्ढा लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, राजेन्द्र समदानी, ओमप्रकाश काबरा, दिलीप लोया, अशोक माहेश्वरी, जयप्रकाश राठी, नवल माहेश्वरी, सचिव कैलाशनारायण राठी, श्यामसुंदर भूतड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष हेमलता गांधी, प्रगति मंडल अध्यक्ष शीतल मूंदड़ा, सचिव मनोरमा मंडोवरा, रश्मि राठी, सोश्यल क्लब अध्यक्ष प्रमोद जैथलिया सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।


हार्दिक शुभकामनाओं सहित...



अतुल राठी

संगठन मंत्री- श्री नगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा
संयोजक- महेश नवमी महोत्सव 2017-19, भीलवाड़ा
मो. 94141-12385

राठी हॉस्पीटल

(A Unit of Rathi Clinic (P) Ltd.) सेवा के 40 साल

सेवा सदन रोड, भीलवाड़ा, 311001 (राज.)
01482-222999, 94136-3535999, 94141-12385

लेप्रोस्कॉपी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन

बच्चेदानी का बिना चीरे ऑपरेशन (NDVH) आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे

शिखर फेरो प्रा. लि.

जय महेश

संस्था पंजीयन क्र. 03/27/01/21409/19

# श्री महेश सामाजिक पारमार्थिक संस्था, इन्दौर

नोद क्र.

मुख्य कार्यालय : श्री माहेश्वरी बोरवेल, 13, रत्नदीप टॉवर, नवलखा बस स्टेण्ड, इन्दौर

मो. : 94250 52183, 98272 34033, 94250 57957, 98260 13164

## अ. भा. माहेश्वरी विवाह योग्य युवक-युवती एवं विशिष्ट प्रत्याशी परिचय सम्मेलन दि. 11,12,13 अक्टोबर 2019

सम्मेलन स्थल : दस्तूर गार्डन, फूटी कोठी चौराहा, रिंग रोड़, स्कीम नं. 71, इन्दौर

E-mail : shrimaheshsamajiksanstha@gmail.com Website : www.shrimaheshsamajiksanstha.com

Bank Name & A/c. No. : HDFC Bank, Gumashta Nagar Branch, Indore A/c. No. 50100276343950 IFSC Code : HDFC0009412

अ. भा. माहेश्वरी महासभा के सभापति आदरणीय श्यामसुंदरजी सोनी के सानिध्य में महासभा के गणमान्य सदस्य मार्गदर्शन के लिए सम्मेलन स्थल उपस्थित रहेंगें।

प्रत्याशी के दो साफ-सुथर कलर फोटो चाहिए

एक फोटो चिपकायें व दूसरे फोटो को फॉर्म के साथ में पिन से लगायें।

कार्यक्रम का शुभारंभ दि. 11/10/19 को प्रात: 9:30 बजे से

युवक ☐ युवती ☐

विशिष्ट युवक ☐ युवती ☐

रसीद क्रमांक .............. दिनांक .................... नगद रु. ................ ड्राफ्ट क्र. ............................

प्रत्याशी की सांख ______ प्रत्याशी का नाम ______

पिताजी का नाम ______ मामा की सांख ______

जन्म दिनांक D D M M Y Y Y Y जन्म समय ................ जन्म स्थान .................... जिला ..............

आयु ☐☐ ऊँचाई ☐☐ वजन ☐☐ रंग ______ रुचि ______

शिक्षा एवं योग्यता ______ अन्य उपलब्धी ______

प्रत्याशी का व्यवसाय / सर्विस ______ पद ______ वार्षिक आय ______

कार्यालय / प्रतिष्ठान का पूरा पता ______

पिता का व्यवसाय ______ वार्षिक आय ______

माताजी का नाम ______ व्यवसाय ______

निवास का पता ______ व्हाट्सअप नं ______

फोन नंबर - एस.टी.डी. कोड ______ निवास ______ व्हाट्सअप नं अभिभावक/पिता ______

ई-मेल ______ व्हाट्सअप नं प्रत्याशी ______

सम्पर्क सूत्र (इन्दौर में) ______ मो. नं. ______

अन्य सम्पर्क सूत्र ______ स्थान ______

प्रत्याशी के ननिहाल का नाम व सम्पर्क ______ मो. नं. ______

पत्रिका मांगलिक है ☐ पत्रिका मांगलिक नहीं है ☐ पत्रिका मिलाना है ☐ पत्रिका नहीं मिलाना है ☐

पारिवारिक जानकारी : भाई - विवाहित ☐ अविवाहित ☐ बहन - विवाहित ☐ अविवाहित ☐

परिवार - संयुक्त ☐ एकल ☐ निवास - स्वयं का ☐ किराये का ☐

विशिष्ट प्रत्याशी - विधवा ☐ विधुर ☐ दिव्यांग ☐ तलाकशुदा ☐ विवाह तारीख................. विभक्त तारीख .................

**पंजीयन शुल्क रु. 1500** **आवास पहले आवें पहले पावें (प्रति यूनिट) रु. 1000**

नोट : उपरोक्त जानकारी सत्यप्रतीत करता हूँ / करती हूँ। पीछे दिये हुए सभी नियम एवं सूचनाओं के पालन का मैं वचन देता हूँ / देती हूँ।
पंजीयन के पश्चात् प्रत्याशी व अभिभावक का चाय- नाश्ता, भोजन एवं हाई टी नि:शुल्क रहेगी।

**Bank Name & A/c. No. : HDFC Bank, Gumashta Nagar Branch, Indore**
**A/c. No. 50100276343950 IFSC Code : HDFC0009412**
**Bank Name & A/c. No. : Union Bank of India, Siyaganj Branch, Indore**
**A/c. No. 326201010038918 IFSC Code : UBIN0532622**

# समाधान एक पहल में लगाई मशीन




**पिपरिया.** माहेश्वरी महिला परिषद द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर समाधान एक पहल कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर सेनेट्री नेपकीन वेंडिग मशीन के उद्घाटन समारोह का आयोजन जनप्रतिनिधि व सामाजिक महिलाओं की उपस्थिति में किया गया। जनपद अध्यक्ष अर्चना-अनिल साहू मुख्य अतिथि व डॉ. सुषमा वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। प्रचार मंत्री अंजू घुरका ने बताया कि पहली मशीन माहेश्वरी महिला परिषद के बैनर तले इनरव्हील क्लब की मंजू झंवर के सहयोग से ब्राईट कॅरियर स्कूल में लगाई गई। वही दूसरी मशीन शासकीय अस्पताल में डॉ. प्रीति श्याम भूतड़ा परिवार के सहयोग से लगाई गई। इस अवसर पर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की सचिव अनिता जावंधिया ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत होशंगाबाद जिले में 45 से अधिक मशीनें जाएंगी। प्रदेश सहसचिव राजश्री राठी व जिला सचिव आशा मालपानी आदि ने प्रोजेक्ट पर प्रकाश डाला।

# स्मार्टफोन से स्मार्ट गृहिणी




**जयपुर.** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा एमएचएस तिलक नगर में 'स्मार्टफोन से बनें स्मार्ट गृहिणी' विषय पर एक टॉक शो संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता सूरत की सीए प्रिया सोमानी थी। श्रीमती सोमानी ने डेबिट, क्रेडिट कार्ड, पेटीएम, गूगल मैप का प्रयोग, फोन द्वारा कैब बुक कराना, ऑनलाइन शॉपिंग करना, ऑनलाइन रेल टिकट बुक कराना जैसी अनेक रोचक एवं उपयोगी जानकारियां दीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उर्मिला-बजरंग बाहेती थीं। जिला महिला संगठन की अध्यक्ष उमा परवाल ने कार्यक्रम हेतु कम्प्यूटर लैब एवं प्रोजेक्टर की सुविधा प्रदान करने पर एमएचएस के शिक्षा सचिव अशोक फलोड़ का आभार माना। जिला संगठन की मंत्री अनुराधा कचौलिया ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 80 महिलाएं उपस्थित थीं।




॥ जय महेश ॥

*महेश नवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं*

**मुकेश काबरा**

पूर्व अध्यक्ष -
**पुराना शहर माहेश्वरी युवा संगठन, भीलवाड़ा**

अध्यक्ष -
**श्री माहेश्वरी बचत समिति, भीलवाड़ा**

संरक्षक -
**पार्वती सेवा संस्थान, भीलवाड़ा**

सचिव -
**भीलवाड़ा क्लॉथ मर्चेन्ट एसोसिएशन, बड़ा मन्दिर भीलवाड़ा**

उपाध्यक्ष -
**माहेश्वरी सेवा सहयोग संस्थान, भीलवाड़ा**

संगठन मंत्री -
**श्री माहेश्वरी समाज सम्पत्ति ट्रस्ट, भीलवाड़ा**

M. 098291-09591

# श्री जयचंदलाल करवा माहेश्वरी होस्टल हुआ लोकार्पित





**नईदिल्ली.** प्रशासनिक सेवाओं की पढ़ाई हेतु दिल्ली आनेवाले माहेश्वरी समाज के युवाओं के लिए पटेल नगर दिल्ली में ए.बी. माहेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नौ करोड़ की लागत से निर्मित ''श्री जयचंदलाल करवा माहेश्वरी होस्टल'' का लोकार्पण गत दिनों हुआ।

अतिथि के रूप में उपस्थित सर्वोच्च न्यायालय के भू.पु. मुख्य न्यायाधीश आर.सी. लाहोटी, ए.बी. माहेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं बद्रीलाल सोनी ट्रस्ट भीलवाड़ा अध्यक्ष तथा माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, अ.भा. माहेश्वरी महासभा के वर्तमान सभापति श्यामसुंदर सोनी, हिमाचल प्रदेश के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी डॉ. श्रीकांत बाल्दी, जयचंदलाल करवा माहेश्वरी होस्टल ट्रस्ट अध्यक्ष नंदकिशोर करवा, बांगड़ ग्रुप ऑपु इंडस्ट्रीज के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हेमंत बांगड़, आनंद राठी ग्रुप अध्यक्ष आनंद राठी, किशनगोपाल सोमाणी, ट्रस्ट सचिव राजेंद्र काबरा, होस्टल के ट्रस्टियों एवं समाज के अनेक प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। समाज सभा में मार्गदर्शन करते हुए श्री सोनी ने कहा कि आज के युवा भविष्य के नीति निर्धारक ही होंगे। अतः समाज को दूरदर्शिता से इस क्षेत्र की ओर ध्यान देना होगा। समाज के प्रशासनिक अधिकारियों को यथासंभव मार्गदर्शन करने का भी आग्रह किया। बाल्दी ने अपने संबोधन में सभी सुविधाओं से सुसज्जित छात्रावास उपलब्ध कराने हेतु श्री जयचंदलाल करवा होस्टल के सभी ट्रस्टीगण विशेषतः नंदकिशोर, नारायणजी तथा कमलकिशोर करवा बंधु एवं उनके परिवार के अथक प्रयासों को साधुवाद दिया। जस्टिस श्री लाहोटी ने अपनी मंत्रमुग्ध करनेवाली शैली में कहा कि प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए किंतु उसका अंतिम लक्ष्य राष्ट्रहित होना चाहिए। सिविल सर्विसेस के क्षेत्र में सज्जन एवं संस्कारित व्यक्ति आएंगे तभी यह क्षेत्र पवित्र होगा। इस अवसर पर हेमंत बांगड़, आनंद राठी आदि वक्ताओं ने भी प्रकल्प को शुभकामनाएं देते हुये सहयोग का आश्वासन दिया। ट्रस्ट के सचिव राजेंद्र काबरा ने ट्रस्ट के कार्य का ब्यौरा देते हुये सभी उपस्थित मान्यवरों का स्वागत किया। मंच संचालन रितु साबू एवं रमेश मर्दा ने किया।

# रक्तदान और हृदय रोग जांच शिविर का हुआ आयोजन



**सांगवी ( पुणे ).** प्रतिवर्षानुसार सांगवी परिसर महेश मंडल की ओर से श्रीमती तुकाबाई जग्गनाथ लोहिया की स्मृति में 18वें रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अंबरनाथ कांबळे (नगरसेवक) ने स्वयं रक्तदान करके किया। मंडळ अध्यक्ष सतीश लोहिया, नगरसेविका शारदा सोनावणे, माई ढोरे, नगरसेवक संतोष कांबळे, श्रीनिवास बढे, जुगलभाऊ मालू आदि मौजूद थे। रक्तदान शिविर में 185 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। निःशुल्क हृदयरोग जांच का 310 लोगों ने लाभ लिया। रक्त संकलन हेतु केईएम हॉस्पिटल एवं मोरया ब्लड बैंक ने सहकार्य किया। पंकज पंपालिया, गणेश चरखा, दीपेश मालाणी, मुकुंद तापड़िया आदि ने इसमें सहयोग दिया।



माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस
महेश नवमी पर समाज बन्धुओं को
हार्दिक बधाई, मंगलकामनाएं
एवं
कोटा (राजस्थान) तथा हम सबके गौरव

# श्री ओम जी बिरला

के **17** वीं लोकसभा अध्यक्ष बनने
की इस महान उपलब्धि पर

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**MJF लायन बद्रीविशाल माहेश्वरी**

पूर्व डि. गवर्नर - लायन्स क्लब इन्टरनेशनल
अध्यक्ष – कोटा जिला वैश्य महासम्मेलन
केबिनेट इडवाईजर - लायन्स डि. 323-3ई2



**श्रीमती आशा माहेश्वरी**

महामंत्री
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन

# समाज ट्रस्ट देंगे 4 करोड़ की आर्थिक सहायता




**भीलवाड़ा.** संगम हाउस में अभा माहेश्वरी एजुकेशन ट्रस्ट (श्रीमती केसरबाई सोनी माहेश्वरी छात्रावास) की बैठक आयोजित हुई। इस ट्रस्ट के मुख्य दानदाता रामपाल सोनी ने बताया कि इसमें 110 छात्रों के आवास की व्यवस्था, लाइब्रेरी, भोजनशाला, वाईफाईयुक्त सुविधा दिए जाने का निर्णय लिया गया। उक्त छात्रावास वर्तमान में किराये के भवन में चल रहा है जिसे एक वर्ष में नए भवन में स्थानांतरिक किया जाएगा।

श्रीकृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट विधवा महिलाओं व समाज के असहाय व्यक्तियों को सहायता प्रदान करता है। ट्रस्ट के संयुक्त मंत्री राधेश्याम सोमाणी ने बताया कि वर्ष 2019-20 में एक करोड़ की सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया। श्री बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केंद्र के अध्यक्ष रामपाल सोनी ने बताया कि इस केंद्र द्वारा उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के लिए बैंक ऋण पर देय ब्याज का भुगतान सहयोग के रूप में किया जाता है। केंद्र द्वारा प्रशासनिक सेवाओं के लिए कोचिंग हेतु 50 हजार से दो लाख तक का सहयाग करने का निर्णय किया गया। जगदीशप्रसाद कोगटा संयुक्त मंत्री ने बताया कि इस वर्ष इस केंद्र द्वारा एक करोड़ रुपए की सहायता का प्रावधान किया गया। श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी द्वारा समाज बंधुओं को गंभीर बीमारी में इलाज हेतु 65 हजार से एक लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। संस्था के मंत्री राधेश्याम सोमाणी ने बताया कि अब तक 8.25 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है एवं इस वर्ष 1.80 करोड़ रुपए सहयोग राशि का प्रावधान किया गया है।

अखिल भारतीय माहेश्वरी एजुकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट कोटा छात्रावास के मंत्री रामावतार जाजू इंदौर ने बताया कि बालिका छात्रावास का 10 करोड़ की लागत से निर्माण कराया जाएगा। अल्पआय वाले परिवारों के बच्चों को छात्रावास में निःशुल्क आवास व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। इन बैठकों में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्यामसुंदर सोनी, महामंत्री संदीप काबरा, अर्थमंत्री आरएल काबरा, उपसभापति अशोक सोमाणी, देवकरण गग्गड़, अशोक बंग, संयुक्त मंत्री जुगलकिशोर सोमाणी, अभा माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष राजकुमार काल्या, अभा माहेश्वरी महिला संगठन की उपाध्यक्षा ममता मोदानी, आरएल नौलखा, एसएन मोदानी, दक्षिण राज. प्रदेश अध्यक्ष कैलाशचंद्र कोठारी, जिलाध्यक्ष दीनदयाल मारू आदि कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

# श्रीमद्‌भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**इंदौर.** पावन सिद्धधाम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्‌भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन नागोरिया पीठाधिपति स्वामीजी श्रीविष्णुप्रपन्नाचार्यजी महाराज के मंगल सान्निध्य में हुआ। समापन अवसर पर सात दिनों से चल रहे हवन, यज्ञ की अनेक दिव्य प्रबंध पाठ द्वारा आहुतियां डाली गईं। यज्ञ की पूर्णाहुति पश्चात श्रीमद्‌भागवत जी का पूजन व कथा प्रवक्ता वैष्णवचार्य श्रीपुंडरीक गोस्वामी का नागोरिया पीठाधिपति स्वामीजी श्रीविष्णुप्रपन्नाचार्यजी महाराज का पूजन व बहुमान किया। दिनेश डागा, अशोक डागा, हर्ष डागा, दीपेश डागा, राजेंद्र सोनी, बालमुकुंद तोषनीवाल, पंकज तोतला, लछु लड्डा, सतीश चोटिया आदि मौजूद थे। सभी ने श्रीमद्‌भागवत महापुराण की परिक्रमा के तत्पश्चात सभी वैष्णवजन द्वारा नागोरिया पीठाधिपति स्वामीजी का भी पूजन कर बहुमान किया। सभी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों का सम्मान कर आभार माना गया।

# समाधान एक पहल का आयोजन



**प्रतापगढ़.** 'समाधान एक पहल' कार्यक्रम के तहत माहेश्वरी महिला मंडल व जिला महिला मंडल द्वारा 28 मई को सेनेटरी नेपकीन वेंडिग मशीन बीएड कॉलेज व सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रतापगढ़ में लगवाई गई। उद्घाटन जिला प्रमुख सारिका मीणा ने किया। कार्यक्रम में विनीता बाहेती, संध्या सोमानी, प्रमिला मंत्री, तारा बाहेती, लीला बाहेती, अनिता बाहेती, मेघा सोमानी, प्रीति सोमानी, श्वेता राठी, तृप्ति ईनानी, रक्षा मूंदड़ा व पार्षद चेतना छोरिया उपस्थित थीं।

> आपको देरी हो सकती है...
> लेकिन समय को नहीं?
> 'समय की क़द्र करें'

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**देवास.** माहेश्वरी महिला संगठन की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. डॉ. वैजयंती माहेश्वरी की स्मृति में उनके जन्मदिवस गत 21 मई को निःशुल्क हड्डी रोग एवं स्त्री रोग निदान एवं उपचार शिविर माहेश्वरी नर्सिंग होम पर आयोजित हुआ। अशोक सोमानी एवं संजय परवाल ने बताया कि शिविर में डॉ. प्रमोद माहेश्वरी, डॉ. पुनित माहेश्वरी एवं डॉ. प्राची माहेश्वरी ने कुल 273 मरीजों का उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवाईयां प्रदान की। शिविर का शुभारंभ मोहनलाल परवाल, डॉ. एम.एम. अग्रवाल, कमलकिशोर भुराड़िया इंदौर एवं अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के कार्यकारिणी सदस्य मुरली मानधन्या ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के कार्यकारिणी सदस्य मुरली मानधन्या ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इस अनुपम कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अशोक सोमानी ने किया। आभार पुनित माहेश्वरी ने माना।

## रामनाम लेखन से बनाई तस्वीर



**कोलकाता.** काकुड़गाछी कोलकाता निवासी कविता डागा को गीता भवन, ऋषिकेश प्रवास के दौरान संतश्री राजेंद्रदासजी महाराज, मलूक पीठाधीश्वर, वृंदावन का सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस शुभ अवसर पर उन्होंने महाराजजी को राम लेखन कला द्वारा बनाई तस्वीर भेंट की। महाराजजी ने इस प्राचीनतम राम लेखन को एक नवीनतम कला में रूपांतरित करने के उनके प्रयास को काफी सराहा।

> जीवन की समस्याओं का 2 ही कारण है –
> 1.हम सोचे बिना कार्य करते हैं या
> 2.हम सोचते ही रहते हैं, कार्य नहीं करते हैं
> आज से हम अच्छा सोचें और
> उसे अमल में लाएँ.

## बालिका संस्कार एवं कौशल्य विकास शिविर



**अकोला.** गीता परिवार अकोला शाखा द्वारा गायत्री बालिकाश्रम, मलकापुर अकोला में 06 से 16 वर्षीय बालिकाओं के लिए गत 14 से 21 मई तक सात दिवसीय संस्कार शिविर आयोजित किया गया। इसमें बालिकाश्रम में निवासरत 50 लड़कियों का सहभाग रहा। इस शिविर में बालिकाओं के स्वास्थ्य से संबंधित प्राणायाम, गीता के 12 अध्याय का पठन, बोधप्रद कहानियों द्वारा नैतिकता का पाठ, रहन-सहन के उचित तौर तरीके आदि विभिन्न बातें बताईं गईं। इसके साथ-साथ कला एवं कौशल विकास की दृष्टि से चित्रकला स्पर्धा रखी थी। कई अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं निर्मित करने की कला भी सिखाई गई। ज्योति बाहेती, वीणा राठी, सीमा राठी, कल्पना भूतड़ा, मृदुला राठी, लीला मालपानी आदि का सहयोग रहा।


महेश नवमी के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं





सुभाषचन्द्र जागेटिया

राकेश जागेटिया
94144-25053

राकेश कुसुम जागेटिया
जिला अध्यक्ष
इन्टरनेशनल माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा

रूपनारायण
तम्बाकू भण्डार

जर्दा, तम्बाकू व बीड़ी के व्यापारी

बाजार नं. 3, भोपालगंज, भीलवाड़ा (राज.) – 311001
फोन – 01482-226393

# कैंसर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**नागपुर.** महेश नवमी पर्व के अवसर पर नगर माहेश्वरी सभा के अंतर्गत श्री माहेश्वरी युवक संघ एवं श्री बड़ी मारवाड़ महिला समिति द्वारा कैंसर जागरूक सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालू, सचिव रामावतार तोतला, माहेश्वरी युवक संघ के अध्यक्ष बनवारी भूतड़ा, सचिव महेश बजाज, श्री बड़ी मारवाड़ माहेश्वरी महिला समिति की अध्यक्ष लता मणियार, सचिव जरूरी बियाणी, मुख्य संयोजक कमल तापड़िया, सचिव राजेश काबरा, कार्यक्रम संयोजक भरत काकाणी, अरुणा पसारी, सहसंयोजक अमित जाजू, अंशु काबरा द्वारा शुभारंभ किया गया। चिकित्सकों का स्वागत पुष्प गुच्छ व स्मृति चिह्न देकर किया गया। सभी डॉक्टरों द्वारा मुंह, स्तन और गर्भाशय कैंसर के लक्षण व निवारण विषय से अवगत कराया व सभी श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। मंच संचालन महेश बजाज व आभार प्रदर्शन जयश्री बियाणी ने किया। कमल तापड़िया ने महेश नवमी के आगामी कार्यक्रमों की सूचना दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिरजू दरक, महेश बंग, गोपाल मंत्री, गिरिराज बियाणी, मनोज लोया, उमेश माहेश्वरी, गोविंद पसारी डॉ. अनिल लद्दड़, मोहन गट्टाणी, मीना दरक आदि का योगदान रहा।

# नवनिर्वाचित सांसद बिरला का सम्मान



**बूंदी.** कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित होने के उपरांत प्रथम बार बूंदी आगमन पर सांसद ओम बिरला का श्री माहेश्वरी समाज की ओर से स्वागत किया गया। पंचायत के प्रचार मंत्री नारायण मंडोवरा ने बताया कि आभार जुलूस आजाद पार्क से शुरू हुआ जो शहर के मुख्य बाजारों में होता हुआ रघुवीर भवन स्थित बिरला रेस्टोरेंट पहुंचा। यहां सैकड़ों की तादाद में उपस्थित समाजबंधुओं ने जिला माहेश्वरी सभाध्यक्ष घनश्याम नकलक व माहेश्वरी पंचायत संस्थान अध्यक्ष जगदीश जैथलिया के नेतृत्व में आतिशबाजी व ढोल ढमाकों के बीच 21 किलो वजनी फूलमाला का हार पहनाकर स्वागत किया। जिला माहेश्वरी सभा के सचिव चंद्रभानु लाठी, पंचायत सचिव विजेंद्र माहेश्वरी, पूर्वी राजस्थान के पूर्व संयुक्त मंत्री राजेंद्र बाहेती, पूर्व जिलाध्यक्ष रेवतीरमन बिरला, महेश क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष संजय लाठी, निदेशक मनीष मंत्री व पूर्व सचिव विनोद मंत्री, पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश बहेड़िया, कोषाध्यक्ष द्वारका जाजू, आयोजन मंत्री संजय मंडोवरा, शिव तोतला आदि सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# जाजू का किया सम्मान



▸▸ **भायंदर ( मुंबई ).** जिला माहेश्वरी सभा एवं माहेश्वरी मंडल भायंदर द्वारा भव्य महेश नवमी शोभायात्रा निकाली गई। इसमें पीली साड़ियों में सजी महिलाएं, सफेद कुर्ते में उत्साही पुरुष वर्ग व ब्लू जींस, सफेद शर्ट में जोशीले युवा, रथ पर विराजमान भगवान की झांकियां, घोड़े, बैंडबाजे ने पूरे शहर को मंत्र मुग्ध कर दिया। रास्ते में तरह-तरह के रिफ्रेशमेंट व शानदार बाइक रैली, दुपट्टे व साफे में सभी निराले लग रहे थे। अंत में भगवान महेश की सामूहिक आरती, प्रसादी व नाश्ते की व्यवस्था थी। महासभा के निर्देश का पालन करते हुए पर्यावरण व जल पर स्लोगन के बैनर तथा नारे से पूरे शहर में एक प्रेरणादायक संदेश दिया।



▸▸ **बीकानेर.** महेश नवमी के पावन पर्व पर माहेश्वरी महिला समिति द्वारा 8 व 9 जून को दो दिवसीय इनडोर गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन महेश भवन डागा चौक में किया गया। महिला समिति पूर्व अध्यक्षा रेखा लोहिया के अनुसार इसके लिए युवा कार्यकर्ता रतन मोहता को खेल प्रभारी नियुक्त किया गया। समिति संरक्षिका किरण झंवर व सरला लोहिया ने बताया कि उद्घाटन प्रमुख समाजसेवी व उद्योगपति जुगल राठी तथा चांदरतन मूंधड़ा (सामाजिक कार्यकर्ता) ने किया। समिति मंत्री कंचन राठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में कैरम, बैडमिंटन, लूडो, टेबल-टेनिस, ब्लैक क्वीन व चैस जैसे खेलों को शामिल किया गया।

▸▸ **बीकानेर.** माहेश्वरी जाति का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी का एक दिवसीय पर्व बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। श्रीकृष्ण माहेश्वरी मंडल अध्यक्ष नारायण बिहाणी ने बताया कि महेश नवमी का पर्व प्रातः 8 बजे से देर रात्रि 11 बजे तक अलग-अलग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। इसमें बीकानेर की सभी स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया। मंडल के कोषाध्यक्ष शिवकुमार चांडक ने बताया कि आयोजित विशाल शोभायात्रा मुख्य आकर्षण बनी रही। शोभायात्रा सांस्कृतिक मंत्री भवानी राठी व महिला समिति सदस्या रेखा लोहिया के निर्देशन में तैयार की गई। इसमें कई



संचेतन झांकियां शामिल थीं। रामकुमार राठी ने बताया कि मगनलाल चांडक, घनश्याम कल्याणी, राजेश बिन्नाणी, जगदीश कोठारी, राजेश झंवर, द्वारकाप्रसाद राठी, सोहनलाल गट्टाणी, विमल दम्माणी, नारायण दम्माणी सहित समस्त समाजजनों का सहयोग रहा। अंत में सामूहिक महाप्रसादी का आयोजन किया गया।



▸▸ **इलकल ( बागलकोट ).** महेश नवमी के उपलक्ष्य में भगवान महेश की शोभायात्रा श्रीराम मंदिर से मैन बाजार व मारवाड़ी गली से निकाली गई। इसमें सभी समाज बंधुओं ने भाग लिया। उसके बाद आरती एवम प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर को सामूहिक भोजन का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर समाज के श्यामसुंदर करवा, रामावतार लाहोटी, जुगल करवा, गोकुल करवा, रामावतार डालिया, श्रीवल्लभ डागा, मुरली तापड़िया, कैलाश धूत, बाबूलाल लोया, बिरजू मालानी, गोरधन करवा, ओम करवा आदि मौजूद थे।



▸▸ **चंद्रपुर.** गत 11 जून को माहेश्वरी युवक मंडल एवं माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मेन रोड चंद्रपुर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस वर्ष 15 दिनों तक भव्य महेश नवमी पर्व महोत्सव के रूप में माहेश्वरी समाज के सदस्यों द्वारा विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विविध प्रकार के खेलों की स्पर्धाओं द्वारा मनाया गया। इस संपूर्ण महोत्सव का प्रकल्प संचालन एवं मार्गदर्शन गोविंद राठी, ऋषभ डालिया, अलका चांडक, इंदु जाजू एवं ऋषिराज जाखोटिया द्वारा किया गया।



▸▸ **हैदराबाद.** माहेश्वरी समाज दिलसुखनगर (रजि.) व महिला मंडल के तत्वावधान में भाग्यश्री फंक्शन हॉल में महेश नवमी महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता, पारिवारिक प्रतियोगिता, संगीत एवं अंताक्षरी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम व मंचीय कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथियों का सम्मान, मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन, समाज के वरिष्ठ नागरिकों का गौरव पुरस्कार से सम्मान किया गया। अतिथि सम्मान के अंतर्गत मुख्य अतिथि रमेश बंग का साफा पहनाकर सम्मान संस्था के संरक्षक ओमप्रकाश राठी एवं स्मृति चिह्न भेंट कर संदीप बिदादा ने किया। अतिथि सत्यनारायण सोमानी का रामप्रकाश फोफलिया व स्मृति चिह्न भेंटकर महेश सारडा ने सम्मान किया। सम्माननीय अतिथि रामपाल अटल व लक्ष्मीनारायण राठी का सम्मान संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत चांडक व संस्था के सचिव श्यामसुंदर राठी ने किया।



▸▸ **नागदा ( उज्जैन ).** श्री माहेश्वरी समाज एवं माहेश्वरी महिला मंडल नागदा के तत्वावधान में महेश नवमी हर्षोल्लास द्वारा मनाई गई। इसमें समाज, माहेश्वरी महिला मंडल, सोशल ग्रुप, कपल ग्रुप एवं युवा संगठन के आयोजन हुए। इसके तहत महिला मंडल एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गईं। साथ खेलकूद का भी आयोजन हुआष्ट प्रातः 6 बजे शंकर मंदिर, रेलवे कॉलोनी स्थित मंदिर में भगवान महेश का महाभिषेक किया गया। इसमें अविनाश तापड़िया, दुर्गाप्रसाद खटौड़ सपत्नीक महाभिषेक में बैठे। तत्पश्चात सभी सदस्यों द्वारा जलाभिषेक किया गया। शाम 4.30 बजे शंकर मंदिर, रेलवे कॉलोनी से समाज का चल समारोह आरंभ हुआ। प्रमुख कार्यक्रम के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कर्यक्रम में समाज के अध्यक्ष सतीश बजाज, महिला मंडल अध्यक्ष सीमा मालपानी, श्री माहेश्वरी सार्वजनिक सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंदलाल मोहता, उज्जैन जिला सचिव गोपाल मोहता, जिला महिला मंडल सचिव हेमा मोहता, महिला मंडल सचिव तारा मोहता सहित समस्त समाजजन शामिल हुए। सामूहिक महाप्रसादी से कार्यक्रम का समापन हुआ।



▸▸ **महू.** माहेश्वरी समाज द्वारा तीन दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के तहत भगवान महेश की रथयात्रा निकाली गई। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह भगवान का पूजन किया गया। प्लाउडन रोड स्थित अतिप्राचीन गोपाल मंदिर से शाम 6.30 बजे आरती के बाद रथयात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा सांघी स्ट्रीट, कोतवाली चौक, मेन स्ट्रीट, कनाट रोड, माणक चौक, फूल चौक, छोटा बाजार, हरिफाटक होते हुए माहेश्वरी उद्योग प्रांगण में समाप्त हुई। यहां पर समाज का स्नेह सम्मेलन भी हुआ।



▸▸ **पुलगांव जिला वर्धा ( महा. ).** माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी पर शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सभी माहेश्वरी बंधुओं ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा के पश्चात मदनमोहन भवन में श्री महेश भगवान की पूजा अर्चना करके महेश वंदना का संगीतमय गान राहुल चांडक एवं शेखर पनपालिया द्वारा किया गया। कमलकिशोर माहेश्वरी द्वारा अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा सभापति का संदेश समाज को दिया गया। संचालन लक्ष्मीनारायण राठी ने किया। अंत में अल्पाहार का आयोजन हुआ।



▸▸ **ब्यावर ( राज ).** श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित महेश नवमी महोत्सव 2019 में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसने 9 जून को प्रातः 10 बजे से माहेश्वरी भवन के विशाल हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर संयोजक राजेंद्र काबरा ने बताया कि शिविर में युवा, पुरुष, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया। इसमें लगभग 41 यूनिट रक्तदान हुआ, जिसे मानव सेवा के कार्य के लिए राजकीय अमृतकौर हॉस्पिटल के रक्तकोष विभाग में जमा करवाया गया। महेश नवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ों समाजबंधुओं ने भाग लिया।



**मलकापुर.** माहेश्वरी समाज द्वारा समाज का उत्पत्ति दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। माहेश्वरी भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसका जगह-जगह पर सभी समाज के लोगों ने स्वागत किया। मंच पर महिला मंडल द्वारा 'निसर्ग से करो दोस्ती-जीवन में आएगी मस्ती' इस विषय पर प्रस्तुति दी गई। शीला टावरी के प्रस्तावना के बाद डॉ. कमल काबरा द्वारा लिखित नाटक की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में किरण जाजू, मनीषा जाजू, रेखा चांडक, रेखा मंडोरा, स्वरूपा मालू, सरला राठी आदि का सहयोग रहा। प्रतिभावान विद्यार्थियों का मेडल देकर सम्मान किया गया। अंत में स्नेह भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



**पुणे.** महेश नवमी कार्यक्रम गत 11 जून को माहेश्वरी परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा महेश नवमी सपरिवार एक नए अंदाज में बड़ी ही धूमधाम से अनुसया सांस्कृतिक हॉल श्री साईं बाबा मंदिर चंदन नगर में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महेश भगवान की पूजा, आरती एवं भजनों के साथ हुई। तत्पश्चात विभिन्न सामाजिक विषयों जैसे समाज संघटन का महत्व, बेटी बचाव बेटी पढ़ावो, स्पर्धा परीक्षा का महत्त्व आदि पर सदस्याओं ने बेहतरीन मनोगत व्यक्त किए। जनकल्याण रक्त पेड़ी के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों एवं व्यक्तियों को वडगांव शेरी विधानसभा के सदस्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश मुलिक के हाथों प्रमाण-पत्र देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना राठी ने किया।

**कलबुर्गी.** महेश नवमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा माहेश्वरी प्रगति मंडल कलबुर्गी, माहेश्वरी महिला मंडल कलबुर्गी, माहेश्वरी युवा मंच कलबुर्गी द्वारा निकाली गई। मार्ग में शोभायात्रा का कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के लोगों ने भी महेश नवमी पर शुभकामनाएं दी व शोभायात्रा का स्वागत फ्रंट रोड पर किया माहेश्वरी वंशोत्पत्ति महेश नवमी पर कर्नाटका प्रदेश के कई मंत्री, विधायक, सांसद सहित जनप्रतिनिधियों ने समाज को महेश नवमी की शुभकामनाएं दीं। उक्त जानकारी दीपक बलदवा ने दी।



**जगदलपुर.** महेश नवमी पर्व बड़े ही धूमधाम से बनाया गया। भव्यशोभा यात्रा हर साल की तरह निकाली गई। समाज के 2 वरिष्ठों को 'समाज श्री', दो वरिष्ठ महिलाओं को 'महिला शिरोमणि', समाज व व्यापार के क्षेत्र में कार्यकर समाज का नाम रोशन करने वाले 2 युवा साथियों को 'युवा रत्न' के रूप में और मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। मंचीय कार्यक्रम के बाद समाज का भोजन और महेश नवमी पर भंडारा भी रखा गया। इसके बाद गोशाला में पौधारोपण व गोवंशों को चारा और खिचड़ी खिलाई गई। जानकारी युवा संगठन अध्यक्ष दीपक पनपालिया ने दी।



**संगमनेर.** अहमदनगर जिला माहेश्वरी सभा के तहत सभी तहसील द्वारा महेश नवमी के अवसर पर 10 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया इसके साथ ही महेश नवमी के तहत जिले की हर तहसील में अलग-अलग समारोह का आयोजन कर रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान जैसे उपक्रम भी लिए गए। रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान जैसे उपक्रम भी आयोजित हुए। रक्तदान शिविर के तहत जिले में 538 समाजजनों ने रक्तदान किया। पर्यावरण रक्षा हेतु जिले में 10 हजार पौधे लगाने का आरंभ प्रवरा परिसर अध्यक्ष नंदकिशोर बंग, राहुरी तालुकाध्यक्ष नंदकिशोर कासट, अहमदनगर तालुकाध्यक्ष समिर सोनी, पाथर्डी तालुकाध्यक्ष रमाकांत लाहोटी तथा उनके सहयोगियों ने किया।


*Rameshwar Lal Bang* 98852-63778 — *Dhansukh Lal Bang* 98850-31067

**Bang Enterprises**
**Dhanalaxmi Textiles**

**Wholesale Cloth Merchants & Cut-Piece Centre**

7-2-306 & 306/1, Ashok Nagar, Main Road, Secunderabad
Ph. : (S) 27705517 (R) 27706458

▸▸ *पूर्वी मप्र. सभी इकाइयों में महेश नवमी के पर्व धूमधाम से मनाया गया। कहीं प्रातः भगवान महेश की शोभायात्रा निकली तो कहीं सायंकाल को, कहीं भगवान रथ में सवार थे तो कहीं पालकी में। सभी जगह पूजन अर्चन किया गया।*




**वृहतर ग्वालियर.** महिला मंडल द्वारा मास्टर एवं मिस माहेश्वरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों के लिए टेक्सचर पेंटिंग एवं प्रेरणादायक कहानी प्रतियोगिता आयोजित की गई। ग्वालियर में ही भजन संध्या एवं कुष्ठ रोगियों को भोजन वितरण किया गया। विष्णु सहस्त्र नाम अर्चना उत्सव हुआ।

**हरदा-**माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वावधान में दीप्ति बियानी के सहयोग से रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल, वृद्धाश्रम में गुलाब के शरबत का वितरण किया गया एवं जिला अस्पताल एवं वद्धाश्रम में ज्योति राठी के सहयोग से फल व बिस्किट का वितरण किया गया। महिला मंडल द्वारा व्यंजन मेला लगाया गया, साथ ही गीत-संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। महिला मंडल द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

**भोपाल-**शरबत वितरण पंचायती मंदिर मारवाड़ी रोड आईएसबीटी, 10 नंबर मार्केट में पूर्वांचल द्वारा किया गया।

**सिवनी मालवा-**भगवान महेश की शोभायात्रा में 'पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ', 'जल ही कल है', 'बेटी बचाओ सुरक्षा बढ़ाओ' नारों से पूरे नगर को संदेश दिया गया साथ ही अस्पताल में मरीजों को दूध, बिस्किट बांटे। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया।

**सागर-**माहेश्वरी बच्चों द्वारा शरबत वितरण किया गया।

**सतना-**मरीजों के 350 परिजनों को निःशुल्क भोजन दिया गया।

**बरेली-** पौधारोपण, शरबत वितरण व मेधावियों बच्चों का सम्मान किया गया।

**गाडरवारा-** बाल कवि सम्मेलन हुआ। इसका कुशल संचालन पार्थ काबरा द्वारा किया गया।

**पिपरिया-** पेंटिंग, निबंध, स्लोगन माहेश्वरी है हम, फैंसी ड्रेस आदि प्रतियोगिता रखी गई। माहेश्वरी सोशल ग्रुप ने समाजबंधुओं को पौधे भेंट किए एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

**इटारसी-** प्रभातफेरी, भोजन प्रसादी हुई।

**शोभापुर-** शशिकांता बाजाज द्वारा 250000 रुपए समाजसेवा के लिए दिए। मालपानी परिवार से सावित्रीबाई, चंदाबाई, रुक्मणि बाई, दुलारी बाई, प्रेमलता मालपानी ने रुक्मणिदेवी मालपानी दादीजी की स्मृति में प्रत्येक ने 51-51 हजार रुपए भेंट किए।

**बीना-** बहुत ही प्रेरणादायी कार्य हुआ जिसमें 51000 बीजों का रोपण किया गया, इनके तैयार पौधे जो समाज में बांटे जाएंगे।

**कुंभराज-**बच्चों की फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद, लिफाफे बनाना, बिना कांच के तैयार होना, जैसा देश वैसा भेष आदि स्पर्धाएं हुईं।


**गुना-** निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच भर्ती शिविर लगाया गया। साथ ही 'हमारे बुजुर्ग-हमारी पहचान' नाटक, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, बच्चों के फैशन शो आदि आयोजित किए गए।

**कटनी-** 40 लोगों ने रक्तदान किया। निर्जला एकादशी के दिन कृष्णकुमार, सुमन सादानी, राजा गिरधर द्वारा लस्सी वितरण किया गया।

**जबलपुर-** सभी वर्गों के लिए खेल स्पर्धाएं हुईं।

**बनखेड़ी-** जल ही जीवन है प्रोजेक्ट के तहत रामदेव शुगर मिल द्वारा ग्रामीणों को टैंकर से पानी उपलब्ध कराया गया।

**सीहोर-** माहेश्वरी समाज, महिला मंडल व युवा संगठन के तत्वावधान में सात दिनी महेश नवमी उत्सव मनाया गया। 16 तारीख को इसका समापन किया गया। महिला मंडल द्वारा लौकी के व्यंजन, तात्कालिक लेखन, ख्याली गीत, फैंसी ड्रेस, मोनो एक्टिंग आदि स्पर्धाएं आयोजित हुईं। सभी का पारितोषिक वितरण किया गया। प्रतिभावान बच्चों का सोडानी परिवार ने सम्मान किया। महिला मंडल द्वारा वरिष्ठ महिला सुमन झंवर का भी शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी तरह महिला मंडल द्वारा जिले की मेरिट लिस्ट में आने पर अनिमेष झंवर व अंशिता मंत्री को सिल्वर मेडल से नवाजा गया।



जयकुमार मालु
92140-44234


महेश नवमी के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं

॥ जय महेश ॥

नर्मदा एग्रो इण्डस्ट्रीज

हमारे यहां शटर, सेक्शन विण्डो, इलेक्ट्रोनिक गेट, शटर चेनलगेट आदि का कार्य लेबर चार्ज से किया जाता है

पन्नाधाय सर्कल, आजाद नगर, भीलवाड़ा - 311001 (राज.)


मुकेश मालु
92693-91120



▸▸ **सिलीगुड़ी.** स्थानीय माहेश्वरी समाज की ओर से महेश नवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ सुबह सुसज्जित शोभायात्रा नगर परिक्रमा के संग हुआ। शोभायात्रा में समाज के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियां सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों में शिव दरबार, राम दरबार, नारद मुनि एवं पर्यावरण की विशेष झांकी शामिल थी। शोभायात्रा के पश्चात माहेश्वरी सेवा सदन में लुडो स्पर्धा, बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। इसके अलावा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें 102 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। कार्यक्रम के दूसरे चरण में शाम को मुख्य आयोजन हुआ। उद्‌घाटन संयुक्त आयोजक संस्था उत्तर बंगाल माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, माहेश्वरी सभी सिलीगुड़ी, माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी युवा संस्था के पदाधिकारियों ने किया। इस मौके पर समाज के 20 से ज्यादा मेधावियों का अभिनंदन किया गया। अंत में संध्या पश्चात स्वरुचि भोज आयोजित हुआ।



▸▸ **मोर्शी.** महेश नवमी महोत्सव अंतर्गत 11 जून को जपाली हनुमान मंदिर में उमा महेशजी का अभिषेक नरेश राठी एवं मनोहर टावरी द्वारा किया गया। सभी उपस्थितों के लिए नाश्ते का प्रबंध भी किया गया था। भव्य शोभयात्रा मोर्शी शहर की पहली नागरिक नगराध्यक्ष के निधन की वजह से स्थगित कर दी गई। अगले दिन 12 जून सुबह 9 बजे गौरक्षण संस्थ, मोर्शी (येरला) में गाय को चारा देकर पौधारोपण किया गया। राधेश्याम राठी (गौरक्षण संस्था अध्यक्ष), गोपीकिशन बियाणी (माजी अध्यक्ष), डॉ. श्याम राठी, डॉ. संतोष राठी आदि उपस्थित थे। इसके साथ ही रोगियों को फल वितरित किए गए। रक्तदान शिविर व विभिन्न खेलकूद स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया।

▸▸ **कोलकाता.** माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी महोत्सव गत 11 जून को माहेश्वरी भवन में धूमधाम से मनाया गया। सुबह 8.30 बजे कार्यक्रम संयोजक सत्यनारायण बाहेती द्वारा सपत्नीक भगवान महेश का रुद्राभिषेक किया गया। सायंकाल 6.30 बजे से अभिनंदन समारोह, संगीतमय माहेश्वरी वंशोपत्ति मनमोहक नृत्य नाटिका एवं सहभोज का आयोजन किया गया। डॉ. नरसिंगदास दम्मानी का विगत 47 वर्षों से



सेवा समिति को दी जा रही निरंतर सेवा को ध्यान में रखते हुए अभिनंदन किया गया। समारोह अध्यक्ष केसरीचंद डागा, प्रधान अतिथि सत्यनारायण दरगड़ एवं प्रधान वक्ता रामरतन लाहोटी थे। सभा के मंत्री पुरुषोत्तमदास मूंधड़ा ने प्रतिवेदन रखे। अंत में समाज के हजारों बंधुओं ने सहभोज का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक, सभा पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं सभा सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संयोजक संजय बियानी एवं अंकित डागा ने किया। जानकारी सभामंत्री पुरुषोत्तमदास मूंधड़ा ने दी।



▸▸ **हैदराबाद.** श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल एवम महिला मंडल चप्पल बाजार के तत्वावधान में श्री महेश नवमी महोत्सव जैन भवन ईडन बाग राम में आयोजित किया गया। मंत्री भरत जाजू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 11 जून को श्री सत्यनारायण मंदिर चप्पल बाजार में महारुद्राभिषेक से सुबह 6:31 बजे से हुई। इसके बाद आरती, महेश वंदना, प्रभातफेरी, ध्वजारोहण अल्पाहार के साथ प्रातःकाल का कार्यक्रम हुआ। सायंकाल का कार्यक्रम जैन भवन ईडन बाग रामकोट में आयोजित हुआ। मंडल के अध्यक्ष कैलाश काबरा, मंत्री भरत जाजू ने अतिथि गोपाल बल्दवा, मुख्य अतिथि जयदेव बल्दवा, देवेंद्र झंवर, सुनित झंवर, विशेष अतिथि साईंप्रसाद धूत का स्वागत किया। मेधावी विद्यार्थियों तथा समाज गौरव वयोवृद्धों का सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महेश नवमी चरित्र, गणेश वंदना, महेश वंदना के साथ साथ कई नृत्य प्रस्तुत हुए।

▸▸ **हावड़ा.** माहेश्वरी सभा, महिला संगठन एवं युवा मंच हावड़ा के तत्वावधान में 11 जून सुबह 9 बजे भगवान महेश की पूजा मुख्य यजमान अनिता-अनिल लाखोटिया द्वारा माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट कार्यालय फजीर बाजार में की गई। स्थानीय बालाजी बैंकवेट हॉल (अवनी मॉल) हावड़ा में महेश नवमी महोत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रम 2100 के करीबन समाज सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम तत्पश्चात सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह अध्यक्ष रमेश



तापड़िया पूर्वांचल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काठमांडू थे। स्वागताध्यक्ष नंदकिशोर लाखोटिया पूर्वांचल संयुक्त मंत्री थे। प्रधान अतिथि शिवरतन झंवर व मोतीलाल राठी थे। मुख्य अतिथि भंवरलाल राठी ने माहेश्वरी समाज में अंतरजातीय विवाह एवं माहेश्वरी जाति की घटती जनसंख्या की उत्पन्न स्थिति के प्रति चिंतन मनन करने को कहा। शोभा सादानी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, मंजू कोठारी पूर्वांचल सहमंत्री, पंकज राठी युवा पूर्वांचल उपाध्यक्ष, निर्मला मल्ल प्रदेशाध्यक्ष महिला संगठन, मनीष मोहता प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष आदि कई गणमान्यजन मौजूद थे।



▸▸ **मांडल ( जिला भीलवाड़ा ).** महेश नवमी महोत्सव 2019 धूमधाम से मनाया गया। समाज की विभिन्न खेलकूद गतिविधियां आयोजित हुईं। महेश नवमी के दिन प्रातः महेश भगवान का अभिषेक किया गया। शाम को 5 बजे शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरकर माहेश्वरी भवन पहुंची। शोभायात्रा के बाद आरती, पुरस्कार वितरण समारोह, मेधावी विद्यार्थियों व खेलकूद की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। नगर अध्यक्ष कृष्णगोपाल ईनानी, तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश बिड़ला सहित अन्य विशिष्ट समाजजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पवन मंडोवरा ने किया।

▸▸ **भोपाल.** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के अवसर पर स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा 9 से 11 जून तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला माहेश्वरी सभा के मार्गदर्शन में 9



जून को विशाल रक्तदान शिविर में 115 यूनिट रक्तदान किया गया। 10 जून को जिला माहेश्वरी महिला संगठन के नेतृत्व में गर्ल्स होस्टल और कॉलेजों में 9 सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन डोनेट की गईं। महेश नवमी का मुख्य आयोजन 11 जून को मारवाड़ी रोड स्थित पंचायती मंदिर पर हुआ। जहां से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के साथ ही मध्यांचल में पंचायती मंदिर मारवाड़ी रोड पर, पूर्वांचल में इंद्रपुरी स्थित तुरंत महादेव मंदिर एवं दक्षिणांचल में त्रिलंगा स्थित हनुमान टेकरी पर भगवान महेश का अभिषेक अर्चन किया गया। इसी प्रकार अंचलों द्वारा क्रमशः मारवाड़ी रोड आईएसबीटी और 10 नंबर पर शर्बत वितरण भी हुआ।



▸▸ **बिछोर.** तहसील माहेश्वरी समाज बैगूं का द्वितीय महेश नवमी महोत्सव का आयोजन बिछोर में हुआ। तहसील अध्यक्ष अनिल सोमानी ने बताया कि अल्पाहार के बाद विशाल शोभायात्रा भगवान महेश की झांकी के साथ निकली। अनेक जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। समापन सोमानी रिसोर्ट पर हुआ। यहां भगवान महेश की भव्य महाआरती हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजजनों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष कैलाश मंत्री ने किया। प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष सीपी नामधरानी, जिलाध्यक्ष प्रदीप लड्ढा, अर्जुन मूंदड़ा, लक्ष्मीलाल, रामकिशन नराणीवाल, सतीश बसेर, रामस्वरूप पोरवाल, सत्यनारायण सोमाना सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे। आभार तहसील मंत्री बद्रीलाल गट्टानी ने व्यक्त किया। अंत में स्नेहभोज का कार्यक्रम आयोजित हुआ।



▸▸ **भिलाई.** सेठ श्री किशन रामप्यारीबाई माहेश्वरी कन्या छात्रावास एवं सेठ श्री मीठालाल राठी माहेश्वरी छात्रावास में माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में सभी विद्यार्थी, वार्डन एवं ट्रस्टी सम्मिलित हुए। प्रातः 10 बजे छात्रावास की छात्रा स्नेहल गांधी के मंच संचालन से आराध्य भगवान श्री महेश की स्तुति के साथ कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। संचालक समिति के अध्यक्ष बालकिशन झंवर, अध्यक्षा रश्मि लखोटिया एवं सुशीला भूतड़ा ने पूजा-अर्चना की। छात्र पलक बांगड़ एवं छात्र वैभव टावरी ने आभार प्रकट किया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



▸▸ **दुर्ग.** माहेश्वरी समाज ने अपने उत्पत्ति दिवस महेश नवमी को उत्साह से मनाते हुए समाज के प्रत्येक घरों में माहेश्वरी समाज के प्रतीक चिह्न को प्रदर्शित करने वाले ध्वज लहराए। इस हेतु प्रत्येक घरों में श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग द्वारा ध्वज का वितरण किया गया था। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संयुक्त मंत्री दक्षिणांचल अभा माहेश्वरी महासभा सतीश चरखा जलगांव का द्वितीय सत्र में आयोजित टॉक शो अपनों से अपनी बात था। उन्होंने टॉक शो में पारिवारिक परिवेदना व संगठन हमारी अपेक्षाएं हमारी जिम्मेदारियां जैसे विषयों पर बात की। महेश नवमी कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सुबह शोभायात्रा बाबा रामदेव मंदिर से निकली। फिर भगवान का अभिषेक, पूजा व आरती हुई। वृद्धाश्रम पुलगांव दुर्ग में भोजन वितरण व दोपहर को शरबत वितरण महेश चौक गंजपारा में किया गया। विभिन्न कक्षाओं में 'उत्कृष्ट' प्रदर्शन करने पर 'प्रतिभाओं' का 'सम्मान' भी किया गया। साथ ही वयोवृद्ध 'बुजुर्गों' को उनकी समाज जागृति सहभागिता हेतु 'सम्मानित' किया गया। रात्रि में सामाजिक सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक राणा भूतड़ा ने उक्त जानकारी दी।



▸▸ **नागपुर.** माहेश्वरी समाज की नगर माहेश्वरी सभा नागपुर एवं अन्य सभी संस्थाओं द्वारा तकरीबन एक माह तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ महेश नवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ 18 मई को हुआ। इसमें 'महक रिश्तों की', 'भाग्य का खेल' व टैक्स से संबंधित जानकारी आदि कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 28 मई को समस्त माहेश्वरी महिला समिति द्वारा तकरीबन 50 जगह सैनिटरी पैड मशीन स्थापित की गई। 2 जून को डॉ. बीके शर्मा द्वारा कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। 8 जून को अल्काश्री द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन तथा 8 व 9 जून को खेल स्पर्धाएं हुईं। अल्काश्री के मुखारविंद से सुंदरकांड का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 163 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। डॉ. शीला मूंधड़ा द्वारा सभी दानदाताओं का अभिनंदन किया गया। समस्त समाज बंधुओं द्वारा पूर्व व पश्चिम से रैली निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर माहेश्वरी सभा नागपुर एवं नागपुर की सभी माहेश्वरी संस्थाओं द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भगवती महेश बलदवा एवं विशेष अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्याम सोनी थे।





▸▸ **भुसावल ( महा. ).** माहेश्वरी समाज एवम सभी स्थानीय माहेश्वरी संस्थाओं के सहयोग से 4 दिवसीय महेश नवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें माहेश्वरी टैलेंट, आनंद मेला, माहेश्वरी फैमिली बॉक्स क्रिकेट लीग आदि का आयोजन किया गया। 11 जून सुबह भगवान शिवजी की पूजा, अभिषेक और आरती की गई। पौधारोपण, शरबत वितरण व गौसेवा लापसी खिलाकर की गई। शाम 6 बजे भगवान महेश की शोभायात्रा निकाली गई। महेश नवमी के प्रमुख अतिथि जलगांव जिला महासभा उपाध्यक्ष तथा जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद हरीश मूंदड़ा तथा कार्यक्रम अध्यक्ष दीपचंद लड्ढा थे। अतिथियों के हाथों समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



▸▸ **कोटद्वार ( उत्तराखंड ).** स्थानीय माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी धूमधाम से मनाई। 10 जून को महेश नवमी पर्व की पूर्व संध्या पर भी विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस शुभ अवसर पर माहेश्वरी इतिहास व महेश वंदना के पश्चात रंगारंग कार्यक्रम हुए। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। समाज के वरिष्ठ डॉ. वेदप्रकाश गिलड़ा शैवाल, नरेंद्रकुमार मालपानी, विजयकुमार गिलरा, मानकचंद एवं राजदीप मूंदड़ा, गोविंद लड्ढा, योगेंद्र गिलरा आदि मौजूद थे।

▸▸ **पुणे.** पूर्व माहेश्वरी परिवार ने महेश नवमी कार्यक्रम 11 जून को माहेश्वरी परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा सपरिवार एक नए अंदाज में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों व व्यक्तियों का वडगाव शेरी विधानसभा के सदस्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आमदार जगदीश मुलिक के हाथों प्रमाण-पत्र देकर सम्मान किया गया। राहुल सोनी को उनकी कार्यरत कंपनी को स्टार परफॉर्मर का अवॉर्ड मिलने पर समाज द्वारा सम्मान स्वरूप पारितोषिक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।


श्री महेश बचत एवं साख सहकारी समिति लि. संजय कॉलोनी, भीलवाड़ा
।। जय महेश ।।
संचालक मण्डल
महेश नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
।। जय महेश ।।
कैलाश चन्द्र मून्दड़ा
अध्यक्ष
92149 15309
बालमुकन्द राठी
मंत्री
92148 96195
श्याम सुन्दर समदानी
उपाध्यक्ष
98290 31814
रतनलाल सामरिया
कोषाध्यक्ष
90010 97370
कैलाशचन्द्र डाड
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
90796 99766
लक्ष्मीलाल लड्ढा
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
94137 68211
मोहनलाल मंत्री
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
78782 85803
रामराय गट्टाणी
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
98292 72196
अशोक झंवर
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
94141 14645
चन्द्रेश मून्दड़ा
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
94146 86397
सत्यनारायण सोमानी
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
99282 42818
मुकेश काष्ट
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
95498 76575
जगदीश चन्द्र समदानी
क्षेत्रीय प्रतिनिधि
94141 15682
पता - 130, विद्युत नगर, संजय कॉलोनी, भीलवाड़ा ( राज. ), फोन : 01482-230881



माहेश्वरी में प्रबंधन की विलक्षण क्षमता है। लगता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी समाज की इसी क्षमता को पहचान कर देश के इतिहास में प्रथम बार 'माहेश्वरी' को लोकसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। कोटा के सांसद ओम बिड़ला देश में राजस्थानी मूल से भी लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले प्रथम व्यक्ति हैं। जैसे ही यह खबर राजस्थानी समाज व कोटा में पहुंची लोग खुशी से झूम उठे।

▸▸ टीम SMT

# देश की शीर्ष विधायिका के अध्यक्ष बने कोटा सांसद ओम बिड़ला

कोटा-बूंदी से लगातार दूसरी बार सांसद बने ओम बिड़ला को लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए राजग ने उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने गत 18 जून को ही अपनी दावेदारी का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंप दिया। वे राजस्थान मूल के पहले सांसद होंगे जो स्पीकर बनें। इससे पहले बलराम जाखड़ 1984 में सीकर से जीतकर लोकसभा अध्यक्ष बने थे। सूत्रों के मुताबिक 13 प्रस्तावकों ने बिरला के लिए समर्थन पत्र दिया। अगले दिन हुए चुनाव में श्री बिड़ला निर्वाचित घोषित किये गये। उनके प्रस्तावकों में पीएम नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथसिंह के साथ लोजपा, बीजद, शिवसेना, अकाली दल आदि दलों के नेता शामिल हैं। बिड़ला को उम्मीदवार बनाए जाने से पूर्व कई वरिष्ठ नेताओं का नाम सुर्खियों में था। लेकिन एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने चौंकाने वाला फैसला लिया। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के संसदीय बोर्ड में बिरला को लोकसभा अध्यक्ष बनाए जाने का फैसला कर लिया गया था लेकिन इस फैसले की जानकारी 18 जून को सुबह ही दी गई।





## पूरा परिवार भी आश्चर्यचकित

ओम बिड़ला की पत्नी डॉ. अमिता बिड़ला ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे अचानक श्री बिड़ला ने उन्हें बताया कि उन्हें लोकसभा पहुंचना है और वहां उन्हें लोकसभा अध्यक्ष बनाया जा रहा है। सुनकर डॉ. अमिता चौंक गईं। उन्होंने कहा ऐसा कुछ आभास तो था कि कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, लेकिन इस पद के बारे में कभी ओम बिड़ला ने जिक्र नहीं किया। तब सुनकर लगा भी नहीं कि यह इतनी बड़ी जिम्मेदारी है। फिर जैसे-जैसे परिवार को बताया तो सभी चकित रह गए। दिन में लोगों की प्रतिक्रिया आने के बाद लगा कि काफी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए श्री बिड़ला के परिजनों ने दिल्ली के लिए देहरादून से स्पेशल बोगी बुक करवाई। इसमें 72 सीटों की बुकिंग परिजनों ने करवाई थी। परिजन कोटा से रवाना हो गए।

## पूरे शहर में मना जश्न

18 जून की सुबह शिक्षा नगरी कोटा के लिए बड़ी खबर ले आई। कोटा-बूंदी के सांसद ओम बिड़ला को लोकसभा अध्यक्ष बनाने की खबर कोटा पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उत्सव मनाना शुरू कर दिया। शहर भर में जगह-जगह आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया, जो दिनभर चलता रहा। लोग मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को बधाइयां दे रहे थे। बिड़ला के शक्ति नगर स्थित आवास के बाहर तो ऐतिहासिक माहौल था। कार्यकर्ताओं का उत्साह ऐसा था कि लगातार तीन घंटे तक पटाखों की गूंज रही। कोई लड्डू खिला रहा था तो कोई गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दे रहा था। शहर महामंत्री जगदीश जिंदल ने बताया कि इसके अलावा करीब 100 कार्यकर्ता अलग-अलग ट्रेनों से और इतने ही कार्यकर्ता निजी वाहनों से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली में भी एक दर्जन होटलें बुकिंग करवाई गई।

## बिड़ला परिवार ने लिया पिताजी का आशीर्वाद

लोकसभा अध्यक्ष बनाए जाने की सूचना मिलने पर सुबह 10 बजे श्री बिड़ला के पिता श्रीकृष्ण बिड़ला परिवारजनों के साथ शक्तिनगर स्थित आवास पर आ गए। यहां पहले से मौजूद बड़े भाई राजेश और हरिकृष्ण बिड़ला ने उनका आशीर्वाद लिया और परिवार की महिलाओं ने मंगल गीत गाकर मुंह मीठा कराया। ओम बिड़ला की तीनों बहनें उषा न्याती, निशा मरचूनिया तथा दिशा काबरा भी पहुंच गईं थी और भाई की सफलता पर खुशी में झूम रही थी। उल्लास के इस माहौल में छोटे बच्चे अपने आपको रोक नहीं पा रहे थे और ओम बिड़ला जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। दोपहर एक बजे तक सैकड़ों की संख्या में कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र से कार्यकर्ता पहुंच गए थे। दूरदराज से आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए नाश्ते की व्यवस्था थी। छोटे भाई नरेंद्र बिड़ला परिवारजनों को दिल्ली ले जाने की तैयारी में जुटे हुए थे।















## छात्र राजनीति से शुरुआत

राजनीति में अलग पहचान रखने वाले कोटा-बूंदी सांसद ओम बिरला ने छात्र राजनीति से जो सफर शुरू किया था, आज एक बड़े पड़ाव पर पहुंच गया है। श्री बिरला ने राजनीतिक जीवन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुमानपुरा (मल्टीपरपज स्कूल) से प्रारंभ किया। 1977 में पहले बार छात्रसंघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके बाद लगातार राजनीति में सफलता के एक-एक पायदान चढ़ते गए। कॉमर्स कॉलेज में भी संयुक्त सचिव रहे। मोर्चा से सम्बद्ध होकर आज भी बिड़ला युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। मोर्चा के कोटा अध्यक्ष रहे। फिर लंबे समय तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। इसके बाद मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे। तब एमपी के पूर्व सीएम शिवराजसिंह चौहान राष्ट्रीय अध्यक्ष थे।

## कोटा की सराहना से हर्ष

सांसद ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने पर दिए गए उद्बोधन में प्राधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कॅरियर सिटी कोटा के कोचिंग की जमकर सराहना की। अब तक जनसभाओं में कई बार एजुकेशन सिटी कोटा का उल्लेख करने वाले प्रधानमंत्री जी ने संसद में कहा कि कोटा वो धरती है जो शिक्षा का काशी बन गया है, जो कॅरियर को प्राथमिकता देता है वो कोटा को पसंद करता है, कोटा में रहेगा, कोटा में पढ़ेगा, कोटा से जिंदगी बनाता है। राजस्थान का यह छोटा सा शहर एक तरह से लघु भारत बन गया है। समाजसेवी बद्रीविशाल माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस संबोधन से शहरवासियों में उत्साह है।

## एक सच्चे समाजसेवी

वे गरीबों की मदद कर मुख्य धारा में लाने के लिए भी प्रयासरत रहते हैं। आज बिड़ला की पहल पर ही शहर में सुबह-शाम गरीबों को भोजन कराया जाता है। बिड़ला ने निर्धनों के तन ढंकने के लिए निःशुल्क परिधान उपहार केंद्र स्थापित किया, जो आज भी संचालित है। टेलर लगा रखे हैं तो जरूरतमंद के अनुसार कपड़े तैयार करते हैं। श्री बिड़ला का कहना है कि सर्दी में जरूरतमंदों को कम्बल ओढ़ा रहे थे, तो एक व्यक्ति ने कहा बाबूजी दो दिन से खाना नहीं खाया है। उस असहाय के शब्दों ने बिड़ला को रातभर सोने नहीं दिया। उन्होंने उसी रात ठान ली थी कि जरूरतमंदों के लिए ऐसा काम करेंगे कि एक भी व्यक्ति रात को भूखा नहीं सोएगा। दूसरे दिन ही जन सहयोग से 'प्रसादम्' प्रकल्प शुरू किया।

## सहकारिता को लाभदायक बनाया

बिरला के पिता श्रीकृष्ण बिड़ला सहकारी नेता थे और प्रदेश की सबसे पुरानी कोटा कर्मचारी सहकारी समिति (सभा नम्बर 108) के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे। पिता से श्री बिड़ला ने सहकारी संस्थाओं को कैसे सुव्यवस्थित संचालित करना है, यह सीखा। राज्य सरकार ने कोटा सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार को लगातार घाटे के चलते बंद करने का ऐलान कर दिया। श्री बिड़ला 1989 में भंडार के अध्यक्ष बने। उन्होंने अपने कुशल प्रबंधन से मात्र दो साल में घाटे में चल रहे भंडार को लाभ में ला दिया, जो आज भी लाभ से संचालित है। श्री बिड़ला के सहकारी कॉन्सेप्ट को प्रदेशभर में लागू किया गा। बिड़ला फिर राजस्थान सहकारी उपभोक्ता भंडार के और फिर राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ नई दिल्ली के वाइस चेयरमैन बने।

## तीन बार विधायक व दूसरी बार सांसद

श्री बिड़ला का जन्म 4 दिसम्बर 1962 को सहकारी कर्मी श्रीकृष्ण बिड़ला के यहां हुआ था। आपने स्नातकोत्तर (वाणिज्य) तक शिक्षा प्राप्त की लेकिन राजनीति को ही जीवन का लक्ष्य बनाया। डॉ. अमिता बिरला के साथ परिणय सूत्र में बंधने तथा बेटियों आकांक्षा व अंजली की जिम्मेदारी को निभाने के बावजूद उनकी राजनीतिक यात्रा तेजी से चलती रही। छात्र राजनीति के बाद वर्ष 2003 में प्रथम बार विधायक चुने गये और राज्य सरकार के संसदीय सचिव (राज्यमंत्री) की जिम्मेदारी भी संभाली। फिर वर्ष 2008 व 2013 में भी विधायक निर्वाचित होकर तीन बार विधायक निर्वाचित होने का कीर्तिमान बना लिया। वर्ष 2014 में प्रथम बार कोटा बूंदी संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गये और इस वर्ष 2019 में दोबारा यहां से ही सांसद चुने गये। उनकी इन उपलब्धियों का तोहफा लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित कर भाजपा ने उन्हें दिया है।



# पिताजी श्री श्रीकृष्ण बिड़ला की कलम से.....

नौ बेटे-बेटियों में ओम पांचवें नम्बर के हैं। ओम पढ़ाई में बचपन से ही होशियार था, लेकिन पढ़ाई से ज्यादा उसकी रुचि नेता बनने में थी। तीन साल का था तब ही कह दिया कि बाऊजी नौकरी नहीं करूंगा..., मैं तो नेता बनूंगा। नेता बनने का जुनून ऐसा था कि शाम को सारे बच्चे हॉल में बैठ जाते थे और अंताक्षरी खेलते तो ओम खड़ा हो जाता और नेता की तरह माइक लेकर भाषण देना शुरू कर देता था। मैं वाणिज्यिकर विभाग में कार्मिक के साथ सहकारी कर्मचारी समिति (सभा नम्बर 108) से जुड़ा हुआ था। जब समिति के सदस्य घर आते तो मैं सारे बच्चों को अंदर भेज देता था, ओम चाय की केटली और कप लेकर आ जाता और हमारे बीच बैठ जाता था। हम राजनीतिक बातें करते तो वह बहुत गौर से सुनता और बीच-बीच में बोल पड़ता था। लीडरशिप के गुण बचपन में दिखने लग गए थे। मैंने ओम की राजनीतिक काबिलियत देखकर कभी उसको रोका नहीं, बल्कि उसका हौंसला बढ़ाया। राजेश (राजेश कृष्ण बिरला) को भी राजनीति में रुचि थी और ओम से पहले राजेश राजनीति में सक्रिय हो गया था। लेकिन राजेश का मल्टीपरपज स्कूल में छात्रसंघ अध्यक्ष बनने का नम्बर आया तो उसने ओम को आगे बढ़ा दिया। राजेश हमेशा ओम के राजनीतिक मार्गदर्शक की भूमिका में रहा और ओम को आगे बढ़ाने के लिए राजनीति में खुद पीछे हो गया। ओम की मां शकुंतला ने हमेशा मनोबल बढ़ाया। ओम के साथी शाम को घर आ जाते थे, तो शकुंतला सबके लिए खीर और पुड़ी बनाती थी। मुझे विश्वास था कि ओम निश्चित रूप से उन्नति करेगा। मैं सोचता था कि ओम एक दिन मुख्यमंत्री बनेगा। लोकसभा अध्यक्ष बनने की मैंने सोची नहीं थी। बहू अमिता (ओम बिड़ला की पत्नी डॉ. अमिता) का फोन आया। उन्होंने यह खुशखबर देकर आशीर्वाद लिया। मैं सौभाग्यशाली पिता हूँ जिसे जीवन के सातों सुख प्राप्त हैं। जब भी ओम कोई काम करता है, मुझसे आशीर्वाद लेकर व उसकी मां के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर करता है। लोकसभा अध्यक्ष के पद पर ओम को देखकर बहुत खुश हूँ। कोटा ओम का गृह जिला है, इसलिए निश्चित रूप से कोटा की जनता को फायदा होगा। ओम पिछले पांच साल कोटा में हवाई सेवा के लिए प्रयासरत रहा है। कुछ दिनों हवाई सेवा चालू भी हुई, लेकिन बंद हो गई। इसे नियमित चालू करवाने के प्रयास करने चाहिए। कोटा औद्योगिक नगरी है, उद्योग बंद हो गए हैं। उद्योगों का पुनर्संचालन करवाना चाहिए। शिक्षा नगरी के लिए बढ़िया काम करना चाहिए।

## समाज के लिए गौरव की बात



यह पूरे माहेश्वरी समाज के लिए गौरव की बात है कि एक साधारण माहेश्वरी परिवार का सपूत आज देश की सर्वोच्च संस्था लोकसभा के अध्यक्ष के पद पर पदासीन हुए हैं। माहेश्वरी समाज ही नहीं पूरे वैश्य समाज, कोटावासी व राजस्थान ही नहीं पूरे भारत देश के माहेश्वरी समाज के लिए गर्व और गौरव व भारत देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव की बात है कि भाई ओम बिरला लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं। उनकी मेहनत, हिम्मत व लगन तथा परिवारों के पूर्ण सहयोग ने उन्हें इस प्रतिष्ठित मुकाम पर पहुंचाया। श्री बिरला जी एवं उनके पूरे परिवार का हम अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामना देते हैं।

**- श्रीमती आशा माहेश्वरी**

राष्ट्रीय महामंत्री, अभा माहेश्वरी महिला संगठन

## यह गौरवपूर्ण क्षण



आदरणीय ओमजी भाई साहब को बधाई। दुनिया के सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाली भारतीय संसद के अध्यक्ष पद पर आपका आना निश्चित ही गौरवपूर्ण है। आपका कार्यकाल यशस्वी हो। यही कामना है।

**- संदीप काबरा**

महामंत्री, अभा माहेश्वरी महासभा

## सकारात्मक निर्णयों से समाज गौरवान्वित



संपूर्ण माहेश्वरी समाज को बिड़ला जी पर गर्व है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी आपके बारे में इतनी सूक्ष्म जानकारी रखते हैं, उनके श्रीमुख से सुनकर बहुत गर्व हुआ। सच है मूक और विभिन्न सर्वहितार्थ सेवाओं ने आज आपको इस महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाया है। आप लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में पूरे देश की विलक्षण सेवा करने वाले हैं। आपके सदन में दिए गए सकारात्मक निर्णयों से अपना समाज हर दिन गौरवान्वित होता रहेगा, जय महेश।

**- जुगलकिशोर सोमाणी**

मंत्री-महामंत्री कार्यालय, अ.भा. माहेश्वरी महासभा, जयपुर

## गर्व महसूस हुआ



लोकसभा स्पीकर पद पर बिड़ला जी नियुक्ति माहेश्वरी समाज के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री मोदी जी और अमित शाह जी को धन्यवाद जिन्होंने बिड़ल जी को इस महत्वपूर्ण पद के योग्य समझकर समाज का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया।

**- अजय काबरा**

संगठन मंत्री - अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## समाज के लिए बड़ी उपलब्धि



श्री बिड़ला के लोकसभा अध्यक्ष बनने पर हम सब अपने आपको गौरवान्वित करते है। आज यह उपलब्धि समाज के लिए बहुत ही गर्व और गौरव का अवसर लिये आई है। निश्चित ही बिड़ला जी लोकसभा में एक नई इबारत लिखेंगे

**- अशोक ईनाणी** पूर्व अध्यक्ष - रा.युवा संगठन

## बिरला का अभिनंदन कर प्रसन्नता



विश्व के सर्वशक्तिमान लोकतंत्र की लोकसभा के नवनिर्वाचित सभापति, कोटा बूंदी के लोकप्रिय सांसद एवं जननेता, संगठन के सच्चे सिपाही, हाडोती के शेर, राजस्थान के गौरव, माहेश्वरी समाज के लाड़ले माननीय भाई श्री ओम जी बिरला का अभिनंदन कर अत्यंत प्रसन्नता हुई। आपका चिरपरिचित हंसमुख अंदाज, सरलता व सहजता आपको और भी विशिष्ट बनाती है।

**रामकुमार भूतड़ा**

पूर्व महामंत्री अभा माहेश्वरी महासभा व
कोषाध्यक्ष भाजपा राजस्थान

## यह महागौरव का पल



यह गौरव ही नहीं महागौरव का पल है माहेश्वरी समाज के लिए। कोटा से सांसद ओम बिड़ला को लोकसभा स्पीकर बनाए जाने पर कोलकाता-राजस्थान सहित पूरे देश में माहेश्वरी समाज में खुशी की लहर है। श्री बिड़ला मृदु भाषी, शांत एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सदन बहुत सुंदर तरीके से चलाएंगे।

**- कमलकिशोर चाण्डक**

राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष - भाजपा

## मेरे पास कहने के लिये शब्द नहीं



भाई साहब श्री ओम बिरला को जो सम्मान मिला है, उससे मैं इतना अभिभूत हूँ कि कहने के लिये मेरे पास शब्द नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदीजी ने जो सम्मान उन्हें प्रदान किया, इसके लिये सम्पूर्ण माहेश्वरी समाज को उन पर गर्व है। वैसे तो ओमजी भाई साहब समाज के लिये पहले से ही गौरवशाली रहे हैं। पार्टी द्वारा उन्हें जो शीर्ष पद प्रदान किया गया है, वे सही मायने में इसके हकदार है और थे। हमारा समाज सदैव भाजपा का ऋणी रहेगा।

**सुनील मूंदड़ा**

पूर्व जिलाध्यक्ष माहेश्वरी सभा (जोधपुर)

## देर से निर्णय हुआ लेकिन सही हुआ



श्री बिड़ला को लोकसभा अध्यक्ष बनने का प्रधानमंत्री ने जो निर्णय लिया है, वह देर से लिया गया लेकिन बिल्कुल सही निर्णय है। मोदीजी ने लम्बे समय से श्री बिड़ला की राजनीतिक व नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ उनकी प्रबंधन क्षमता को भी देखा है और उसकी कई बार प्रशंसा की है। वास्तव में श्री बिड़ला में जो सहजता, सरलता व धैर्य है वह बिरलों में ही मिलता है। ये ही वे गुण हैं जो राजनीति के क्षेत्र में आपको सभी से अलग बनाते है। आदरणीय प्रधानमंत्रीजी ने आपके इन्हीं गुणों का सम्मान किया है। पत्नी डॉ. अनिता मेरी अनन्य मित्रों में से एक है। अतः हम आध्यात्मिक मामलों में अक्सर साथ होते है। इस निर्णय के लिये हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आभारी है।

**डॉ. नीलम मूंदड़ा, जोधपुर**

महिला मोर्चा जोधपुर अध्यक्ष व महिला आयोग जोधपुर पूर्व सदस्य




▸▸ **बीकानेर.** स्थानीय माहेश्वरी सभा द्वारा सासंद ओम बिड़ला को 17वीं लोकसभा का अध्यक्ष बनाए जाने पर माहेश्वरी सदन, जस्सूसर गेट के बाहर आतिशबाजी की गई। अध्यक्ष गोपीकिशन पेड़ीवाल ने बताया माहेश्वरी समाज के श्री बिड़ला के अध्यक्ष बनने की सूचना से समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। मंत्री रघुवीर झंवर ने बताया कि पहली बार माहेश्वरी समाज के व्यक्ति को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। सोहनलाल गट्टाणी, द्वारकाप्रसाद पचीसिया, तोलाराम पेड़ीवाल, बृजमोहन चांडक, दाऊलाल बिन्नाणी, राकेश जाजू, भवानीशंकर राठी, सुरेश पेड़ीवाल, गोपीकिशन पेड़ीवाल, रघुवीर झंवर, देवानंद सोमानी आदि गणमान्यजन मौजूद थे।



▸▸ **बूंदी.** कोटा-बूंदी सांसद ओम बिड़ला को लोकसभा अध्यक्ष बनाने पर माहेश्वरी समाज में उत्साह का माहौल है। माहेश्वरी समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। श्री बिड़ला को लोकसभा अध्यक्ष बनाने पर माहेश्वरी समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। पंचायत अध्यक्ष जगदीश जैथलिया ने कहा कि माहेश्वरी समाज को उच्च स्थान पर सम्मान दिया है, इसके लिए समाज सदैव आभारी रहेगा। संजय लाठी, नारायण मंडोवरा, रेवती बिड़ला, दिनेश लखोटिया, जगदीश लढा, मनीष मंत्री, संजय मंडोवरा, विनोद मंत्री, कैलाश बहेड़िया, द्वारका जाजू, सोनल मूंदड़ा, स्वाति तोतला, अनिता मंडोवरा आदि ने खुशी जाहिर की है और श्री बिड़ला को बधाई दी।



▸▸ **बूंदी.** बूंदी-कोटा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ओम बिरला को देश के लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था लोकसभा अध्यक्ष बनने पर माहेश्वरी समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। पंचायत के प्रचार मंत्री नारायण मंडोवरा ने बताया कि सांसद बिरला को लोकसभा अध्यक्ष बनने पर समाज में खुशी की लहर दौड़ गई और समाजबंधुओं ने एकत्र होकर बधाई देते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का आभार जताया। पंचायत अध्यक्ष जगदीश जैथलिया, महेश क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष संजय लाठी, उपाध्यक्ष चतुर्भुज गुप्ता, सचिव नारायण मंडोवरा, निदेशक मीनाक्षी काबरा व सोनल मूंदड़ा, जिला सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष रेवती रमन बिरला, युवा संगठन जिलाध्यक्ष नरेश लाठी, महिला संगठन जिलाध्यक्ष किरण लखोटिया, द्वारका जाजू, जगदीश लड्ढा, विनोद मंत्री, सोहन तोषनीवाल, मोहन तोषनीवाल, स्वाति तोतला, अनिता मंडोवरा आदि ने इसे समाज ही नहीं राजस्थान का गौरव बताया है।

## सभी का सर्वांगीण विकास हो



सभी स्वजातीय बंधुओं को समाज के उत्पत्ति पर्व महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के मंगल की कामना करता हूं। समाज में सद्भावना व परस्पर स्नेह का विस्तार हो एवं सभी का सर्वांगीण विकास हो। ऐसी भगवान महेश से मंगल कामना है।

**- देवकरण गग्गर**

उपसभापति-अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## सबका साथ सबका विकास



समाज के उत्पत्ति पर्व की इस पावन बेला में मैं समस्त स्वजातीय बंधुओं का हार्दिक अभिनंदन करता हूं और सभी के सुमंगल की भगवान महेश से कामना करता हूं। समाज के समस्त नेतृत्वकर्ताओं से भी इस पावन अवसर पर अपील करता हूं कि सबका साथ-सबका विकास का समाज में भी अनुसरण करें। यदि हम ऐसा करेंगे तभी समाज शब्द का अर्थ चरितार्थ होगा।

**- सुभाष बहेड़िया**

सांसद-भीलवाड़ा

## सुधार की शुरुआत स्वयं करें



महेश नवमी के इस पर्व की सभी बंधुओं को हार्दिक बधाई। साथ ही इस अवसर पर आत्म चिंतन करने की अपील भी करती हूं कि सोचें आधुनिक कुरीतियां हमारे समाज में क्यों स्थान बनाती जा रही हैं? कारण यही है कि हम समाज सुधार की बात तो करते हैं, लेकिन इसकी शुरुआत नहीं हो पाती। तो आईये हम संकल्प लें कि हर सुधार की शुरुआत हम अपने घर से करेंगे।

**- ममता मोदानी**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पश्चिमांचल - अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन

## सद्भावना की प्रेरणा लें



सभी समाजजनों को समाज के उत्पत्ति पर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए सभी के मंगल की भगवान महेश से कामना करता हूं। यह पावन पर्व न सिर्फ हमारा उत्पत्ति पर्व है, बल्कि प्रेरणा पर्व भी है। हम भगवान महेश के परिवार से प्रेरणा लें कि किस तरह भिन्न-भिन्न प्रकृति के सदस्य उसमें सद्भावना से रहते हैं। यदि इसका अनुसरण हमने किया तो समाज की एकता कभी प्रभावित नहीं होगी।

**- बाबूलाल जाजू,** भीलवाड़ा

## सभी के विकास का संकल्प लें



सर्वप्रथम मैं समाजजनों को इस पावन सामाजिक उत्पत्ति पर्व की हार्दिक बधाई देता हूं। इसके साथ ही अपील करता हूं कि हम समाज के हर वर्ग के विकास का संकल्प लें। याद रखें, हमने समाज का राष्ट्रसेवा में कीर्तिमान बनाए हैं। आज के दौर में हमें वही कीर्तिमान समाज में बनाना है। हमारे जो भाई संघर्षरत हैं, हम उन्हें भी संबल प्रदान कर विकास की मुख्य धारा में लाएं।

**- रामप्रकाश काबरा**

अध्यक्ष-श्री आजाद नगर माहेश्वरी सेवा समिति, भीलवाड़ा

## सामाजिक आदर्शों का करें स्मरण



समाज के उत्पत्ति पर्व की सभी स्वजनों को शुभकामनाएं और सभी के सुखद व स्वस्थ जीवन की कामना भगवान महेश से मंगलकामना करता हूं। मैं इस पावन पर्व पर सभी से अपील करता हूं कि इस अवसर पर अपने सामाजिक आदर्शों का स्मरण करते हुए उन्हें आत्मसात करने की शपथ लें। याद रखें हमारे संस्कार ही हमारी पहचान हैं।

**- रतनलाल नौलखा**

पूर्व उपसभापति -अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## संस्कार बचेंगे समाज बचेगा



समस्त समाजजनों को अपने उत्पत्ति पर्व महेश नवमी की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं सभी से समाज के गरिमामयी संस्कारों को बचाने की अपील करती हूं। वर्तमान दौर में यदि कुछ सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है, तो वे समाज के संस्कार ही हैं। याद रखें ये संस्कार ही हमारी पहचान हैं और ये ही हमने खो दिए तो हम अपना अस्तित्व ही खो देंगे।

**- ललिता समदानी**

सभापति-नगर परिषद भीलवाड़ा

## एकता का महापर्व



समाज के पावन उत्पत्ति पर्व महेश नवमी की समस्त समाजजनों को बहुत-बहुत बधाई। इसके साथ ही समाज में परस्पर सद्भाव व सहयोग की भावना बनी रहे ऐसी मंगलकामना। यह पर्व वास्तव में सुअवसर है, जिस पर हम अपनी संस्कृति के अनुरूप सामूहिक आयोजन ही नहीं करते बल्कि एकता को अक्षुण्य रखेंगे।

**- कैलाशचंद्र कोठारी**

प्रदेश अध्यक्ष - दक्षिणी राज. प्रादेशिक माहेश्वरी सभा

## राजनीति वास्तव में समाजसेवा



समाज के इस पावन उत्पत्ति पर्व की सभी स्वजनों को हार्दिक-हार्दिक बधाई देश के शीर्ष संगठन के चुनाव संपन्न हो चुके हैं और समाज अपने चुनावों के मुहाने पर है। मैं इस पर कहना चाहूंगा कि वास्तव में राजनीति चाहे देश की हो या समाज की वास्तव में यदि वह सच्चे मन से की जाए तो समाजसेवा ही है। बस इसके लिए अच्छे लोगों को आगे आने की और मतदाताओं को उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। - **लक्ष्मीनारायण डाड** भाजपा जिलाध्यक्ष, भीलवाड़ा

## सर्वांगीण विकास की कामना





समस्त स्वजनों को समाज के उत्पत्ति पर्व की बहुत-बहुत बधाई व समाज के सर्वांगीण किवास की भगवान महेश से कामना। यह पावन पर्व वास्तव में समाज की एकता व समरसता की पुनर्स्थापना का पर्व है। जब हम इस पावन पर्व पर एक साथ होते हैं और अपने आदर्शों तथा उत्पत्तिकर्ता का स्मरण करते हैं, तो हमारे समाज को नई ऊर्जा प्राप्त होती है। तो आइये संकल्प लें। सभी को साथ लेकर सभी के विकास का।

**दीनदयाल मारू** — अध्यक्ष

**देवेंद्र सोमानी** — मंत्री

भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा

# शुभकामना संदेश





## प्रोत्साहन में पीछे न रहे

समाज के उत्पत्ति पर्व की समाजजनों को शुभकामनाएं देते हुए समाज की उन प्रतिभाओं को भी बधाई जिन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनावाया है। इस पावन अवसर पर सभी समाज संगठनों से अपील करते हैं कि वे इन प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में पीछे न रहे। याद रखे एक छोटा सा प्रोत्साहन उन्हें भविष्य में कुछ बढ़ा करने के लिये प्रेरित करेगा।

**राधेश्याम चेचानी** — अध्यक्ष
**सत्यनारायण मूंदड़ा** — कोषाध्यक्ष
**राजेन्द्र कचोलिया** — सचिव

*श्री महेश सेवा समिति*



## प्रतिभाओं को मिले अवसर



इस पावन पर्व की समस्त समाजजनों को हार्दिक शुभकामनाऐं। इस वर्ष भी समाज की प्रतिभाओं ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहाया है, जिसके लिये उन्हें बहुत बहुत बधाई। इस अवसर पर समाज संगठनों से अपील है कि समाज की जो प्रतिभा अर्थ या मार्गदर्शन की कमी से आगे बढ़ने में असमर्थ हों उनके लिये आगे आऐं। याद रखें ये ही हमारे समाज का भविष्य है।

**केदारमल जागेटिया** — अध्यक्ष
**केदार गगरानी** — सचिव

*श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा*



## सभी हो साथ-साथ



महेश नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए, समाज की एकता, अखण्डता तथा परस्पर सौहार्द्र की भगवान महेश से कामना है। यह पावन पर्व अपनो के साथ अपनी खुशियों को मनाने का पर्व है और हमने यही किया आईये हम शपथ लें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की।

**सत्यनारायण डाड** — अध्यक्ष
**सुशील मरोठिया** — सचिव

*महेश प्रगति संस्थान*



## समाज भवन को बनाऐं गौरवशाली



महेश नवमी पर्व की सभी स्वजनों को हार्दिक शुभकामनाऐं। इसके साथ ही समाज के गौरव में वृद्धि के लिये सभी समाजजनों के पूर्ण ऊर्जा से कार्य करने की भगवान महेश से कामना। याद रखे समाज भवन निर्माण भी एक ऐसा ही गौरवशाली सुअवसर होता है। अतः जहां भी आवश्यकता लगे अपना तन-मन-धन से सहयोग देने में पीछे न रहे ऐसी सभी से अपील करते है।

**दिलीप लाहोटी** — अध्यक्ष
**राजेन्द्र पोरवाल** — सचिव

*आर.के. एवं आर.सी.व्यास नगर महेश सेवा संस्थान*



## समाज के आदर्शों को अपनाऐं नेतृत्व



सभी स्वजनों को इस उत्पत्ति पर्व की हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए समाज के नेतृत्व से समाज को नई दिशा देने की अपील करते है। याद रखें आमजन हमेशा नेतृत्व का अनुसरण करते है। अतः कोई भी समाज सुधार हो सबसे पहले उसकी शुरुआत समाज का नेतृत्व अपने घर से करे, आम व्यक्ति तो इसे स्वतः ही अपना लेगा।

**प्रहलाद नुवाल** — अध्यक्ष
**कैलाशचन्द्र मूंदड़ा** — सचिव

*संजय कालोनी महेश समाज संस्थान*



## दिखावे से दूर रहे समाज



माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति पर्व की सभी स्वजातीय बंधुओं को बहुत-बहुत बधाई और सभी के मंगल की कामना। इस पावन अवसर पर समाज में बढ़रही दिखावे की प्रवृत्ति पर रोक लगाने की सभी से अपील करते हैं। याद रखें यदि हम अपने अपने अपव्यय को ही रोक ले तो यह बचत परिवार, समाज व राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाऐगी।

**मुकेश काबरा** — अध्यक्ष
**जगदीश जेथलिया** — सचिव

*श्री माहेश्वरी बचत समिति*


**महेश नवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं**



॥ जय महेश ॥

**S.N. Mantri**
93521-15585





॥ जय महेश ॥

**Ghanshyam**
93513-09555

*For Commedity*
**Ghanshyam Krishna Gopal Mantri**
33, Tirumati Complex, Hari Seva Marg, Bhilwara (Raj.) Mo. : 093513-09555

*Fro Realstate*
**S.N. Mantri**
B-226, R.K. Colony, Bhilwara (Raj.)
Ph. : 01482-235893
**Krishna Gopal Satya Narayan**
32, Tirumati Complex, Near Milan Cinema, Bhilwara (Raj.)
Ph. : 01482-235893, Mo. : 093521-15585

*For Shares*
**Arihant Capital Market Ltd.**
K.G. Mantri
kachhola- 311605 Mo. : 075975-51195


महेश नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कॉलोनी , माहेश्वरी समाज संस्थान, भीलवाड़ा
प्रहलाद कुमार नुवाल
अध्यक्ष
98282 12123
कैलाश चन्द्र मून्दड़ा
मंत्री
92149 15309
कार्य समिति सदस्य
सुनील पोरवाल
घनश्याम पोरवाल
दिनेश मंत्री
कृष्णगोपाल इनाणी
राकेश असावा
महावीर प्रसाद लढ़ा
कैलाशचन्द्र आगाल
जगदीशचन्द्र मून्दड़ा
सत्यनारायण बांगड़
शिव लाल बाल्दी
सुन्दर लाल तुलछिया
महेश सोमानी
कृष्णगोपाल गंदोड़िया
जगदीशचन्द्र देवपुरा
प्रमोद गंदोड़िया
महावीर चेचाणी
बापू लाल पोरवाल
राजेश कुमार सोडाणी
शंकरलाल काबरा
राजेन्द्र गंदोड़िया
शंकरलाल बांगड़
योगेश मून्दड़ा
अनिल कुमार पोरवाल
भवन समिति
लोकेश आगाल
मनीष बहेड़िया
श्यामसुन्दर समदानी
दिनेश चन्द्र कोगटा
राजेन्द्र काल्या
रामप्रसाद सोमानी
राधेश्याम तोषनीवाल
गोविन्द काल्या
अरविन्द बांगड़
संजय झंवर
रमेशचन्द्र जागेटिया
जिला सभा सदस्य
ओमप्रकाश गंदोड़िया
राजेश तोषनीवाल
नगर सभा सदस्य
मदनलाल खटोड़
सत्यनारायण लढ़ा
सुरेशचन्द्र चेचाणी
लक्ष्मीलाल लढ़ा
चन्द्रेश असावा
सुनील काबरा
अनिल कुमार बिड़ला
बद्रीप्रसाद सोडाणी
कैलाशचन्द्र नुवाल
दिनेश कुमार बाहेती
महावीर प्रसाद मून्दड़ा
रामनिवास सोमानी



# फिर महेश नवमी महोत्सव में बनाया इतिहास

## भीलवाड़ा में हुआ 18 दिवसीय भव्य आयोजन
## 16 हजार से अधिक समाजजनों ने की सक्रिय भागीदारी









▸▸ शंकर सोनी, भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा.** गत वर्ष की तरह फिर इस बार भी यहां के समाजजनों ने भव्य महेश नवमी महोत्सव से संपूर्ण शहर को महेशमय कर इतिहास रच डाला। 18 दिनों तक सतत चले विभिन्न कार्यक्रमों ने शहरवासियों को माहेश्वरी समाज की एकता व उनकी सामर्थ्य की दाद देने के लिए विवश कर दिया।

श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वावधान में 18 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस बार महेश नवमी भीलवाड़ा के इतिहास में एक अलग छाप छोड़ गई। शोभायात्रा में पिछली महेश नवमी से अधिक स्वजनों का सम्मिलित होना व 16000 से अधिक की स्नेहभोज में उपस्थिति ने एकजुटता का लोहा मनवाया। नगर अध्यक्ष केदारमल जागेटिया, मंत्री केदार गगरानी, संयोजक अतुल राठी व सहसंयोजक सुरेश बिरला व राजेंद्र पोरवाल ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव कार्यक्रम का विधिवत भव्य शुभारंभ 25 मई को खेलकूद प्रतियोगिता से हुआ जिसका 11 जून को महेश नवमी के महासंगम से समापन हुआ। 18 दिवसीय कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए 65 मुख्य प्रभारी व 300 से अधिक प्रभारी एवं सह प्रभारी सहित क्षेत्रीय संगठन, युवा संगठन व महिला संगठन का सहयोग रहा। 18 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के दौरान रक्तदान जीवनदान से लेकर खेल, कला, साहित्य, संस्कृति, टैलेंट शो, प्रतिभा सम्मान, निःशुल्क उपचार शिविर, महेश अभिषेक, रचनात्मक प्रतियोगिता, शोभायात्रा, महाप्रसादी आदि का आयोजन हुआ। मुख्य खेलकूद प्रभारी कैलाश अजमेरा व अनिल झंवर के दिशा निर्देश में अनेक खेलकूद प्रतियोगिता हुई जो 25 मई से शुरू होकर 5 जून तक चली। चंद्रशेखर आजाद नगर क्षेत्र में निवासरत समाजजनों एवं महिलाओं द्वारा महेश नवमी की पूर्व संध्या पर चौराहों पर रंगोली बनाई गई। व दीपक से रोशनी की गई एवं अपने घरों को रंग रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ

# श्री महेश सेवा समिति

नेहरू रोड, भीलवाड़ा फोन - 01482-220290, 234404

## प्रबन्ध कार्यकारिणी








| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Radheyshyam Chechani<br>President | Rajendra Kacholiya<br>Secretary | Satyanarayan Mundra<br>Treasurer | Krishna Gopal Soni<br>Vice-President | Anil Kumar Bangar<br>Vice-President | Prahlad Ray Hingar<br>Joint Secretary |








| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Dilip Toshniwal<br>Director | Dinesh Sharda<br>Director | Gopal Lal Somani<br>Director | Om Prakash Malu<br>Director | Ram Kumar Jegetiya<br>Director | Chandra Prakash Kalya<br>Director |

महेश सेवा समिति द्वारा संचालित संस्थाएं



### Shree Mahesh Public School

Affiliated to CBSE, New Delhi (ISO 9001 : 2008)
वर्ष 2011 में आईएएस रितु माहेश्वरी की नियुक्ति कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी में हुई। तब से उन्होंने कंपनी के एक तिहाई ग्राहकों के यहां नए स्मार्ट मीटर लगा दिए। ये मीटर बिजली खपत को डिजिटली रिकॉर्ड करते हैं, जिससे बिजली वितरण प्रणाली में पल-पल हो रहे घपले उजागर हो रहे हैं, लेकिन महज 11 महीने के बाद ही उनका ट्रांसफर गाजियाबाद हो गया। पिछले छह साल से भ्रष्टाचार और स्त्री विरोधी माहौल के खिलाफ जंग लड़ रही 39 साल की रितु बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी को रोकने के लिए टेक्नोलॉजी की जरूरत पर जोर दे रही हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्यों की बिजली वितरण कंपनियों को घाटे से उबारकर करोड़ों घरों, किसानों और फैक्ट्रियों को लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिशों को बल दे रही हैं। उन्होंने बताया मैंने बिजली चोरी करने वाले ग्राहकों के विरोध के बावजूद 5 लाख में से 1 लाख 60 हजार मीटर बदल दिए। इससे शहर (कानपुर) में बिजली चोरी की घटना बहुत कम हो गई जो पहले 30 प्रतिशत थी। बिजली मंत्रालय की वेबसाइट से पता चलता है कि रितु की रणनीति से कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी या केस्को का वितरण घाटा आधा होकर 15.6 प्रतिशत पर आ गिरा।

## धमकियां मिली और साथ वालों का असहयोग

बिजली चोरी के खिलाफ अभियान छेड़ने का नतीजा यह हुआ कि रितु बड़े-बड़े उद्योगों की नजरों में चढ़गईं। कुछ नेता उनके दफ्तर में आकर धमकियां देने लगे। यहां तक कि उनके अपने ही स्टॉफ बिजली चोरी की जांच की योजना पहले ही लीक कर देते थे। इससे बिजली चोर सर्च टीम के पहुंचने से पहले ही अवैध कनेक्शन उतार लेते। उन्होंने कहा जो कदम उठाए जा रहे थे उससे छोटे-बड़े सारे स्टाफ सदस्य खुश नहीं थे, वह चाहे नए मीटर लगाने की बात हो या छापेमारी की। हमारे लोग ही बिजली चोरों को राज बता देते थे। रितु माहेश्वरी कहती हैं, लोगों को लगता था कि मुझे इसलिए आसानी से मूर्ख बनाया जा सकता है या बहकाया जा सकता है क्योंकि उनकी नजर में एक महिला को बिजली और जटिल ग्रीड्स के बारे में कुछ पता नहीं होता। वर्ष 2000 में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने 2003 में आईएएस ज्वाइन कर ली। जुलाई 2017 तक वह केंद्र सरकार के बिजली मंत्रालय के अधीन ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की कार्यकारी निदेशक रहीं। इस दौरान वह उस कार्यक्रम से जुड़ी रहीं जिसका मकसद अन्य माध्यमों के साथ-साथ तकनीक के इस्तेमाल से साल 2019 तक कुल टेक्निकल और कमर्शियल लॉस घटाकर औसतन 15 प्रतिशत पर लाना है, ताकि बिजली वितरण कंपनियों को घाटे से उबारा जा सके।

*कहते हैं कि कलाकार बनाए नहीं जाते बल्कि जन्मजात पैदा होते हैं। यह पंक्ति वास्तव में सारिषा काबरा पर शत-प्रतिशत चरितार्थ हो रही है। उन्होंने 8 वर्ष की उस अत्यंत अबोध आयु से गायन व अभिनय के क्षेत्र में कदम रख दिया था, जिसमें बच्चे ठीक से समझ भी नहीं पाते।*

# गीत-संगीत की बाल कलाकार सारिषा काबरा



टीम SMT

मुंबई में 3 दिसंबर 2006 को स्मिता व रितेश काबरा के यहां जन्मी सारिषा एक ऐसी विलक्षण बाल कलाकार हैं, जिनकी प्रतिभा को जिसने भी देखा वह प्रभावित हुए बिना नहीं रहा। बाल कलाकार के रूप में उभरकर आने वाली सारिषा को बचपन से ही संगीत, नृत्य, अभिनय तथा खेल में रुचि थी। उन्होंने गायिका बनने की शुरुआत 19 सितंबर 2017 एक लाइव कॉन्सर्ट से की, जब वह मात्र आठ साल की थी। इस लाइव कॉन्सर्ट से ही उसके गान-संगीत  का प्रवाह शुरू हुआ। सारिषा को औरंगाबाद महाराष्ट्र के काला सागार ग्रुप ने आमंत्रित किया था। इसमें उन्हें बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकारों के साथ मंच शेयर करने का सुनहरा अवसर मिला। उसके बाद तो कई सारे शो किए, जिनमें लगभग 25000 से अधिक श्रोताओं को उसने अपनी गायकी से मंत्र मुग्ध किया।

## मीडिया ने भी हमेशा सराहा

सारिषा ने कई रेडियो स्टेशन पर इंटरव्यू भी दिए। मुंबई के प्रसिद्ध रोडियो स्टेशन 91.1 पर भी लोगों ने प्रसिद्ध आरजे अर्चना पनीआ के साथ सेल्फ डिफेंस पर चर्चा करते हुए सुना। वहां केवल 10 साल की बच्ची ने नृत्य पर इतनी अच्छी बातें की कि हर किसी ने उन्हें बधाई दी और उनकी गायकी और नृत्य को भी सराहा। औरंगाबाद महाराष्ट्र के एक रेडियो स्टेशन 94.3 'जियो दिल से' पर भी इन्होंने गायकी से यहां के लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## विदेशों में दिखाई कला

केवल भारत में ही नहीं बल्कि जापान के टोक्यो शहर के एफएम जिना स्टूडियो में भी सारिषा ने अपनी गायकी से सबका मन लुभाया। वह यहीं तक सीमित नहीं रही बल्कि अपने अभिनय से भी दर्शकों को अचंभित किया। उसकी 'माहवारी' पर बनी एक शार्ट को फिल्म को ब्राजील के प्रसिद्ध 'फॉक्स चैनल' पर प्रसारित किया गया, जिसे नेशनल ज्योग्राफी व डिस्कवरी चैनल के लोगों द्वारा शूट किया गया था। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध गयिका साषा तिरुपति के साथ भी सारिषा ने एक म्यूजिक वीडियो बनाया, जिसे बहुत प्रसिद्धि मिली।

## चहुंमुखी प्रतिभा की धनी

सफर यहीं नहीं रुका क्योंकि खेल जगत में भी सारिषा सफलता हासिल की। इसमें वेबब्रॉडिंग में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। गायकी सारिषा की नस-नस में भरी हुई है और वह इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास लगातार कर रही है। शैक्षणिक क्षेत्र में भी सारिषा ने हमेशा ही अच्छे अंक प्राप्त किए। वर्तमान में वह कक्षा सातवीं में अध्ययनरत हैं।


महेश नवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

॥ जय महेश ॥



किशनलाल सामरिया
99283-48033



रामपाल सामरिया
अध्यक्ष - तहसील माहेश्वरी सभा बनेड़ा
76655-07794



विकास सामरिया
95093-28033

चारभूजा एन्टरप्राइजेज

हरीपुरा चौराया, माण्डल, जिला भीलवाड़ा (राज.)

निवास - सोडानियो मोहल्ला, बद्रीनारायण मंदिर के पीछे, रायला, भीलवाड़ा (राज.)

कला के कई रूप होते हैं जैसे मूर्तिकला, चित्रकला, हस्तकला इत्यादि। उसी में से एक है पेंसिल स्कैचिंग। पाली मारवाड़ ( राजस्थान ) की तृप्ति असावा अपनी इसी कला के लिए पहचानी जाती हैं।

# पेंसिल स्केचिंग कलाकार
# तृप्ति असावा



बीमा सलाहकार शत्रुघ्न असावा की सुपुत्री तृप्ति अपने स्कूल में चित्रकारी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया करती थी व इनाम जीता करती थी। उनकी माता उषा असावा व बहन दीप्ति ने उन्हें अपनी पेंसिल स्कैच की कला को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। शुरुआत में तृप्ति राधा कृष्ण, गणेश, शिव-पार्वती के स्कैच बनाया करती थी। धीरे-धीरे उन्होंने मां की ममता, पिता का प्यार, आशा की किरण, मनुष्य के 2 चेहरे जैसी कई भावनाएं व्यक्त करती हुईं पेंसिल स्कैच बनाईं। यही नहीं तृप्ति एपीजे अब्दुल कलाम, अटलबिहारी वाजपेयी, नरेंद्र मोदी, किरण बेदी जैसे राजनेताओं की भी पेंसिल पोट्रेट बना चुकी हैं।

## कला से मिला सम्मान

तृप्ति स्कूल व कॉलेज में कई प्रतियोगिता भी जीत चुकी हैं व उन्हें अपनी इसी कला के लिए इंटरनेशनल माहेश्वरी कपल क्लब की तरफ माहेश्वरी वीमेन ऑफ वर्थ अवार्ड भी दिया गया। इतना ही नहीं तृप्ति पढ़ाई में भी हमेशा आगे रही है। वो अभी व्यवसाय प्रशासन में पीएचडी कर रही हैं। उन्होंने एम. कॉम व बीबीएम में भी प्रथम श्रेणी प्राप्त की है।


महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त
माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं



द्वारकाप्रसाद नौलखा
95870-18734



मुकेश नौलखा
98281-48666

NANESH
MOTORS



Fleet Owners &
Transport Contractor

Specialities in Container
Handling for Export Import

AS-7, Opp. Jai Hind Circle, Transport Nagar,
Bhilwara - 311001 (Raj.) Ph. : 01482-241861


महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं
जय महेश
दिनेश अजमेरा
94138-23325
रमेश अजमेरा
98874-40587
अजमेरा मोबाइल किंग
डिस्ट्रीब्यूटर – सेल्कोम मोबाइल एसेसरिज
सभी प्रकार की मोबाइल एसेसरिज के होलसेल व रिटेल विक्रेता
हरीभाई कचोरी के सामने, पुर रोड, गांधीनगर, भीलवाड़ा


महेश नवमी के पावन पर्व पर सभी
समाजबन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं
॥ जय महेश ॥
राधेश्याम चेचाणी
94143-72225
नरेश चेचाणी
92514-72227
श्रीनाथ
एन्टरप्राइजेज
अधिकृत विक्रेता
ROCKSTRONG CEMENT
Walplast HOMESURE
सीमेन्ट, बिल्डिंग मटेरियल व सेनेट्री के
होलसेल व रिटेल विक्रेता
अहिंसा सर्किल के पास, कोटा रोड, भीलवाड़ा


महेश नवमी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
॥ जय महेश ॥
अनिला अजमेरा
अध्यक्ष
मो. : 92144 57950
सीमा कोगटा
सचिव
मो. : 94130 57004
समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण
जिला माहेश्वरी महिला संगठन, भीलवाड़ा


!! जय महेश !!
श्री माहेश्वरी पंचायत संस्थान बून्दी
के तत्वाधान में आयोजित
श्री महेश नवमी महोत्सव 2019
के ग्यारह दिवसीय कार्यक्रमों में समाज के हर वर्ग द्वारा
दिए गए तन-मन-धन के सहयोग के लिए
हृदय के गहनतल से आप सभी का
स्वागत वंदन अभिनंदन
साथ ही झूँठन न छोड़ने का जो आदर्श प्रस्तुत किया,
इस प्रशंसनीय पहल के लिए बहुत-बहुत
बधाई
आगे भी इसी प्रकार आपका
सहयोग मिलता रहे,
इसी आशा के साथ.....
जय महेश
जगदीश जैथलिया
अध्यक्ष
विजेन्द्र माहेश्वरी
सचिव
एवं समस्त कार्यकारिणी



महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं



परशराम लढ़ा
94133-56699



संजय लढ़ा
99826-56699



अंकित लढ़ा
90015-56699

सज्जन सिंटेक्स प्रा.लि.

उच्चकोटि के शूटिंग एवं स्कूल यूनिफार्म के निर्माता एवं विक्रेता

F-3, 1st Floor, Nolkha Tower, B.T.M., Bhilwara (RAJ.)
Ph. – 01482-248899, Mo. : 90015-56699



चान्दमल काबरा
98289 12482

।। जय महेश ।।

महेश नवमी के पावन पर्व की समस्त माहेश्वरी बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ

कैलाशचन्द्र काबरा 98211 29200, 93246 70641 | सुभाष काबरा 98921 19304 | पवन काबरा 99870 05185 | राहुल काबरा 99670 44320 | राज काबरा 82378 94231

अंकित काबरा 87695 87985 | विकास काबरा 94145 04347

समस्त काबरा परिवार,
पारोली, भीलवाड़ा (राज.)

BALAJI MINERALS & CHEMICALS

Mfrs. & Exporter of Minerals for Paper, Paint, Rubber, Detergent, Glass, Ceramic Industries

Regd. Off: S-14, Apsara Compex, Azad Market, Bhilwara (Raj.)-311001, India
Ph. : 01482-231843, 231918, 222080, Fax : 01482-222080
Factory : Dhanwara Chouraya, Village-Paroli, Teh. Kotri, Dist. Bhilwara (Raj.)
Ph. : 01488-233156
E-mail : kabraraj2@gmail.com, balajimc56@gmail.com, kabrackc72yahoo.com

CREATIVE INTERNATIONAL

Mfr. & Exporter of Plastic Caps, Spouts, Bottles, Crimping Tools & Dies

A/41, Mira Darshan, Opp. Jangid Tower, MTNL Road, Mira Road (East), Dist. Thane-401107 (M.S.), India
Tel : 022 28105141, Fax : 0251 2231354
E-mail : creativeint@mtnl.net.in
subhash@creativeinternational.co.in
Website : www.creativespoutclosure.com

VERTEX CHEM PVT. LTD.

Mfr. & Exporter of Paper, Textile & Leather Chemicals

Off. : 003, Ground Floor, Pancharatna Tower, Opp. Cine Max, Khadakpada, Kalyan (W), Dist. Thane (M.S.)-421301, India
Ph. 0251-2231154, Tel Fax : 0251-2231354
E-mail : vertexchem@vsnl.net, vertexchem1@gmail.com
Website : www.vcplindia.biz

बालाजी धर्मकांटा
(क्षमता 100 टन)
धनवाड़ा चौराहा, पारोली (भीलवाड़ा) मो. 94145-04647

काबरा कृषि सेवा केन्द्र
(खाद, बीज व कीटनाशक दवाइयों के विक्रेता)
बस स्टेण्ड पारोली, भीलवाड़ा मो. 94145-04347

*माहेश्वरी समाज यदि राष्ट्र व समाजसेवा में अत्यधिक प्रतिष्ठित रहा है, तो इसका श्रेय समाज के पुरोधाओं को भी जाता है। उन्होंने अपने कृतित्व से समाज को राह दिखाई तो समाज भी उस पर अग्रसर होने में पीछे नहीं रहा। आईये जानें बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध के ऐसे इतिहास पुरुषों को जिन्होंने इतिहास ही रच डाला।*

» श्यामसुंदर टावरी, अमरावती

# माहेश्वरी समाज के इतिहास पुरुष

## राजा गोकुलदासजी मालपाणी, जबलपुर

आप अनंत ऐश्वर्य के स्वामी व परोपकारी थे। आपने अनेकों धर्मशालाओं, अस्पतालों का निर्माण करवाया था। अमरावती में सन 1907 में संपन्न माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष थे। सेठ गोविंददासजी मालपानी आपके ही पौत्र थे। आप लगातार 50 वर्ष तक लोकसभा के सदस्य रहे। मालपानी परिवार को जनता और सरकार में बहुत सम्मान मिला।

## तपोधन श्रीकृष्णदासजी जाजू, वर्धा

आप अमरावती अधिवेशन 1907 के प्राण थे। अमरावती अधिवेशन के मंत्री तथा कलकत्ता अधिवेशन 1922 के सभापति रहे। सन 1920 में वकालत छोड़कर राष्ट्र और समाजसेवा को समर्पित हो गए। जाति गंगा के दर्शन से नई शक्ति, ऊर्जा तथा उत्साह मिलता है ऐसी उनकी करनी और कथनी थी। अंतर्जातीय संबंध के हिमायती, समाज के अनमोल रत्नों में से एक थे। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि कार्यों में अपनी सेवा दी थी। माहेश्वरी समाज में सूबों के हिसाब से अलग-अलग सभाएं थी। आपके ही महत प्रयासों से एक ही समाज संगठन का अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के नाम से सन् 1921 में उदय हुआ था।

## सेठ रामनारायणजी राठी, ब्यावर

आप माहेश्वरी महासभा अमरावती सन 1907 के प्रेरणास्त्रोत रहें। आपके विशेष प्रत्यनों से ही अमरावती अधिवेशन हुआ था। नागपुर में शिक्षा संस्था खोलने में अग्रणी रहे। आपको सेठ दामोदरदासजी राठी, दीवान बहादुर बल्लभदासजी मालपानी जबलपुर, सेठ रामचंद्रजी भूतड़ा काटोल तथा सेठ भगीरथदासजी भूतड़ा, मेरठ का विशेष सहयोग मिला। आप मूलतः ब्यावर के थे, नागपुर आकर बस गए थे।

## देशभक्त सेठ दामोदरदासजी राठी, ब्यावर

माहेश्वरी महासभा अमरावती अधिवेशन सन 1907 के प्रेरणास्त्रोत में से एक रहे। नागपुर अधिवेशन 1921 में शिक्षा कोष के प्रणेता रहे। इसी संदर्भ में वर्धा में मारवाड़ी शिक्षा मंडल का शुभारंभ हुआ। स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों की भी उदारहस्त से सेवा की। आप वीर भारत समिति के प्राण थे। माहेश्वरी समाज को प्रगतिशील बनाने में आपने विशिष्ट योगदान दिया।

## रा.ब. सेठ श्री गणेशदासजी राठी, अमरावती

माहेश्वरी महासभा अधिवेशन 1907 अमरावती के स्वागताध्यक्ष थे। उस समय बहाड़ को सोने की कुहाड़ जाता था। उन्हीं के वंशज अमरावती में रहते हैं तथा तिवसा जीन के राठी के नाम से देशभर में प्रसिद्ध हैं।

## महाकौशल केसरी सेठ गोविंददासजी मालपानी, जबलपुर

अग्रगण्य नेता, साहित्य मनीषी एवं समाजसेवी महाकौशल केसरी गोविंददासजी का अनूठा त्याग, स्वतंत्रता संघर्ष में योगदान तथा देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। 50 से अधिक वर्ष तक वे लोकसभा के सतत सदस्य रहे। इससे पूर्व केंद्रीय असेम्बली के भी सदस्य रहे। वरिष्ठ सांसद के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। राष्ट्र के नवनिर्माण में संविधान तथा भारतीय गणतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में काम किया। भारत सरकार ने सन 1961 में पद्मविभूषण की उपाधि से अलंकृत किया। किंतु सन, 1963 में हिन्दी विरोधी प्रस्ताव का विरोध करते यह उपाधि लौटा दी। राष्ट्र भाषा हिंदी के विकास की दृष्टि से भारती संगम नामक संस्था की स्थापना की। माहेश्वरी महासभा के 11वें, 12वें अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। सन 1924 में मुंबई अधिवेशन आपकी अध्यक्षता में हुआ था। अजमेर 1934, बीकानेर 1976 अधिवेशन का उद्घाटन आपके कर कमलों द्वारा हुआ था।

## विदर्भ केसरी बृजलालजी बियाणी, आकोला

आपको अपार आत्मबल, राजनीति की गंगा, समाजसेवा की यमुना और साहित्य साधना की सरस्वती का पवित्र संगम कहना सार्थक होगा। स्वतंत्रता आंदोलन में आपने संपूर्ण विदर्भ का पैदल भ्रमण किया और समाज में जनजागरण का महता कार्य किया। कानून भंग, नमक सत्याग्रह में महिलाओं को प्रेरित किया। जंगल सत्याग्रह में अनेक बार जेल जाना पड़ा जो साहित्य सृजन के काम आया। सन 1946 में विधानसभा और कौंसिल ऑफ स्टेट के सदस्य तथा बाद में संविधान सभा और लोकसभा के सदस्य रहे। शुक्ल मंत्रिमंडल में वित्त, ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण, बिक्रीकर, आबकारी मंत्री का पद संभाला। 1957-58 में मुंबई स्टेट असेम्बली के सदस्य रहे।

## पत्र महर्षि श्री रामगोपाल माहेश्वरी नागपुर

अभा माहेश्वरी महासभा के भीष्म पितामह, स्वतंत्रता सेनानी, निष्ठावान गांधीवादी, विचारक, हिंदी पत्रकारिता के प्रेरणाकुंज, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दैनिक नवभारत पत्र समूह के संस्थापक, संपादक, अभा

माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति, माहेश्वरी पाक्षिक के अनेक वर्षों तक संपादक रहे बाबूजी रामगोपाल माहेश्वरी का निष्काम कर्मयोगी का जीवन रहा। आप 1921 में स्वतंत्रता संग्राम में सहभागी बने। आप पर विदर्भ केसरी ब्रजलालजी बियाणी तथा तपोधन श्रीकृष्णदासजी जाजू का विशेष प्रभाव था। बियाणीजी के संपर्क में आने पर उनके साथ अकोला से नवराजस्थान का प्रकाशन सन् 1935 में शुरू किया। इसी समाचार पत्र का 8 फरवरी 1938 से नागपुर में दैनिक नवभारत के नाम से शुभारंभ हुआ था।

## वैष्यर्षि भी घनश्यामदासजी बिड़ला, कोलकाता

आप भारतीय उद्योगपति के सिरमौर रहे। राजस्थान के झंझुन शहर के पास बुधोली गांव से पिलानी आकर बसे। बंबई जाकर कम उम्र में व्यापार में बहुत कम धन कमाया। केवल 13 वर्ष की आयु में ही व्यापार जगत में कदम रखे थे। कलकत्ता से 16 वर्ष की आयु में दलाली शुरू की। कई अछूते क्षेत्र में प्रवेश किया और 1920 में बिरला ब्रदर्स कंपनी शुरू की। फिर ग्वालियर में जीयाजी कॉटन मिल और कलकत्ता में जूट मिलें स्थापित कर उद्योग जगत में कदम रखा तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। देश को स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के साथ उनकी रचनात्मक भूमिका रही और देशभक्त उद्योगपति के रूप में लोकमान्य तिलक, गोखले, महात्मा गांधी के अनुयायी रहे। शाही कमीशन, भारतीय हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष रहे। खादी बोर्ड के अध्यक्ष बने। काका कालेलकर ने उन्हें श्रीकृष्ण के रूप में संबोधन किया था।

## सेठ श्री रामकृष्ण धूत, हैदराबाद

आप माहेश्वरी महासभा के सभापति और मंत्री रहे। 60 वर्षों तक लगातार समाजसेवा का कार्य किया। आपका संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता आंदोलन, सामाजिक सेवा तथा रचनात्मक प्रवृत्तियों से ओतप्रोत रहे। सन 1920 में मारवाड़ी पुस्तकालय की स्थापना की थी। हैदराबाद स्टेट में मंत्री रहे। सत्याग्रह में जेल भी गए। निजाम राज्य में राजस्थानी समाज को संगठित किया। आप सन 1940 से माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष रहे। सन 1961 में महासभा के प्रधानमंत्री रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में जेल भी गए।


# नगर परिषद, भीलवाड़ा

आइये
आप हम मिलकर
भीलवाड़ा को
स्वच्छ हरा-भरा शहर
बनाने में सहयोग करे।



- प्लास्टिक के कप एवं गिलास का उपयोग न करें एवं पॉलिथिन बैंग्स के स्थान पर कागज, कपड़े जूट की थैलियाँ उपयोग में ले।
- भूखंड पर मकान निर्माण के साथ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाये।
- एक सद्नागरिक एक वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल करें।
- शहरी जन सहभागी योजना में सहयोग कर अपने मोहल्ले की सार्वजनिक जरूरत जुटायें।
- अपने घर एवं दुकान का कचरा परिषद के स्वच्छकर्मी को दें या निर्धारित कचरा डिपों पर ही डालें। नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग दें।
- नगर परिषद के देय समस्त करों को समय पर भुगतान करें।
- राजकीय/निकय भूमि पर अनाधिकृत कब्जा व अधिक्रमण न करें।
- विवाह पंजीयन कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
- अपने परिवार में हुई जन्म-मृत्यु की घटनाओं का पंजीकरण अवश्य करावें। 21 दिन तक नि:शुल्क एवं बाद में विलम्ब शुल्क 1 रुपया मात्र।
- पशु मालिक अपने गौधन को अपने घर में रखकर परिषद को सहयोग करें।
- नियोजित विकास के लिए आपके सुझाव सादर आमंत्रित हैं।

मो. नसीम शेख
आयुक्त

ललिता समदानी
सभापति

समस्त पार्षदगण एवं परिषद परिवार

# लड़के-लड़कियों के रिश्ते ढूँढना हुआ बेहद आसान
# हमारी वेबसाइट है
# इसका सही समाधान

High Status,
Middle Status,
NRI, Manglik, Non Manglik,
Biodata MBA, MCA, Doctor,
Engg. Biodata, CA, CS,
ICWA Biodata




Graduate,
Post Graduate Biodata
Professional Biodata
Businessman Biodata
Service Class Biodata

**माहेश्वरी समाज के लिए**
**60 हजार से अधिक**

**जैन समाज के लिए**
**70 हजार से अधिक**

**अग्रवाल समाज के लिए**
**1 लाख से अधिक**

Registration Free

**Website**
**www.maheshwari.org**
**www.jain2jain.org**
**www.agarwal2agarwal.org**

Registration Free



## अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-

**39/1, Old Rajendra Nagar, New Delhi-110060**
**Phones :011-25746867, M. : 093129 46867**

# कैसा हो हमारा समाज नेतृत्व

*माहेश्वरी समाज के संगठनात्मक चुनावों की सरगर्मी प्रारंभ हो गई है। शीघ्र ही स्थानीय, जिला, प्रदेश व महासभा के चुनाव होंगे। समाज के संगठनों का नेतृत्व समाज के विकास को सुनिश्चित करता है। अत: सही नेतृत्व के चयन के लिये इस विषय पर चिंतन अनिवार्य हो गया है कि ''कैसा हो हमारा समाज नेतृत्व''। आईये जानें इस ज्वलंत विषय पर स्तंभ प्रभारी मालेगांव निवासी सुमिता मूंदड़ा से उनके व समाज के प्रबुद्धजनों के विचार।*

## जो 'स्व' को भूल 'पर' को अपनाएं



हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सफल नेतृत्व का जीता जागता सबसे उम्दा उदाहरण हैं। अगर हम और आप वर्तमान में भारत देश की ही भांति अपने समाज को ऊंचाइयों पर देखना चाहते हैं और समाज-बंधुओं को एकता में पिरोकर रखना चाहते हैं तो हमें श्री मोदी का अनुसरण करना चाहिए। समाज का नेतृत्व वंशानुगत उत्तराधिकारी के हाथों में कदापि नहीं जाना चाहिए, नई सोच के साथ सबको साथ लेकर आगे बढ़ने वाले सशक्त हाथों में यह जिम्मेदारी होनी चाहिए। नेतृत्वकर्ता को 'स्व' को भूलकर 'पर' को अपनाना होगा तभी वह हर समाज-बंधु से जुड़ सकता है। जब से डिजिटल युग का आरंभ हुआ है, समाज के हर बंधु से संपर्क रखना भी बहुत आसान हो गया है। बरसों से कुर्सियों पर विराजे समाज नेताओं को युवा-वर्ग को आगे बढ़ाकर उनका मार्गदर्शक बनना चाहिये। नई सोच और विचारधारा के युवाओं को अपने अनुभवों से सिंचित कर पनपने का अवसर देना होगा। समाज के उच्च-पदों पर पैसे और शक्ति के बल पर अपना हक ना जमाएं, तो उनका मान-सम्मान दिल से होगा वरना तो उनके आस-पास चमचागिरी का बोलबाला रहेगा। वर्षों से सामाजिक कार्यभार और पदों को संभालने वाले नेतृत्वकर्ता को अपनी पारखी आंखों से भावी युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं को परख कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपनी चाहिए। परिवर्तन संसार का नियम है और हमारी समझदारी होगी कि हम इस बात को स्वीकार लें। समाज के नियम और कानूनों में निरंतर परिवर्तन कर एक सजीवता बनाए रखें। कुप्रथाओं का सहयोग नहीं विरोध करें। नेतृत्वकर्ता को समाज-बंधुओं के वैचारिक मतभेदों को मनभेद नहीं बनने दें वरना समाज-बंधुओं में आपसी गुटबाजी को बढ़ावा मिलेगा। जो भी सामाजिक आचार-संहिता बनाये जाए उस पर पदाधिकारी सदैव खरे उतरें क्योंकि उच्च-पदों का तो पूरा समाज अनुसरण करता है।

**- सुमिता मूंधड़ा**, मालेगांव

## समाज के समर्पित कुशाग्र को सौंपे नेतृत्व



''जिसका हौसला हो बुलंद ओर कर्म पर हो विश्वास, जिसके दिल में हो जनहित की आस, ऐसा नेतृत्व ही हो समाज के पास।''

समाज का नेतृत्व कर्मशील चाहिए क्योंकि सृजनशीलता एवं रचनात्मकता में संलग्न नेतृत्व ही समाज के भविष्य को उज्ज्वल बना पाएगा। कर्मवादी, मानवतावादी और समाजनिष्ठ, हिम्मतबाज, कर्तव्य प्रेमी नेतृत्व ही समाज का उत्थान कर पाएगा। समाज की मुश्किलें फिल्मी संवादों के बूते या सिर्फ आश्वासन देकर नहीं सुलाई जा सकती। उसके लिए प्रेरक एवं मार्गदर्शक नेतृत्व ही निराकरण कर सकेगा। समाज के नेतृत्व की धुरी सिर्फ धनवान, चुनिंदा लोगों तक ही सीमित न रहते हुए, समाज कार्य को समय देने वाले कुशाग्र व्यक्ति के पास कभी-कभार सौंपनी चाहिए। हो सकता है उसके पास तन हो, मन हो, पर धन की कमी हो। जिनके पास धन है वे जरूर अपनी क्षमतानुसार धन से सहयोग करें। पर जिनके पास पर्याप्त मात्रा में धन नहीं है, उनको भी कहीं न कहीं जरूर स्थान दें। हम मानते हैं धन के बिना समाज का विकास नहीं हो पाता, पर सच तो यह भी है विकास के लिए समय देने वाले और कुशाग्र बुद्धिवाले की भी आवश्यकता होती है।

**- सरोज गट्टाणी**, परभणी

## ऐसा ऊर्जावान जो ऊर्जा का संचार करें



समाज के नेतृत्व का प्रश्न है, तो हमें यह कभी नही भूलना चाहिए कि समाज को दिशा देना, नई सोच प्रदान करना, भावी पीढ़ी का मार्गदर्शन करना, समाज के लोगों में त्याग की भावना पैदा करना, समाज के प्रति लोगों को उत्तरदायी बनाना, समाज का नेतृत्व करने वालों का ही कार्य है। समाज में एक नई ऊर्जा का संचार करने के लिए नए ऊर्जावान नेतृत्व की आवश्यकता है। आज देश की आबादी का 70 प्रतिशत युवा वर्ग है। ऐसी स्थिति में युवाओं को समझने के लिए, समाज की बागडोर युवाओं के हाथो में देनी चाहिए। नेतृत्व युवाओं को दिया जाना चाहिये लेकिन निगरानी वरिष्ठ बुद्धिजीवियों द्वारा की जानी चाहिए। ताकि समाज की गाड़ी अपना संपूर्ण माइलेज दे सके।

**- हंसमुख हेड़ा**, कोषाध्यक्ष, भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी युवा संगठन

## बॉस रहित पद्धति पर आधारित हो समाज का नेतृत्व



नेतृत्व का तात्पर्य है, सही दिशा में निर्देशित करना, किंतु आज पद पर बैठते ही बॉस प्रवृत्ति की एक प्रद्धति ने अपना प्रभुत्व जमा लिया है। प्रतिनिधि बनकर जब कोई व्यक्ति पद संभालता है, तब

वास्तव में उसका उद्देश्य हुकूमत शाही न होकर सेवाभावना होना चाहिए। सामाजिक संस्थाएं वास्तव में समाज की उन्नति एवं समस्याओं के निराकरण के लिए गठित की जाती हैं। चयनित व्यक्ति में समाज के प्रति समर्पण एवं निष्पक्षता के साथ पूरे समाज को संगठित एवं संचालित करने की क्षमता अवश्य होना चाहिए। शीर्ष नेतृत्व को संवेदनशील मुद्दे पर जागरूक एवं संस्कृति को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए प्रयत्नशील होना चाहिए। अहंकार एवं दिखावा, स्वप्रभुत्व हेतु मतभेद से संगठन में जो बिखराव दिखाई देते हैं, वे निश्चित ही पीड़ादायक हैं।

*"नेतृत्व हो ऐसा, कर सके जो विकास..*
*बिन अहंकार के लेकर चले,*
*सबको साथ साथ...।"*

**- पूजा नबीरा**
काटोल नागपुर

## नेतृत्व क्षमता होना जरूरी



सर्वप्रथम प्रत्येक स्तर के चुनाव निर्विघ्न पूर्ण हों, इसके लिए शुभकामना व्यक्त करता हूं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि हर सामाजिक और पारिवारिक कर्म रुचि प्रधान होते हैं, जैसे व्यवसाय करना, उद्योग चलाना, नौकरी करना या सामाजिक कार्य करना। अतः यह निश्चित है कि जिन्हें सामाजिक कार्य करने में रुचि होती है, वही चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। रुचि होना और कर्तव्य बोध भी होना यह सामाजिक कार्यकर्ता के दो महत्वपूर्ण गुण हैं। साथ ही साथ समाज की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य में होने वाले बदलाव, समाज का संगठनात्मक ढांचा कैसे अबाध रह सके, इसके लिए नेतृत्वकर्ताओं की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिये नेतृत्वकर्ता का चयन करते समय हमें इस विषय का संपूर्ण बोध होना चाहिए कि हम जिसे चयनित कर रहे हैं, उस व्यक्ति में नेतृत्व करने की क्षमता किस स्तर की है। वह वर्तमान में अत्यंत महत्वपूर्ण तथा ज्वलंत सामाजिक विषयों पर कितना संवेदनशील है, उनकी कितनी जानकारी रखता है और उन समस्याओं का सही निदान करने में कितना सक्षम हैं?

**- महेशकुमार मारू,**
मालेगांव


## सबका साथ सबका विकास की सोच हो



समाज के नेतृत्व के चयन के लिए एक अच्छा नेता वही होता है जो सच्चा, ईमानदार, पारदर्शी, दूरदर्शी, हंसमुख, मिलनसार और सुखद व्यक्तित्व का होता है, जिसके लक्ष्य में समाज का विकास और सेवाभाव की प्रतिबद्धता होती है। नेतृत्व करने वाले नेता के साथ एक सहयोगी एवं प्रभावशाली टीम का होना अति आवश्यक है, और उनका मनोबल बढ़ाने की काबिलियत भी नेतृत्व के लिए जरूरी है। सबका साथ सबका विकास ही उसका लक्ष्य होना चाहिए। समाज के नेतृत्व के लिए चयन में विशेष तौर पर एक बात और ध्यान रखने योग्य है कि धैर्यपूर्वक जो समाज बंधुओं की बात सुनने की क्षमता रखता हो, मर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाला हो, ऐसे विशेषता वाले व्यक्ति ही नेतृत्व की सही बागडोर संभाल कर रख सकते हैं। कुल मिलाकर जो व्यक्ति तन-मन और धन तीनों से समाज को सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकते हैं, वही समाज के नेतृत्व पद के लिए सच्चे अधिकारी हैं।

**- मधु भूतड़ा,** जयपुर

## जो समाज से जुड़ा हो



वर्षों से जो कार्यकर्ता सामाजिक कार्यों में पूरी तरह से संलग्न हो। समाज के हर कार्य की अग्रणी व संपूर्ण जानकारी रखते हैं। समाज के हित में क्या है व किन बातों से समाज का अहित हो सकता है, उन्हें इसकी पूरी जानकारी हो। वह अपने मिलनसार स्वभाव व अनुभवी नेतृत्व क्षमता के बल पर, छोटे बड़े, अमीरी गरीबी के भेद को भुलाकर लोगों को जागरूकर करें व साथ लेकर चले और हो सके तो युवा वर्ग के जोश का सामाजिक हित में सही ढंग से उपयोग करे। युवाओं का नए तरीके का जज्बा समाज को नई दिशा व उन्नति प्रदान करेगा। साथ ही युवा पीढ़ी के मन में समाज के प्रति सम्मान की भावनाओं का विकास होगा। सामाजिक जिम्मेदारियों में जब वे बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और उन्हें उचित प्रोत्साहन दिया जाएगा तो समाज की महत्ता उन्हें समझ आएगी। यह तभी संभव है, जब सामाजिक नेतृत्व करने वाले उपरोक्त सभी गुणों से समाज को एकजुट करने में सक्षम हों व समाज को नई दिशा प्रदान करें।

**- रेखा राजेश लखोटिया,** नागपुर


## युवा पीढ़ी को सौंपे नेतृत्व



समाज का नेतृत्व वर्तमान में युवा पीढ़ी को सौंपा जाना चाहिए। समाज का नेतृत्व का पद चुनौतियों और जोखिम से भरा पथ है। नेतृत्व करने वाला ऐसा नेता चाहिए जो सम्मान, अपमान, प्रशंसा व आलोचना से ऊपर उठा हो। निःस्वार्थ भाव से प्रेरित, अहंकार से मुक्त, ना प्रसिद्धि की चाह, ना पद का लोभ, सबका साथ सबका विकास करने वाला हो। समाजबंधु की बात सुनने की क्षमता रखता हो। समाज के विकास में स्वयं का विकास समझता हो। समाज के लिए मर मिटने की भावना हो। राजकारण विहिन समाजसेवा हो। समाज की कुरीतियों को दूर करने का प्रयास कर समाज को सुदृढ़, शक्तिशाली, सभ्य बनाने का हरसंभव प्रयास करें।

**- अनिता ईश्वरदयाल मंत्री,** अमरावती

## आत्मविश्वास सबसे जरूरी



सही कहा है, समाज का विकास उसके नेतृत्व पर निर्भर करता है। समाज का नेतृत्व कैसा हो? उसके लिए मैं सर्वप्रथम कहना चाहूंगी कि सामाजिक नेतृत्व के लिए सर्वप्रथम 'आत्मविश्वास' का होना आवश्यक है, ताकि व्यक्ति सही समय पर सटीक, निष्पक्ष निर्णय ले सके। दूसरे स्थान पर आता है 'निःस्वार्थ भाव'। यदि प्रत्येक व्यक्ति में यह भाव होंगे तो समाज की छवि जो निरंतर धूमिल हो रही है, रुक जाएगी और समाज का स्वरूप ही बदल जाएगा। तीसरे नंबर पर आता है 'अनुभव'। जो व्यक्ति निरंतर सामाजिक कार्यों में भागीदारी लेता है, वह अपने अनुभवों के साथ अपनी सोच और समझ को जोड़कर समाज को सही दिशा देने में सक्षम होता है। चौथे नंबर पर मैं बोलना चाहूंगी 'शब्द प्रबंधन'। जो व्यक्ति अपनी बात रखने की क्षमता रखता हो, सभी वर्गों के लोगों को साथ

में लेकर चल सके, मोटिवेट कर सके, खासकर युवा वर्ग जो समाज से दूर हो रहे हैं। आखरी में 'ऑनेस्ट पर्सन' (इमानदार व्यक्ति)। जो अंदर से मन से पैदा होती है, वह इमानदारी हमारे नेतृत्व में होना चाहिए।

**- एकता झंवर**, उज्जैन, मप्र

## समाज के निचले स्तर पर भी जिसकी दृष्टि हो



जनवरी में सूर्यनगरी जोधपुर में अंतरराष्ट्रीय महाअधिवेशन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और लोकसभा की तत्कालीन अध्यक्षा सुमित्रा ताई ने जब अपने संबोधन में कहा कि हमारे सामने 'भारतवर्ष का जीडीपी बैठा है' सच मानिए सदन में बैठे हर माहेश्वरी बंधु की छाती गर्व से चौड़ी हो गई होगी। भारत का जीडीपी के रूप में जाने जाना वाला हमारा समृद्ध और संपन्न समाज जब 'हमारा नेतृत्व कैसा हो' का जबाव ढूंढे तो ये शायद औपचारिक मात्र ही होगा। वास्तव में उन्हें समाज रूपी परिवार के मुखिया की भूमिका में रहना अति आवश्यक है। उसकी दूरदृष्टि समाज के अंतिम छोर पर खड़े अपने ही सामाजिक भाई तक पहुंचे जो अभावों में कुछ कदम पिछड़ गया हो। ये नेतृत्व का ही धर्म है कि सब को एक समान समझ साथ लेकर चले। आज कोटा सांसद ओम बिड़ला देश के सर्वोच्च लोकतंत्र की पंचायत के अध्यक्ष पद पर सुशोभित हुए हैं। अगर नेतृत्व की पैनी नजर हो, तो प्रतिभाओं के अकूत भंडार हमारे बीच में ही मिल सकते हैं। दुर्भाग्य से समाज के कई बड़े चुनावों को नजदीक से देखने पर नजर आया है कि प्रतिस्पर्धा में गरिमा से नीचे उतर प्रतिपक्षी पर आरोप-प्रत्यारोप लगा कर चुनाव लड़े गए हैं। कुशल नेतृत्व के प्रयासों में हमें ऐसी बातों से परे होना पड़ेगा।

**- नृसिंह करवा 'बन्धु'**, जोधपुर,राजस्थान

## जिसके सामने बिना झिझक अपनी बात रख सकें



हमारे समाज का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति ऐसा हो जिससे हर कोई आदमी अपने दिल की बात बिना झिझक के उनके सामने रख सके। जिसे हम चुनें उनका स्वभाव शांत, सुशील व अच्छे विचार वाला हो। एक खास बात यह भी हो कि जो वादा करे सभी से, वो कभी तोड़े नहीं। विश्वास ही हम सब की धरोहर है। जिन्हें हम चुनकर लाए वो समाज के लिए पूरी मेहनत व लगन से काम करे। ताकि हमारे समाज वालों को नौकरियों के लिए भटकना ना पड़े। किसी माहेश्वरी भाई का मैसेज आता है कि मेरा भाई या बेटा बीमार है, उसे रक्त की जरूरत है या फिर उसका ऑपरेशन करवाना है। 3 लाख रुपये चाहिए। 2-4 आदमी तो पढ़कर सहायता जरूर करते हैं बाकी पढ़कर छोड़ देते हैं क्योंकि 1000 या फिर 2000 से तो काम होगा नहीं। मैं चाहती हूं कि ऐसी नौबत ही क्यों आए? हम हमारे समाज में ऐसे नेतृत्व को चुनें जो ऐसे जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिये तत्पर रहे और फंड की व्यवस्था भी रहे ताकि इलाज संभव हो सके। माहेश्वरी परिवार में भी मां व बाप की सेवा नहीं हो रही है। उनके लिए अलग से माहेश्वरी समाज व्यवस्था करे।

**-भगवती शिवप्रसाद बिहानी**,नाजिरा, असम

## जिसे संगठन के नियमों की जानकारी हो



समाज का नेतृत्व ऐसे व्यक्ति को देना चाहिए जिसकों संगठन के नियमों की पूरी जानकारी हो व संगठन के प्रति सकारात्मक सोच हो। ऐसे व्यक्ति का चयन हो जो संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए साथ लेकर चले। उसे संगठन के संविधान की पूरी जानकारी हो। ऐसे ही व्यक्ति को संगठन का दायित्व देना चाहिए, तभी समाज को सही दिशा की ओर बढ़ा सकेंगे।

**- गोपाल नरानीवाल**, भीलवाड़ा

## सहनशीलता का गुण जरूरी



नेतृत्व यानी अग्रणी भूमिका का निर्वाहन। समाज रूपी संस्था में अग्रणी भूमिका मतलब बेहद जिम्मेदारी भरा पद। नेतृत्व की बागडोर अगर सही हाथों में हो, तो समाज तरक्की की सीढ़ियों पर चढ़ता है और अगर नेतृत्व क्षमता में दम और जज्बा ना हो तो सामाजिक स्तर का पतन हो जाता है। अब विचारणीय विषय यह है कि नेतृत्व कैसा हो? मेरी समझ में नेतृत्व करने वाले में सहनशीलता गुण मुख्य रूप से होना चाहिए। इसके अलावा उसे कुशल संगठनकर्ता होना अति आवश्यक है। कोई भी नेतृत्व तभी सफल होगा जब उसके पास संगठित समूह होगा। सबको साथ लेकर चलने की भावना से ही सामाजिक स्तर पर प्रयास सफल होंगे व योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। नेतृत्व करने वाले को अपने पद की गरिमा का ख्याल होना चाहिए। शब्दों का चयन पद को ध्यान में रखते हुए हो क्योंकि यह शब्द ही तय करते हैं कि इंसान किसी के दिल में उतर जाएगा या किसी के दिल से उतर जाएगा। सामंजस्य बैठाकर काम का बंटवारा करना कुशल नेतृत्व क्षमता को परिलक्षित करता है।

**- स्वाति रामचंद्र मानधना**, बालोतरा जिला बाड़मेर (राजस्थान)

## सबको सम्मान से जो साथ लेकर चले



माहेश्वरी समाज के लिए मौजूदा समय बहुत सुनहरा चल रहा है, क्योंकि वर्तमान समय में हर गली कूचे में ऐसे नेता पैदा हो रहे हैं जिनमें समाज के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा भरा है। हर सिक्के के 2 पहलू होते हैं तो हमारी नेतागिरी के भी दो पहलू हैं। माहेश्वरी समाज के छोटे-बड़े हर नेता के अंदर समाज का काम करने के अलावा एक 'श्रेय' लेने का भाव है जो वह हमारे खुद के ही कार्यों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जब हम नेता बनने की कवायद में हों तो यह बात भूल जाते हैं कि हमारे साथ जो लोग काम कर रहे हैं, उनका प्रयास हमारे योगदान से कम मायने नहीं रखता है। बेशक हम पूर्व पदाधिकारियों से बड़ा कार्य कर पा रहे हैं और वर्तमान पदाधिकारी के कार्य ज्यादा दिख रहे हों, तो हमें यह भी याद रखना चाहिए कि इस जमीन को उर्वरा बनाने, खाद पानी देकर सींचने वाले पूर्व पदाधिकारी और भामाशाह भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। हमारा नेतृत्व तभी सफल कहा जा कहा जा सकता है जब हमारे प्रबल प्रतिद्वंद्वी भी हमारी तारीफ करने लगें।

**- महावीर समदानी**, भीलवाड़ा

## जो विधानानुसार कार्य कर सके



समाज का नेतृत्व ही समाज के भविष्य का निर्धारण करता है। अतः उसमें श्रेष्ठ गुण जरूरी हैं। वह विधान की पालना करने वाला अर्थात समय पर नवीन कार्यकारिणी का गठन करने में सक्षम हो। अनुभवी एवं संतोषी स्वभाव हो। आवश्यकतानुसार अर्थ सहयोग भी कर सके। सबको साथ लेकर चलने वाला हो। शारीरिक रूप से स्वस्थ होकर आवश्यकतानुसार कार्य कर सके। अच्छा प्रशासक हो व लेखन का पूर्ण जानकार हो। सदस्यों में विश्वास की भावना पैदा कर सके। एक पद पर दूसरी बार चयन का प्रयास नहीं करे। 60 वर्ष से अधिक आयु का न हो। संयुक्त परिवार प्रथा के तहत परिवार का सदस्य हो। वह 5 बालक/बालिका का पिता/भ्राता हो ताकि हमारी पहचान हो सके। जहां कर्म करता हो वहीं नेतृत्व करे ऐसा व्यक्ति हो। **- रामकुमार जागेटिया**, भीलवाड़ा

## सभी को मिले अवसर



कोई भी व्यक्ति सर्वगुण संपन्न नहीं होता है तो फिर समाज में नेतृत्व कैसा होना चाहिए यह विचारणीय प्रश्न है। समाज में कई नेतृत्ववान क्षमता के धनी व्यक्तित्व होते हैं, जिनमें वाणी, वर्तन, चातुर्यता, मिलनसारिता, सभी को साथ लेकर चलने और निभाने की क्षमता और सामर्थ्य होती है। फिर भी समाज में तन-मन-धन से सभी बराबर नहीं होते। जो मेहनती होते हैं उनके पास धन का अभाव होता है। जिनके पास धन होता है उनके पास श्रम क्षमता नहीं होती। जिनके पास दोनों श्रम व धन हैं, वे मन से तैयार नहीं होते। ऐसे में सभी को यथोचित गुण के हिसाब से समाज में सेवा का मौका देना चाहिए, ताकि समाज में उमंग व सरसता बनी रहे। चूंकि जिस प्रकार हाथ की पांचों अंगुलिया बराबर नहीं होती पर मुट्ठी बांधने पर एक जैसी हो जाती हैं, उसी प्रकार समाज को एक सूत्र में संगठित रूप से सभी को साथ लेकर चलने वाला नेतृत्व होना चाहिए।

**- मनोज जागेटिया**, भीलवाड़ा

## नेतृत्व का काम हुकूमत करना नहीं



नेतृत्व का उद्देश्य लोगों को सही रास्ता बताना है, हुकूमत करना नहीं। अक्सर हम देखते हैं कि कोई सामाजिक संस्था हो या कोई संगठन या कोई राजनीतिक पद, इन सब पर जो भी व्यक्ति मनोनयन, चयन या चुनाव द्वारा काबिज होता है तो उसके बाद उसका रुतबा ही बदल जाता है। उसको ऐसा लगता है कि मैं तो राजा हूं और बाकि सब प्रजा। अक्सर पद पाकर व्यक्ति अपने मद में इतना मगरूर हो जाता है कि अपने नैतिक कर्तव्यों का समुचित निर्वहन करने में असफल रहता है। नतीजन आवाम को फिर से बदलाव की जरूरत महसूस करती है। अगर हमें समाज, संगठन या विधि द्वारा स्थापित कोई भी प्रावधान के अंतर्गत कोई भी पद मिलता है तो निश्चय ही यह हमारी खुशनसीबी है। मेरे विचार से हमे पद ग्रहण करके अपने स्वभाव में विनम्रता लानी चाहिये, उग्रता नहीं। **- डॉ. राधेश्याम लाहोटी**, नौखा

अध्यक्ष-माहेश्वरी युवा संगठन

## समाज को मिले सशक्त नेतृत्व



समाज का नेतृत्व करना जितना गौरवपूर्ण है, उतना ही जिम्मेदारी भरा और महत्वपूर्ण भी। क्योंकि यही समाज निर्माण, उत्थान, समाज को नये आयामों तक ले जाने में अपनी भूमिका प्रदान करता है। इसलिए समाज का नेतृत्व कुशल एवं सशक्त हो, यह नितांत अनिवार्य है। साथ ही निर्णय लेने की क्षमता, समाज के कार्यों को सुचारु रूप से चलाने की सक्षमता, समाज के प्रति जागरुकता, कर्तव्यनिष्ठा, निःस्वार्थ भावना और संकल्पबद्धता हो। समाज हित में निर्णय लेने की साहसिकता हो। समाज का नेतृत्व करने वाले प्रतिनिधियों का प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं वाकपटुता समाज के लोगों को आकर्षित करती है, जिससे वे उनकी बात सुनते, समझते हैं। नेतृत्व में बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं हर वर्ग की विचारधारा का समावेश होना चाहिए। नेतृत्व में सहनशीलता होनी चाहिए जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रतिक्रियाओं को सहजता से स्वीकार करें। समाज की आंतरिक समस्याओं को शांतिपूर्वक सुलझाना, गुटबाजी तथा पक्षपात न होने देना सफल नेतृत्व का पर्याय है। सबसे बड़ी बात "समाज का नेतृत्व हो ऐसा जो बनाये रखे एकजुटता।"

**- रेखा मंत्री**, गुंटूर (आंध्रप्रदेश)

## जो भगवान महेश के आदर्शों को अपनाएं



'जो विष पीकर करते हैं, अमृत बूंदों की रखवाली'। हमारी जाति के जन्मदाता जिस तरह परिवार के मुखिया हैं और नेतृत्व करते हैं, बिल्कुल वैसा ही समाज का नेतृत्वकर्ता होना चाहिए। साहसी, स्वनियंत्रित, सकारात्मक व सहानुभूतिपूर्ण सोच, वाणी में मिठास, शालीन व्यवहार जो कि नेतृत्वकर्ता को समूह में स्वीकृति दिलाता है। हर काम को 'सबके लिए' की भावना से करे, अहम से दूर रहकर स्वयं को समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुलभ करवाए, संपर्क में रहे, समाज के प्रबुद्धजनों के अनुभवों का लाभ लेकर समयानुसार ठोस योजना बनाकर तय समय में पूर्ण करे। समाजसेवा में तन, मन, धन सभी चाहिये परंतु धनवानों का काम भी मन और तन वालों से ही पूरा होता है। अतः श्रमशील कार्यकर्ताओं की उपेक्षा न करें। जैसे शिव परिवार में विपरीत स्वभाव वाले भी अनुशासन में रहते हैं। वैसे ही नेतृत्वकर्ता भी स्वानुशासित रहकर निष्पक्ष सोच रखें। **- मधु ललित बाहेती**,


राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य संयोजिका



## खुश रहें... खुश रखें...

# हनुमानजी से सीखिए कहाँ बड़ा और कहाँ छोटा होना है

वर्तमान समय में आदमी यह भूल गया है कि कहां बड़ा होना और कहां छोटा होना है। समाज में कई लोग प्रतिष्ठित, मान्य और ख्यात होते हैं। काम-धाम के बाद घर आते हैं, तो इसकी अकड़ और ऐंठ लेकर आ जाते हैं। यहीं से परिवार के सदस्यों से झगड़ा हो जाता है। घर में, परिवार में परस्पर सम्मान का व्यवहार होना चाहिए। अपनी-अपनी जगह सभी का महत्व है।



पं. विजयशंकर मेहता
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

कहां बड़ा होना और कहां छोटा यह एक कला है। हमारे हनुमानजी इसमें बहुत दक्ष हैं। सुंदरकांड के एक प्रसंग से हम सीख सकते हैं। अशोक वाटिका में हनुमानजी और सीताजी की चर्चा चल रही थी। वे सीताजी को धैर्य बंधा रहे थे किंतु सीताजी का आत्मविश्वास लौट नहीं रहा था।

हनुमानजी ने कहा, ''माँ भरोसा रखें, प्रभु श्रीराम आएँगे और आपको ले जाएँगे। वैसे तो मैं आपको यहां से ले जा सकता हूँ किंतु श्रीराम की ऐसी आज्ञा नहीं है। वे वानरों के सहित आएँगे और राक्षसों का नाश करके आपको ले जाएँगे।''

तब सीताजी ने कहा, ''राक्षस बहुत बलवान हैं और वानर तुम्हारी तरह छोटे-छोट होंगे, इसलिए मुझे संदेह है।''

इतना सुनते ही हनुमानजी ने अपने शरीर को पर्वत के समान विशाल कर दिया। देखकर सीताजी के मन में विश्वास हो गया। हनुमानजी तत्काल छोटे हो गए। उन्हें लगा कि कहीं सीताजी यह नहीं समझ लें कि मैं अपनी बड़ाई कर रहा हूं।

अगली ही पंक्ति में हनुमानजी ने स्पष्ट किया-सुनु माता साखामृग नहिं बल बुद्धि बिसाल, प्रभु प्रताप तें गुरुड़हि खाइ परम लघु ब्याल। यानी हे माता सुनो, वानरों में बहुत बल-बुद्धि नहीं होती परंतु प्रभु के प्रताप से बहुत छोटा सर्प भी गरुड़ को खा सकता है। इस तरह जो लोग अपनी बड़ाई, श्रेष्ठता को परमात्मा से जोड़ देते हैं उन्हें अहंकार नहीं आता और उनकी परमात्मा से नजदीकी बढ़जाती है।

खाना-खज़ाना

# मुंबई वडापाव



**सामग्री -** चने की दाल-आधा कप, हरा धनिया-2-3 टेबल स्पून बारीक कटा हुआ। हरी मिर्च-2 बारीक कटी हुई, नमक-1/2 छोटी चम्मच (स्वादानुसार), लाल मिर्च पाउडर-1/4 छोटी चम्मच, अदरक-आधा इंच टुकड़ा कद्दूकस किया हुआ, धनिया पाउडर-आधा छोटी चम्मच, हींग-1 पिंच से भी कम।

**विधि-** चने की दाल को धोकर, रातभर या 5-6 घंटे पानी में भीगो दीजिए। भीगी हुई चने की दाल से अतिरिक्त पानी निकाल दीजिये, और दाल को बिना पानी डाले हल्की दरदरी पीस लीजिये, अगर दाल ज्यादा सूखी लगे तो 1-2 टेबल स्पून पानी डाला जा सकता है। पिसी दाल में नमक, हरी मिर्च, अदरक, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हरा धनिया और हींग डालकर अच्छी तरह मिक्स होने तक मिक्स कर दीजिये। कढ़ाई में तेल डालकर गरम करने रख दीजिये। वड़े बनाने के लिए एक प्याली पर सूती कपड़ा रख कर पीछे से कसकर पकड़ लेंगे। प्याली के ऊपर लगे कपड़े पर पानी लगाकर गीला कर लेंगे। दाल के मिश्रण से थोड़ा सा एक नीबू के बराबर मिश्रण उठाएंगे और गोल करके प्याली पर लगे कपड़े के ऊपर रखेंगे और अंगुलियों की सहायता से गोल आकार दे देंगे। गोल वड़े को सावधानी पूर्वक कपड़े से उठाकर, गरम तेल में डालिये, दूसरा वड़ा भी इसी तरह तैयार करके तेल में डालिये। वड़ों को हल्के ब्राउन होने तक, 70 प्रतिशत तक तलकर निकाल लीजिये। सारे वड़े इसी तरह तल कर तैयार कर लीजिए। तले हुये वड़ों को आधा इंच के लंबाई में टुकड़े काटकर तैयार कर लीजिये और अब जब भी वड़े खाने हों या जब भी मेहमान आ जाय, कटे हुये वड़े कढ़ाई में डालिये और क्रिस्प होने तक तलकर निकाल लीजिये। वड़े तैयार हैं। अब पाव को बीच में से काटकर टमेटे सॉस लगाकर हरे मिर्ची की चटनी लगाएं। वडा बीच में रख लीजिए। शाही, लजीज, मुंबई वडा पाव तैयार है।



▸▸ पुनम राठी, नागपुर
9970057423

# आपणी बोली



- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर

## बलात्कारियों ने कड़ीं सूं कड़ीं सजा

खम्मा घणी सा हुक्म आपा सब इण बात सुँ वाकिफ हां कि आज रो युग शिष्टाचार रो युग नहीं बलात्कार रो युग है। **'बलात्कार'** इण एक शब्द ने '3 इंडियटस' फिल्म हिट कर दी... यूँ लागे आज कलियुग परवान चढ़ग्यो है जिने आपा वास्तव में बलात्कार, दुष्कर्म और जोर-जबरदस्ती रो युग कह सका और ये सब काम दबंग, शक्तिशाली और हिंसक मानसिकता वाला ही कर सके...

हुक्म बलात्कार केवल शारीरिक ही नहीं हुवे मानसिक, आर्थिक, सामाजिक व वैज्ञानिक भी हुवे, राजनेता सता रे साथे बलात्कार करे, अफसर फाईलों रे साथे दुष्कर्म करे, व्यापारी ग्राहको रे साथ जोर-जबरदस्ती करे.... अगर सही कहुं तो हुक्म सारी जनता ही बलात्कार री शिकार हुँ रही है। बलात्कार रा कई रूप व्हे हुक्म। एक मनोचिकित्सक बतायो कि "सिर्फ शारीरिक अपराध मात्र बलात्कार नहीं है मुल रूप सुं किन्है भी बदनाम करनो अपमानित करनो, निचो दिखाणो, अपनी दबगांई साबित करण को प्रयास बलात्कार रो ही रूप है, या हिंसा री प्रवृति ही आगे जाने विकराल रूप धारण करें"।

आज समाज में हिसा, बलात्कार, अपहरण री घटना दिनों--दिन क्यों बढ़ती जा रही है इण पर सख्त विचार करण री जरूरत है। सैकड़ो मामला तो दब जावे और जिका अदालतो तक पहुंचे उनमें मात्र तीन प्रतिशत ने सजा मिले जिनमें जीवन रा आधो सूं ज़्यादा समय तो पेशीयां में ही निकल जावें या जमानत पर रिहा हूं जावे। कई बार तो अपराधी पकड़यो ही नहीं जावें फरार हूं जावे।

हुक्म हिसांत्मक फिल्म् निर्माताओं रे खिलाफ सरकार ने कठोर कार्यवाही करणी चइजे। पश्चिम रा अंधा अनुकरण करणे रे कारण ही  समाज री या हालत हुई, तीन साल री और नाबालिग बच्चियां शिकार हो रही है। हुक्म विदेशो में तो एड़ी जुर्म री कड़ी सजा मिले पर आपा सिर्फ मोमबत्ती, नारा, भूख हड़ताल करने रेह जावा कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आवे।

मेन पावर, मनी पावर, मसल पावर जिने पास में है उने वास्ते बलात्कार मामुली चीज है, पर शासन रो पावर इण सबरे माथे जिण दिन भारी पड़ी यानि हर व्यक्ति जो घिनोना कार्य करे फांसी री सजा नही मिले तब तक बलात्कारियाँ री दबंगाई समाज पर युं ही बणयोंड़ी रेवेला। सज़ा रे साथे सरकार ने बलात्कार रा अन्य सामाजिक, मानसिक कारणों पर भी विचार करणो चईजे। यौनिक अतृप्ति ज़दे हिंसा रे साथे जुड़ जावे, वठे बलात्कार री परिणीति हुवे। विचार करिजो सा...

# मुलाहिज़ा फ़रमाइये



▸▸ ज्योत्सना कोठारी
मेरठ

*कोई समझे तो एक बात कहूँ जनाब*
*तनहाई से सौ गुना बेहतर है... मतलबी लोगों से।*

*तू ज़रा हाथ मेरा थाम के देख तो सही...।*
*लोग जल जायेंगे, महफ़िल चिराग़ों की तरह।।*

*उनके नखरों से बेहतर तो..गणित की किताब थी,*
*देर से ही सही समझ तो आती थी।*

*कैसे कह दूँ मेरी दुआ बेअसर हो गई...*
*मैंने जब जब उसको याद किया.. उसे खबर हो गई।*

*तू जरा हाथ मेरा थाम के देखा तो सही...।*
*लोग जल जायेंगे, महफ़िल में चिराग़ों की तरह...।।*

*जिंदगी को खुला छोड़ दो... जीने के लिये*
*बहुत संभाल के रखी चीज़ वक्त पर नहीं मिलती।*

*पहले तराशा कांच से उसने मेरा वजूद फिर शहर*
*भर के हाथों में पत्थर थमा दिए।*

*मिली हैं रूहें तो, रस्मों की बंदिशें क्या है,*
*यह जिस्म तो ख़ाक हो जाना है फिर रंजिशें क्या हैं,*

*है छोटी सी ज़िन्दगी तकरारें किस लिए,*
*रहो एक-दूसरे के दिलों में यह दीवारें किस लिए,*



राशिफल

# संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
(ज्योतिर्विद)
फोन : 0734-2515326

## मेष

यह माह आपके लिए प्रियजनों से भेंट। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। अचानक यात्रा प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता मिलेगी। त्वरित निर्णय से लाभ होगा। जीवन में एक नई दिश मिलेगी। व्यापारिक सुधार हागा। अधिक खर्च से कर्म लेना पड़ सकता है। संतान के कार्यों में उन्नति से प्रसन्नता मिलेगी। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में संलग्न रहेंगे। जीवन साथी का स्वास्थ्य नरम गरम बना रहेगा। झूठे आरोप लगने से परेशानी बनी रहेगी।



## वृषभ

यह माह आपको पारिवारिक सुख मिलेगा। नए संपर्क बनेंगे। संतान सुख प्राप्त होगा। सभी कार्य आसानी से बन जाएंगे। मांगलिक कार्य में भाग लेंगे। उन्नति के नए अवसरर प्राप्त होंगे। धन लाभ होगा। सरकारी व निजी कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनों से मतभेद बना रहेगा। मान-सम्मान प्राप्त होगा। वाद-विवाद एवं मुकदमे से परेशानी उठानी पड़ेगी। शत्रु से भय बना रहेगा। चोट आदि से सावधान रहें। विपरीत योनी की ओर अधिक रुझान बना रहेगा। यात्रा के सुअवसर प्राप्त होंगे।



## मिथुन

यह माह आपक लिए सामान्य रहेगा। विवाहिद में विलंब होगा। चोट का भय मन अस्थिर बना रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। जीवन साथी को कष्ट रहेगा किंतु रुका धन मिलेगा। शुभ कार्य में खर्च धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। माता-पिता का आशीर्वाद से उन्नति मिलेगी। मित्रों के सहयोग से बिगड़े कार्य बन जाएंगे। आलस्य को छोटे भाई परिवार से सहायता की अपेक्षा न करें जीवन में जल्दबाजी से कोई कार्य न करें।



## कर्क

यह माह आपको धन लाभ मान-सम्मान यश बढ़ेगा। स्थिति उन्नति से प्रसन्न होंगे। नये कार्य करेंगे जीवन में नया मोड़ आएगा। मकान खरीदेंगे जीवन साथी से लाभ ओर आनंद से समय व्यतीत करेंगे। अचानक यात्रा करेंगे। उदर-विकार से परेशानी होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी खर्च अधिक होगा। शत्रु से परेशानी बनी रहेगी। साझेदारी से दूर रहें नहीं तो हानि उठाना पड़ेगी। रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा।



## सिंह

यह माह शुभ कार्य, धार्मिक उत्सवों में भाग लेंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि शुभ समाचार मिलेगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य सुख प्राप्त होगी। परीक्षा में सफलता मिलेगी। नए संपर्क से नए अवसर पर मिलेंगे तथा मन प्रसन्न होगा। यात्रा के सुअवसर प्राप्त होंगे। भाग दौड़ अधिक बनी रहेगी। नौकरी के लिए समय अनुकूल है। आमोद-प्रमोद पर अधिक खर्च रहेंगे। जोड़ों का दर्द वात रोग से परेशानी रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी।



## कन्या

यह माह आपके लिए सुख-समृद्धि बढ़ेगी। मनोकामना पूर्ण होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्ष्ज्ञा में सफलता और खुशी मिलेगी। मांगलिक कार्य होंगे। परिवार में मनोविनोद का वातावरण बनेगा। अतिथि आने की संभावना रहेगी। पराक्रम बढ़ेगा। संतान की चिंता रहेगी। स्त्री से सहयोग से लाभ होगा सरकारी कार्यों से लाभ परिश्रम से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता मित्र सहयोग नहीं करेंगे। माता-पिता की चिंता बढ़ेगी।



## तुला

यह माह नया कार्य प्रारंभ करेंगे। विलासिता एवं मनोरंजन पर खर्च करेंगे। प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। विपरीत योनी ओर रुझान बना रहेगा। स्थान परिवर्तन के योग सुख समृद्धि बढ़ेगी। संतान सुख मिलेगा। जीवन साथी से लाभ एवं प्रसन्नता मिलेगी। शत्रु से सावधान रहें। सरकारी कार्यों से लाभ होगा। कार्यों में विलंब से चिंता बढ़ेगी। खर्च की अधिकता बनी रहेगी। यात्रा के सुअवसर प्राप्त होंगे। विवाद से बचें सोच समझकर कार्य एवं निर्णय लेंगे।



## वृश्चिक

यह माह आपके लिए मिश्रित फलदाय रहेगा। प्रभाव एवं अधिकार क्षेत्र बढ़जाने से व्यवस्तता भी बढ़ेगी। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। विशिष्टजनों से भेंट होगी। जीवन साथी और बच्चों से वैचारिक मतांतर रहेंगे। अचानक यात्रा होगी। चोट लगने का भय दाम्पत्य सुख में कमी आएगी। खर्च की अधिकता के कारण मानसिकता तनाव बना रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को छात्रवृत्ति मिलने के योग है। हर किसी पर विश्वास न करें। बड़ों के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी।



## धनु

यह माह लंबी यात्रा होगी। संतान के कार्यों से लाभ परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मित्र एवं परिवार का सहयोग से लाभ होगा। जीवन साथी का पूरा सहयोग रहेगा। दाम्पत्य सुख प्राप्त होगा। किंतु परिश्रम के उपरांत भी सफलता कम मिलेगी। खर्च बढ़ेगा शारीरिक कष्ट की समस्याएं बढ़ेंगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। संपत्ति संबंधी कार्यों में सतर्क रहें। धोखा मिल सकता है। यात्रा की संभावना रहेगी। व्यर्थ के तनाव से दूर रहें।



## मकर

यह माह पराक्रम में वृद्धि। स्त्री से सहयोग से लाभ शुभ समाचार मिलेगा। संतान की उन्नति से प्रसन्न होंगे। स्थान परिवर्तन मेलजोल से लाभ परीक्षा में सफलता। माता से वैचारिक मतान्तर। चोट लगने का भय वाहन सुख, मकान सुख प्राप्त होगा। दैनिक कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रिय वस्तु खो जाने का दुख होगा। आलस्य बढ़ेगा। आय घटेगी और व्यय अधिक होगा। व्यापार यथावत रहेगा। शत्रु से सतर्क रहें। सोच-समझकर कार्य करे नहीं तो हानि उठाना पड़ेगी।



## कुम्भ

यह माह मान-सम्मान यश बढ़ेगा। रचनात्मक कार्यों करेंगे। लाभ की स्थिति सुदृढ़होगी। कार्य क्षमता के साथ आय बढ़ेगी। नए संपर्कों का लाभ अचानक लाभ एवं यात्रा होगी। संतान सुख मिलेगा। परिवार के साथ प्रसन्नता से समय व्यतीत होगा। किसी पर भी विश्वास करना हानिकारक रहेगा। संपत्ति का विवाद सुलझेगा चतुरता से हानि को लाभ में बदलेंगे मित्रों का सहयोग मिलेगा। उदर-विकार से परेशानी हो सकती। आर्थिक सफलता से संतोष होगा। समय अनुकूल है। सक्रिय होकर कार्य करें।



## मीन

यह माह आपको भाग दौड़ अधिक रहेगी। व्यर्थ की चिंता खर्च की अधिकता बनी रहेगी। लाभ के साथ यात्रा करेंगे उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मित्रों के सहयोग से रुके कार्य पूरे होंगे। संतोन सुख प्राप्त होगा। कार्य में उन्नति होने पर खुशी मिलेगी। माता-पिता एवं जीवन साथी से वैचारिक मतांतर बने रहेंगे। पारिवारिक परेशानी से मानसिक तनाव बना रहेगा।



## श्रीमती बसंताबाई बांगड़



**मानवत .** समाज की वरिष्ठ श्रीमती बसंताबाई-बिहारीलाल बांगड़ का 90 वर्ष की आयु में गत 22 मई को देहावसान हो गया। आप सामाजिक तथा धार्मिक कार्यों में अत्यंत रुचि रखती थीं। आप अपने पीछे पुत्र संजयकुमार, पौत्र प्रतीक, प्रवीण, वेदांत सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## सीए श्री अशोककुमार दाखेड़ा



**जयपुर.** उलेला निवासी समाज के वरिष्ठ श्याम दाखेड़ा के सुपुत्र सीए श्री अशोक दाखेड़ा का आकस्मिक निधन गत 14 मई को हृदयाघात से हो गया। उनके निधन से जहाजपुर तहसील एवं जयपुर में शोक छा गया।

## श्री कैलाशचंद्र देवपुरा



**उदयपुर (राज.).** समाज सदस्य कैलाशचंद्र देवपुरा ज्येष्ठ पुत्र मोहनलाल देवपुरा (सीए) अध्यक्ष उदयपुर जिला माहेश्वरी सभा का 51 वर्ष की अल्पायु में गत 24 मई को प्रातः आकस्मिक हृदयाघात से देहावसान हो गया। आप अपने पीछे धर्मपत्नी किरण, माता-पिता (मोहनदेवी-मोहनलाल देवपुरा), अनुज राजेश एवं दिनेश, पुत्री-पुत्र लविका एवं चित्रांक सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## चांदबाई नवाल



**गुलाबपुरा.** ईश्वर दयाल, पुरुषोत्तमदयाल, परमदयाल, रामदयाल नवाल की माता श्रीमती चांदबाई नवाल का 91 वर्ष की अवस्था में देवलोक गमन गत 11 जून हो हो गया। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## श्री शशांक पटवारी



**भीलवाड़ा.** अशोक, दिनेश, अनिल पटवारी के भतीजे एवं शिवप्रसाद पटवारी के सुपुत्र श्री शशांक पटवारी का आकस्मिक निधन एक सड़क दुर्घटना में गत 18 जून को हो गया। शशांक सीए फाइनल में अध्ययनरत थे। इस घटना से संपूर्ण समाज में शोक की लहर छा गई।

## श्री फतेहलाल डाड



**हुरडा.** समाज सदस्य रामराय डाड के अग्रज व कैलाश, अशोक, दिनेश के पिता फतेहलाल डाड का देवलोक गमन गत 12 जून को 75 वर्ष की अवस्था में हो गया। वे काफी समय से बीमार थे। अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।


महेश नवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं






Sudarshnam



जगदीश प्रसाद सोमानी
पूर्व अध्यक्ष
भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा
मो. 98282-33803

by

Shreeji Buildmart Pvt. Ltd.

Shreeji Tower, Pur Road, Bhilwara - 311001
Ph. : 01482-246676, 246967
E-mail : shreejisulz@gmail.com



ASHOK SOMANY



AAKASH SOMANY


ASHOK SOMANY

SOMANY IMPEX
Stone that stuns

# M/s. ASHOK SOMANY & Co.

**Mining of Natural Stone & TIles**

Khol House, Circular Road, Rewari - 123401 (Hry) Vill-Kund, Distt. - Rewari (Hry)
Tel. : 01274-225385, Mob. : 981245677, Res. : 01274-260088, 260048
Email : accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com

# SOMANY NATURAL STONES (I) Pvt. Ltd.

**All Kind of Natural Stone & Tiles**

Plot No.5, Delhi Rewari Road, Rewari-12340 1 (Hry)
Mobile : 9812345677, 9812028488
Email : mines@sonanyimpex.ind.in I somanyimpex@gmail.com

# SOMANY IMPEX

**Exporter of All Kind of Natural Stoen &Tiles**

Khol House, Circular Road, Rewari-123401 (Hry), Unit-Khol Road, Vill-Kund, Distt. - Rewari (Hry)
Tel.: 01274-225385, Mob. : 9812028488, 9215689102
Email: accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com

# DEVVRAT OVERSEASE

**All Kind of Natural Stone & Tiles**

Vil. Mehtawas, Mehtawas Road (Raj), Mobile : 9812345677, 9812025385
Email: mines@sonanyimpex.ind.in I somanyimpex@gmail.com

# SOMANY (P.G ) INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT

**Running B.Tech & M.Techinfidderent Discilines of Engineering**

Near Delhi-Jaiur Highway No. 8, Beside 3 km, From Rwawri City, Rewari (Hry) Tel. 01274-261239, 261781
Fax: 01274-261239, Mob. 9541069998
Email : Info@sitmrewari.com I admin@sitmrewari.com I accounts@sitmrewari.com







RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2017-2019
Despatch Date - 02 July 2019

If Undelivered Please Return To
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah)
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761 , Mo. : 94250-91161
E-mail : smt4news@gmail.com

https://www.facebook.com/Srimaheshwaritimesmagazine
http://srimaheshwaritimes.blogspot.in